रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 07 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 216, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

ॐ महाकर्णाय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात्।।




PR No. 335079 (Energy) 2024-25

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## हाईकोर्ट ने डीजीपी से मांगा एसओपी, कहा

# धरना-प्रदर्शन के दौरान आम लोगों को सुरक्षित रखने के लिए क्या उपाय है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने रांची में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दिन हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी के कांके रोड में जाम में फंसने मामले में डीजीपी को स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

हाई कोर्ट की खंडपीठ ने शुक्रवार को सुनवाई के बाद डीजीपी को एसओपी के माध्यम से बताने को कहा है कि धरना-प्रदर्शन आदि के दौरान आम लोगों को सुरक्षित रखने के लिए क्या उपाय किए जाएंगे। कोर्ट ने मौखिक कहा कि भीड़ का मूड कोई नहीं जानता है। इसलिए किसी खास व्यक्ति की सुरक्षा में बड़े पैमाने व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय जिला प्रशासन को आम लोगों की सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा। सभी की जान की कीमत है। आपको धरना-प्रदर्शन की तिथि की जानकारी होती है वैसे में वैकल्पिक मार्ग का भी सहारा लिया जा सकता है। जिला प्रशासन को माइंडसेट बदलने की जरूरत है। धरना -प्रदर्शन आदि के दौरान प्रशासन एक खास जगह पर सिर्फ फोकस ना करें।

कोर्ट ने कहा कि गुड गवर्नेंस के तहत लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन करने की जरूरत है ताकि सोसाइटी सुरक्षित रहे। साथ ही जिस किसी खास जगह पर धरना-प्रदर्शन या कार्यक्रम हो रहे हैं वहां पुलिस बल की पूरी तैनाती होनी चाहिए ताकि भीड़ को कोई मौका ना मिले।

कोर्ट ने मामले में डीजीपी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनाई 20 सितंबर निर्धारित की है। रांची में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दिन हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी के कांके रोड में जाम में फंसने मामले में रांची डीसी, डीजीपी, रांची एसएसपी, ट्रैफिक एसपी हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए थे। कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच के पास भेज दिया था। उसे दौरान डीजीपी ने कोर्ट से कहा था कि दोबारा ऐसी घटना नहीं होगी।




*भीड़ का मूड कोई नहीं जानता है। इसलिए किसी खास व्यक्ति की सुरक्षा में बड़े पैमाने व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय जिला प्रशासन को आम लोगों की सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा।*

**कोर्ट**

### बड़ा तालाब की लगातार सफाई पर ध्यान दे सरकार : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को कोर्ट रांची में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ-सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने बड़ा तालाब में फिर से बदबू आने को गंभीरता से लेते हुए मौखिक कहा कि सरकार को बड़ा तालाब की लगातार सफाई पर पूरा ध्यान देना चाहिए। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम से पूछा कि रांची के बड़ा तालाब से फिर बदबू क्यों आ रही है? इसके आसपास के सभी नाली के गंदे पानी को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से क्यों नहीं जोड़ा गया है? सिर्फ बड़ा तालाब के बगल की एक नाली को वॉटर ट्रीटमेंट से जोड़ने से से काम नहीं चलेगा?

### पूर्व आईपीएस की पीआईएल पर हुई सुनवाई



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में भाजपा के राष्ट्रीय नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण उरांव की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस बीआर सारंगी और जस्टिस अरुण कुमार राय की बेंच में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से देश के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की। उन्होंने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह करते हुए जनहित याचिका की मेंटब्लिटी पर सवाल उठाया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने कहा कि याचिका दायर करने वाला व्यक्ति एक रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी हैं। इसलिए मेंटब्लिटी का सवाल नहीं उठता। अरुण उरांव ने अपनी जनहित याचिका में कहा है कि झारखंड में पिछले कुछ समय से केंद्रीय एजेंसी ईडी ने कई बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामले सामने आए हैं।

## हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए जेएसएससी के अध्यक्ष, रखा पक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड हाई कोर्ट की एकल पीठ में शुक्रवार को झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) के अध्यक्ष प्रशांत कुमार सशरीर उपस्थित हुए। उन्होंने पीठ को बताया कि जेएसएससी ने हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन कर लिया है। जेएससीसी ने कल शाम ही स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 का 26 विषयों का स्टेट मेरिट लिस्ट जारी कर दिया है। याचिकाकताओं ने कोर्ट से कहा कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में कुछ गड़बड़ियां हैं, जिस पर कोर्ट ने याचिकाकताओं को अपनी आपत्ति पर संक्षिप्त शपथ पत्र दाखिल करने के लिए 18 सितंबर तक का समय दिया। साथ ही जेएसएससी को कोर्ट ने छूट दी है कि वह प्रति उत्तर 24 सितंबर तक दाखिल कर सकता है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में 26 सितंबर में जेएसएससी अध्यक्ष की उपस्थिति को खत्म कर दिया। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की जबकि जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पैरवी की। बीते गुरुवार को मीना कुमारी एवं अन्य याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि जेएसएससी ने हाई कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया है। जेएसएससी ने स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 का राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट की बजाय अभ्यर्थियों का अलग-अलग स्कोर कार्ड जारी किया है जबकि पिछली सुनवाई में जेएसएससी ने वर्ष 2016 के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करने पर सहमति जताते हुए इसे अपने वेबसाइट पर अपलोड करने की बात कही थी। कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर जेएसएससी अध्यक्ष को शुक्रवार को तलब किया गया था। झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व में जेएसएससी को वर्ष 2016 के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट जारी करने का निर्देश दिया था। मामले में मीना कुमारी समेत सात याचिकाओं की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने पूर्व में कहा था कि इससे संबंधित सोनी कुमारी की अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट बनाकर हाई स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।

### रमेश मुंडा हत्याकांड की अगली सुनवाई 20 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में शुक्रवार को पूर्व मंत्री सह तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड की सुनवाई हुई। मामले में एनआईए के गवाह नंबर 87 का बचाव पक्ष की ओर से जिरह किया गया।

लगातार चार निर्धारित तारीखों में गवाह का जिरह बचाव पक्ष के वकीलों ने किया।

गवाही पूरी होने के बाद अदालत ने गवाहों को डिस्चार्ज किया। साथ ही मामले में अगली सुनवाई की तारीख 20 सितंबर निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि 9 जुलाई, 2008 को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या बुंडू के स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने गोली मारकर कर दी थी।



### चंपाई सोरेन की सुरक्षा में नहीं हुई है कोई कटौती

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को जेड प्लस सुरक्षा श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध है। उनको मानक के अनुसार सुरक्षा बल उपलब्ध कराया गया है। कतिपय मीडिया माध्यमों से इस प्रकार की खबर चलायी जा रही है कि उनकी सुरक्षा में कटौती की गई है, जो निराधार एवं तथ्यहीन है। उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी नही की गई है। चम्पाई सोरेन के पास वर्तमान में जेड प्लस सुरक्षा श्रेणी की अनुमान्य सुरक्षा बल उपलब्ध है। यह जानकारी पुलिस मुख्यालय की ओर से दी गयी है।



### मुख्यमंत्री से मिले रांची विवि के कुलपति

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।



### मुख्यमंत्री ने मिलने आए लोगों की सुनी समस्याएं

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को अपने कांके रोड स्थित आवास पर लोगों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और उसे दूर करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। जानकारी के मुताबिक सुबह में 24 लोग मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंचे। सभी को आवास के भीतर ले जाया गया और इसकी जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अलग-अलग लोगों से मुलाकात की। उनके आवेदन देखे और कार्रवाई का निर्देश दिया, जो लोग आवेदन लेकर नहीं आये थे, उनकी बातों को सुनकर अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया।

## मुख्यमंत्री 10 को सरायकेला में करोड़ों की परिसंपत्ति का करेंगे वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड अंतर्गत काजू मैदान डोबो में 10 सितंबर को होने वाली आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। वे काजू मैदान में आपकी-योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों तथा स्वीकृति पत्र वितरण करेंगे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को कोल्हान के प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केसरी, कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे, सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, पश्चिमी सिंहभूम उपायुक्त कुलदीप चौधरी, उप विकास आयुक्त पूर्वी सिंहभूम के मनीष कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पश्चिमी सिंहभूम, पुलिस अधीक्षक सरायकेला खरसावां मुकेश कुमार लूणायत ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

मौके पर कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, अस्थाई हेलिपैड, वाहन पार्किंग तथा यातायात परिचालन, कार्यक्रम स्थल तक आवागमन की अलग-अलग व्यवस्था आदि के संबंध में बिंदुवार चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कोल्हान के प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केशरी ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी अपने स्तर से तैयारी पूर्ण कर लें। निरीक्षण के दौरान विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने, सम्मानित जनप्रतिनिधियों व लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजलापूर्ति, चलंत शौचालय, मेडिकल टीम, अग्निशमन दल तथा एंबुलेंस की उपलब्धता, आवश्यक जगहों पर बैरिकेडिंग, आवश्यक सिनेज के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त करने की बात कही।

### जदयू प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य किए गए नामित

**रांची।** प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने शुक्रवार को संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए कई नेताओं को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया है। इनमें अशोक निगम, जेपी सिंह,विजय सिंह कुशवाहा, गीता देवी, केदार भुइयां, मुबारक अंसारी,नेपाल महतो, कार्तिक कुमार कम्हे, मुन्ना सिन्हा, प्रफुल मांझी,रत्ना शर्मा, अल्पना बोस, महेश्वर चौधरी, अशोक शर्मा, सुशील कुमार मंगलम, यशवंत सिंह, सीताराम रवानी शामिल हैं। खीरू महतो ने पूर्व मंत्री सुधा चौधरी को विशेष आमंत्रित सदस्य एवं आमंत्रित सदस्य में हाजी हसीब खान, केबी सहाय, योगेश शर्मा, अक्षय सिंह एवं धनंजय सिन्हा को मनोनीत किया है।

#### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर आईजी अभियान ने की बैठक, कहा

## लोगों की शिकायतों का करें त्वरित एवं प्रभावी निराकरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आईजी अभियान एवी होमकर ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में राज्य के सभी आईजी, सभी डीआईजी, एसएसपी और सभी एसपी के साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की। वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिये हुई बैठक के दौरान होमकर ने बताया कि लोगों की शिकायतें प्राप्त कर उसका त्वरित एवं प्रभावी निवारण किए जाने, लोगों की शिकायतों पर पुलिस के जरिये कृत कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को देने, तय समय सीमा में कार्रवाई नहीं होने पर वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में लाने, जिन शिकायतों पर कार्रवाई संभव नहीं हो उसकी जानकारी भी शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराने, विशेष कर पुलिस के खिलाफ लोगों की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर उसका निराकरण करने को लेकर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी जिलों के मुख्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय स्तर से भी वरीय पदाधिकारी शामिल होंगे।

## रांची में चोरी के छह आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** रांची की ओरमांझी थाना पुलिस ने चोरी के छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से चोरी की आठ बाइक बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों में रामगढ़ जिले के बडकी कुन्दरु निवासी साजीद अंसारी, हारुण अंसारी, आलम अंसारी, आफताब अंसारी और रामगढ़ के सुगिया महुआ टोंगरी निवासी कलीम अंसारी, आजाद अंसारी शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर अलग-अलग कंपनी के आठ चोरी की बाइक और दो मास्टर चाभी बरामद किये गये हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ की ओर से कुछ अपराधी अपराध करने के नीयत से ओरमांझी की ओर आ रहे है।




### दहेज प्रताड़ना के मामले में परिवार के पांच सदस्य बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी श्रुति सोरेन की अदालत ने शुक्रवार को दहेज प्रताड़ना से जुड़े सात साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए ट्रायल फेस कर रहे परिवार के पांच सदस्यों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। इसमें सूचक के पति परवेज आलम उर्फ विक्की, उसका भाई तब्बू उर्फ रिक्की, तबरेज उर्फ बंटी, साजिद एवं रौशन आरा का नाम हैं।

### गिरिडीह के उप नगर आयुक्त को पद से हटाया जाए : भाजपा



**रांची।** गिरिडीह के उप नगर आयुक्त विशालदीप खलखो को पद से हटाने के लिए भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में शुक्रवार को चुनाव आयोग पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। साथ ही मांग की कि तत्काल विशाल दीप को उनके पद से हटाया जाय और उनको चुनाव कार्य से दूर रखा जाय। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि विशाल दीप खलखो 10/7/2021 से गिरिडीह जिले में पदस्थापित हैं और अभी चुनाव का घोषणा भी नहीं हुआ है। अभी से विशाल दीप राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता ऐसा व्यवहार कर रहे हैं।

### कांग्रेस के झारखंड सह प्रभारी सप्तागिरी शंकर उल्का और डॉ वेला प्रसाद पहुंचे रांची

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड सह प्रभारी सप्तागिरी शंकर उल्का और डॉक्टर वेला प्रसाद शुक्रवार को रांची पहुंचे। रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित अन्य नेताओं ने पुष्प गुच्छ देकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर मदन मोहन शर्मा, संजय लाल पासवान, कुमार राजा, राकेश किरण महतो, सतीश पौल मुजनी, विनय सिन्हा दीपु,रमा खलखो सहित अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर दोनों झारखंड सह प्रभारी सिमडेगा के लिए रवाना हो गए।

## पीएम 15 को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर कई कार्यों का करेंगे उद्घाटन : बाबूलाल

- झारखंड के सभी प्रमंडल में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली जाएगी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सरकारी कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे भाजपा की जनसभा को भी संबोधित करेंगे। बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को जमशेदपुर महानगर अंतर्गत बिस्टुपुर के तुलसी भवन सभागार में कोल्हान प्रमंडलीय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने पार्टी की आगामी कार्ययोजना और प्रधानमंत्री मोदी के जमशेदपुर में प्रस्तावित जनसभा की विस्तृत जानकारी दी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री की सभा की सफलता के लिए पार्टी विभिन्न स्तरों पर व्यापक तैयारी कर रही है। क्षेत्रफल के नजरिये से बिस्टुपुर के गोपाल मैदान में ही सभा की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला से लेकर मंडल स्तर पर भाजपा नेताओं व कार्यकताओं की बैठकें हो रही हैं, जिसमें कार्यक्रम की सफलता को लेकर रूपरेखा बनाई जा रही है।

मरांडी ने कहा कि आठ और नौ सितंबर को कोल्हान सहित पूरे प्रदेश में प्रदेशव्यापी अभियान के तहत बूथों की बैठकें होगी, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता बूथों पर जाएंगे और बूथ समिति के साथ बैठक कर वहां मतदाता सूची और बूथ समिति की समीक्षा करेंगे। इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कहीं मतदाता सूची में कोई गड़बड़ी तो नहीं है। किसी का नाम तो नहीं कटा है। यदि नाम कटा है तो इसे जुड़वाना है। नाम गलत तरीके से जुड़ा है तो यह नाम हटवाना है। कोई नए मतदाता हो हैं तो उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ना, मतदाता सूची में कोई गड़बड़ी है तो इसकी सूचना जिला प्रशासन और पार्टी के वरीय पदाधिकारियों तक दी जाएगी। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा के झारखंड के सभी प्रमंडल में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड में चार प्रमंडल हैं। भाजपा ने संगठनात्मक लिहाज से प्रदेश को छह प्रमंडल में बांटा है।

### बच्चे और बड़े दोनों हो रहे नोमोफोबिया के शिकार

## मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग हानिकारक : डॉ शर्मा

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** मोबाइल एवं कंप्यूटर का इस्तेमाल आज के आधुनिक और भागदौड़ की जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा है। बच्चे सात से आठ घंटे और बड़े आठ से दस घंटे मोबाइल एवं इंटरनेट का प्रयोग कर रहे हैं। यह इस्तेमाल काम से संबंधित हो सकता है और मनोरंजन से भी। जो भी हो, इसका ज्यादा प्रयोग शरीर और मन दोनों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।

**सामान्यत:** दिनभर के काम के बाद लोग सोचते हैं कि रात में आराम से मोबाइल इस्तेमाल करेंगे। इसका असर यह हो रहा है कि लोग एकाकी होते जा रहे हैं। परिवार से कटते जा रहे हैं। परिवार में एक साथ बैठकर बात करना, एक-दूसरे को जानना और एक-दूसरे को समझना खत्म होते जा रहा है। इससे कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

इस संबंध में निम्हंस बेंगलुरु के डॉ (प्रो) मनोज कुमार शर्मा बताते हैं कि मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट के इस्तेमाल से शारीरिक तनाव, आंखो में जलन, शरीर में दर्द, गले में दर्द आदि की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं।



डॉ शर्मा ने कहा कि नोमोफोबिया (नो मोबाइल फीयर) का अर्थ है फोन के बिना नहीं रह पाने की अवस्था। बच्चों को मोबाइल यूज न करने देने पर गुस्सा आना, चिड़चिड़ापन होना आदि इसके लक्षण हैं। बड़े भी नोमोफोबिया से ग्रसित हो रहे हैं। सामाजिक भय, चिंता, कंपकपाहट, घबराहट, हीनभावना से ग्रसित होना इसके लक्षण हैं।

**जीरो इनबॉक्स सिंड्रोम से ग्रसित हो रहे लोग :**

डॉ मनोज ने बताया कि जीरो इनबॉक्स सिंड्रोम के शिकार लोग बार-बार मोबाइल चेक करते हैं। उन्हें हमेशा लगता है कि कुछ आया होगा। कोई खास मैसेज होगा। देखने के बाद रिस्पांस करने की आदत बन जाती है।

डॉ शर्मा ने बताया कि काम के बाद लोग रात में आराम के समय में मोबाइल यूज करना पसंद करते हैं। यह स्थिति घातक है। सोने के पहले मोबाइल देखने से 60 से 70 प्रतिशत तक लॉस ऑफ स्लीप होता है।

**लगातार वीडियो सीरीज देखना नुकसानदायक :**

प्रो शर्मा ने कहा कि बहुत सारे वीडियो सीरीज में आ रहे हैं। लोग उन वीडियो सीरीज को देखने में इतने मग्न हो जाते हैं कि समय का होश ही नहीं रहता। इससे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ जाती है। यह नुकसान शारीरिक एवं मानसिक किसी भी तरह का हो सकता है। इससे बचने का उपाय यह है कि अगर लगातार वीडियो सीरीज देखना हो, तो एक बार में 120 मिनट या तीन एपिसोड से ज्यादा नहीं देखा जाए। प्रो मनोज ने कहा कि इंटरनेट गेमिंग एक हद तक ही मनोरंजन के लिए अच्छा है। हद पार करने पर यह नशे की तरह स्वास्थ्य को नुकसान देती है।

### सप्ताह में एक दिन की डिजिटल फास्टिंग करें

डॉ शर्मा ने कहा कि जैसे सप्ताह में एक दिन उपवास करना शरीर के लिए बेहद लाभप्रद होता है, उसी प्रकार प्रत्येक परिवार को चाहिए कि एक दिन की डिजिटल फास्टिंग रखें। यानी, एक दिन बिना स्क्रीन के अपने परिवार के साथ बिताएं। इससे बहुआयामी लाभ मिलेंगे। परिवारिक सौहार्द्रता बढ़ने के साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी उतम बना रहेगा।

### लगातार कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम करना पड़ता हो, तो करें ये जरूरी उपाय

डॉ मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि आपका काम अगर इस प्रकार का है कि लगातार स्क्रीन के सामने बैठना पड़ता है, तब हर 40 मिनट के बाद आंखों की पलकों को 10 बार तेजी से झपकाएं (आई ब्लिंक करें)। पांच बार सिर को आगे पीछे और पांच बार दांए-बांए करें। कलाई को पांच बार क्लॉक वाइज, पांच बार एंटी क्लॉक वाइज धुमाएं।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 07 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 216, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

ॐ महाकर्णाय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात्।।

# एक ही परिवार के चार बच्चों को सांप ने डसा, तीन की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** चिनिया थाना क्षेत्र के चपकली गांव के नवानगर टोले में गुरुवार की रात उस समय कोहराम मच गया जब आदिम जनजाति समुदाय के चार बच्चों को करैत सांप ने डस लिया। इससे तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि एक बच्ची का इलाज सदर अस्पताल गढ़वा में चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हाथी के कहर से बचने के लिए अधिकतर लोग एक जगह इक्ट्ठा सोते हैं। दरअसल जिस इलाके में यह घटना हुई है, वह सुदूरवर्ती इलाका है और मोबाइल की कनेक्टिविटी भी नहीं है। एक ही परिवार के 8-10 बच्चे अपने दादा के घर एक ही कमरे में सोए हुए थे तभी जमीन पर जो बच्चे सोए थे उनको करैत सांप ने डस लिया। बाहर इलाज के लिए ले जाने की सुविधा नहीं होने और अंधविश्वास के कारण घर के बड़े रात लगभग एक बजे बच्चों को झाड़फूंक के लिए गांव के बगल में गए,जहां दो बच्चों की मौत हो गई। इसके बाद दो अन्य बच्चों को अन्यत्र झाड़फूंक के लिए ले जा रहे थे तभी इसमें एक और बच्चे की मौत हो गई। शेष पेज 09 पर

**अंधविश्वास : झाड़फूंक के लिए ले गए अभिभावक**



**सभी मृतक आदिम जनजाति के**
- पन्नालाल (15)
- कंचन कुमारी (8)
- बेबी कुमारी (9 वर्ष)

**गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती**
- राखी कुमारी पिता स्व. रामलाल कोरवा

**हाथी के डर से सभी एक ही घर में सोए थे तभी करैत सांप ने डसा**

**गांव में हाथियों का है आतंक :** ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक इस कदर है कि रात होते ही लोग सुरक्षित स्थान में सोना चाहते हैं। कई लोग तो गांव के स्कूल की छत पर सोते हैं जबकि कई लोग बड़े घर में एक जगह जमा होकर सोते हैं ताकि हाथियों से बचा जा सके। घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवपूजन तिवारी, अंचलाधिकारी उमेश्वर यादव पीड़ितों के घर पहुंचे तथा दाह संस्कार के लिए मृतक के परिजनों को तत्काल 15000 रुपये दिए तथा राशन व अन्य सुविधाएं देने की बात कही। उन्होंने आपदा राहत के तहत सभी मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही सभी को आवास मुहैया कराने की भी बात कही। उधर झामुमो के नेता तथा समाजसेवी मोहम्मद फरीद व पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमाशंकर गुप्ता मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी।

## गड्ढे में डूबने से 3 बच्चों की मौत

**लातेहार।** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत नगड़ा गांव के पास गहरे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार नगड़ा गांव निवासी रिशु कुमार (6), सूरज कुमार(6) और गोलू कुमार (7) आदि बच्चे गांव के पास ही रेलवे लाईन के निकट खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चे पास में ही स्थित एक गहरे गड्ढे में गिर गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचकर बच्चों को ढूंढने का प्रयास किया, परंतु गड्ढा में पानी काफी अधिक था जिस कारण बच्चों का कुछ अता-पता नहीं चल पा रहा था। बाद में डीजल पंप के माध्यम से गड्ढे के पानी को बाहर निकाला जाने लगा, इसके बाद तीनों बच्चों को बाहर निकाला जा सका। परंतु तब तक तीनों बच्चों की मौत हो गई थी। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे लाइन निर्माण के दौरान ही यह गड्ढा किया गया था और इसे यूं ही छोड़ दिया गया था। इसी कारण आज इतनी बड़ी घटना हो गई। ग्रामीणों ने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी है, उन पर कड़ी कार्रवाई हो नहीं तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इधर इस संबंध में डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

**टाइम्स नाउ ओपिनियन पोल**

## भाजपा सत्ता की ओर, बाबूलाल मरांडी सबसे लोकप्रिय नेता







**दिल्ली।** देर रात टाइम्स नाउ नवभारत ने झारखंड के संबंध में अपना ओपिनियन पोल जारी किया। इसके अनुसार, झारखंड में बाबूलाल मरांडी सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उन्हें 42 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है। वहीं, हेमंत सोरेन को 29 प्रतिशत लोगों ने अपना समर्थन दिया है। भाजपा 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट के साथ 43 से 48 सीट जीतती दिखाई दे रही है। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा 30 प्रतिशत वोट के साथ 24 से 29 सीट प्राप्त करती नजर आ रही है।

## कांग्रेस में शामिल हुए विनेश व बजरंग भाजपा पर निशाना



एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से चल रही कयासबाजी को विराम देते हुए ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने राजनीति के अखाड़े में उतरते हुए शुक्रवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने विनेश और बजरंग को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इससे कुछ देर पहले विनेश फोगाट ने रेलवे की नौकरी से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद विनेश फोगाट ने कहा मुश्किल समय में किसी ने हमारा साथ दिया, तो वह कांग्रेस थी। जब हमने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई तो हमारे साथ देश की हर पार्टी खड़ी थी, लेकिन भाजपा नहीं थी।

**आज कल**




झारखंड कैबिनेट की बैठक में **63 प्रस्तावों** को मिली मंजूरी

# एससी-एसटी के लिए रांची में 520 और 528 बेड का हॉस्टल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 63 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सरकार ने शिक्षा और शिक्षण सुविधा को लेकर बड़े निर्णय किए हैं। कैबिनेट बैठक में रांची में अनुसूचित जनजातियों के लिए 520 और अनुसूचित जाति के लिए 528 बेड का छात्रावास निर्माण की मंजूरी दी गई। यह छात्रावास करमटोली स्थित जी प्लस 6 बनेगा और गर्ल्स का जी प्लस 7 का विमेंस कॉलेज में बनेगा। झारखंड राज्य के सरकारी स्कूल में सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं की पोशाक की राशि दो सेट के लिए 600 से बढ़ा कर 1200 तक कर दी गई है। वहीं पीएचडी में प्रवेश के लिए जेट एग्जाम रूल में संशोधन किया गया। अब यह परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड या ओएमार मोड दोनों से में हो सकेगा। अब से निजी विद्यालय की आठवीं कक्षा की लड़कियों को भी सावित्रीबाई किशोरी फुले योजना का लाभ देने का सरकार ने निर्णय लिया है। इसके साथ ही निर्णय लिया गया कि झारखंड में 22 फास्ट ट्रैक कोर्ट को नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। वहीं केंद्र प्रायोजित फास्ट ट्रैक कोर्ट से एग्जिट होने का सरकार ने निर्णय लिया है। बैठक में जेपीएससी द्वारा आयोजित किए गए एवं विभिन्न प्रक्रिया द्वारा आयोजित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए आयोजित केंद्र में मूल्यांकन में आमंत्रण पर विशेषज्ञ यात्रा भत्ता व मुद्रण भत्ता के लिए 29 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई।



**G+ 6 हॉस्टल छात्रों के लिए करमटोली में बनेगा**

**G+7 हॉस्टल छात्राओं के लिए विमेंस कॉलेज में बनेगा**

**1200 रुपये मिलेंगे सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को दो पोशाक की राशि**

**08 वीं के निजी स्कूलों की छात्राओं को भी मिलगा सावित्री योजना का लाभ**

**अब 18 वर्ष से ही मंईयां योजना का लाभ मिलेगा**

मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना से 18 वर्ष पर से अधिक उम्र की महिलाओं को भी लाभ मिलेगा। इससे करीब 8 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा जिन्हें प्रतिमाह ?1000 दिया जाएगा। राज्य में इस योजना से कुल 67 अरब 20 करोड रुपए खर्च होंगे।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- पोषण योजना 2024 के अंतर्गत छात्रावासों में गैर सरकारी संस्थान जो सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत चयनित हो सकती थी उसे अब संशोधित करते हुए उसके अतिरिक्त कंपनी एक्ट के तहत जो गठित समिति है या जो इंडियन एक्ट के तहत जो सोसाइटी है वह एनआरएलएम के तहत स्वयं सहायता समूह भी भाग ले सकती हैं।
- वन भूमि के सीमांकन में सर्वे के लिए गाइडलाइन बनाया गया है।
- आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए निर्गत किए जाने वाले आय और परिसंपत्ति की वैधता एक वर्ष तक करने की स्वीकृति दी गई है। पूर्व में यह कैलेंडर वर्ष के अनुसार रहता था।
- राज्य सजा पुनरीक्षण के द्वारा किसी बंदी की सजा को नामंजूर कर देने के बाद फिर से एक वर्ष के बाद ही उपस्थित करने का प्रावधान था। उसमें अब संशोधित किया गया अब अगर किसी बंदी की रिहाई के लिए एक या एक से अधिक बार नामंजूर कर दिया गया है तो उसका विचार फिर से किया जा सके।
- -केंद्र पर आयोजित पालना योजना की स्वीकृति दी गई है।
- -राज्य सरकार ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से निजी स्कूलों में भी पढ़ रही आर्थिक रूप से कमजोर आरक्षित वर्ग लड़कियों को भी जोड़ने का फैसला लिया। इस योजना का लाभ आठवी ?2500 की स्कॉलरशिप मिलेगी है। 232 करोड़ की लागत से छतरपुर हरियाणा जलापूर्ति योजना की मंजूरी दी गई। कल्याण विद्यालय अंतर्गत अमावस्या विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक शिक्षकों का अवधि विस्तार मार्च 2025 तक अथवा नियमित नियुक्ति होने तक कर दिया गया है।
- राज के 38432 आंगनबाड़ी केदो में शौचालय निर्माण के लिए 35409 रुपए और पेयजल के लिए 20741 रुपए दिए जाएंगे।
- सहायक पुलिस कर्मियों का मानदेय 10000 से ?13000 बढ़ाने की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा 4000 में भर्ती बताओ मेडिकल 100000 दुर्घटना बीमा 4 लाख रुपए देने की स्वीकृति दी गई।
- महिलाओं सहायक पुलिस को मातृत्व अवकाश भी दिया जाएगा। सभी संविदा कर्मियों की तरह इन्हें भी अवकाश मिलेगा उनका अवधि विस्तार भी 1 साल तक करने की मजबूरी दी गई।
- दुग्ध उत्पादकों को अब 3 के स्थान पर पांच रुपए प्रति लीटर सरकार से सहायता मिलेगी।
- राजकीय पूर्व मुख्यमंत्री राज्य मंत्री व दर्जा प्राप्त मंत्री के निजी सहायक इत्यादि के वेतनमान में बढ़ोतरी करने के लिए। अभी उन्हें 43512 के संविदा राशि मिलती है जो पढ़कर 44900 रुपए होगी।
- झारखंड गवर्नमेंट तकनीकी संवर्ग नियमावली 2024 के गठन की स्वीकृति दी गई।

**कार्यवाहक डीजीपी नियुक्ति मामला**

# सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव और डीजीपी को भेजा नोटिस

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** सीनियर आईपीएस ऑफिसर अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी बनाए जाने का मामला विवादों में आ गया है। डीजीपी की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर अवमानना याचिका पर कोर्ट ने झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते और प्रभारी डीजीपी से जवाब मांगा है। याचिका में दावा किया गया है कि अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी बनाए जाने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय अनिवार्य दिशा-निदेर्शों का पालन नहीं किया गया है।

**क्या है पूरा मामला :** सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में दलील दी गई है कि डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति अस्थायी तौर पर की गई है, जो सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक किसी भी राज्य में डीजीपी की नियुक्ति कम से कम 2 साल के लिए होती है। डीजीपी को हटाने की प्रक्रिया तभी शुरू होती है, जब सेवा नियमों का उल्लंघन हो या किसी आपराधिक मामले में कोर्ट का फैसला हो, भ्रष्टाचार साबित हो या डीजीपी अपने कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हों, तब उन्हें हटाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार झारखंड सरकार ने प्रभारी डीजीपी की नियुक्ति की है, जो फैसले के अनुरूप नहीं है।





**अजय सिंह को हटाकर अनुराग गुप्ता को बनाया गया है डीजीपी :** गौरतलब है कि 11 फरवरी 2023 को तत्कालीन डीजीपी नीरज सिन्हा के रिटायर होने के बाद अजय कुमार सिंह को डीजीपी बनाया गया था, लेकिन जुलाई 2024 में झारखंड सरकार ने 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी शेष पेज 09 पर

# शहरी प्रधानमंत्री आवास के लिए गरीबों को लोन नहीं दे रहे बैंक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में प्रमुख अग्रणी बैंक आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत ऋण नहीं दे रहे। यह सच्चाई शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में स्टेट लेवल बैंकर्स हाउसिंग सब कमेटी की बैठक में सामने आई। मालूम हो कि झारखंड में न्यून सीडी रेशियो 48.24 प्रतिशत को लेकर बैंको की लगातार खिंचाई होती रही है इसके बावजूद प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजना को लेकर बैंकों का रवैया निराशाजनक है। सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने बैंकों के इस रुख पर गहरी नाराजगी



- राज्य में बैंक ऑफ इंडिया और एसबीआई ने अभी तक एक भी गृह ऋण स्वीकृत नहीं किया
- एकमात्र केनरा बैंक ने इस योजना के तहत 1,200 लाभार्थियों को गृह ऋण प्रदान किया है

व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लाभार्थियों विशेषकर 5 लाख से नीचे के होम लोन बैंक स्वीकृत नहीं कर रहे। यह बेहद गंभीर स्थिति है। राज्य के अग्रणी बैंकों में शामिल बैंक ऑफ इंडिया एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से इस योजना के अंतर्गत अभी तक एक भी गृह ऋण की स्वीकृति नहीं की गई है। ऐसे में शहरी इलाके में गरीबों को आवास देने की सरकार की योजना का लक्ष्य कैसे पूरा होगा? राज्य में एकमात्र केनरा बैंक ने इस योजना के तहत 1,200 लाभार्थियों को गृह ऋण प्रदान किया है। सरकार के प्रधान सचिव ने बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि सभी संबंधित बैंक एक माह में सभी जमा आवेदनों की समीक्षा करें एवं आवश्यक कारवाई करें। अगली बैठक तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऋण देने का लक्ष्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए। शेष पेज 09 पर

**इंडिया**

# कैसे पुलिस पुरुषार्थी लिप्सारहित सहयोगी बने?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

पुलिस कानून व्यवस्था और सरकार के प्रतीक के रूप में काम करती है और समाज की समस्याओं से सीधा जूझती है । हर नागरिक, नेता और सरकार को पुलिस के सबसे छोटे कर्मचारी का भी सम्मान करना चाहिए क्योंकि इससे अनुशासन की भावना स्थापित होती है और हम अपने को सुरक्षित समझते हैं।बहुत पहले राँची के एक चर्चित आइपीएस अधिकारी अरविंद पांडेय ने पुलिस की नई परिभाषा बताई थी ।सिद्धांतः सेना और पुलिस में यह अंतर है कि पुलिस आंतरिक सुरक्षा या शांति व्यवस्था के लिए होती है,जबकि सेना देश के दुश्मनों से निबटने के लिए। इसलिए लाठी पार्टी आज भी है पहले हल्के हथियार पुलिस को दिए जाते थे पर जब देश के अंदर ही छुपे हुए दुश्मन आक्रमण करने लगे तो पुलिस की कार्यशैली से लेकर हथियारों तक में बड़ा परिवर्तन किया गया । आज पुलिस नामधारी अनेक सुप्रशिक्षित संगठन हैं जो उग्रवादियों, माओवादियों से लेकर अत्याधुनिक हथियारों से लैस बदमाशों से निबटने में सक्षम हैं। पर भारतीय सेना और पुलिस में एक बड़ा अंतर यह है कि जहां सेना अनुशासन के सर्वोच्च मानक की प्रतीक है तो पुलिस की छवि एक दमनकारी या डरावनी सी ही बनी हुई है । यह अलग बात है कि न्यायालयों से लेकर सामाजिक दबाव और मीडिया या फिल्मों के प्रभाव से इस प्रवृति में परिवर्तन भी हुआ है । ब्रिटिश कालीन आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे। अंग्रेजों की सामंती कानूनी व्यवस्था में बदलाव की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे सरकार ने इन संशोधनों से दूर करने का प्रयास किया है। पर इन कानूनों को लागू करवाने वाली संस्था पुलिस को जब तक देश को गुलाम रखने वाले पुलिस एक्ट, 1861 से मुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक नई कानून-व्यवस्था से ज्यादा उम्मीद भी नहीं की जा सकती। वर्ष 1857 की विफल क्रांति के बाद अंग्रेजों ने पुलिस ऐक्ट, 1861 को देश को पूर्णतया गुलाम रखने के लिए बनाया था। इस कानून के अनुसार, पुलिस पूरी तरह सरकार के अधीन है जबकि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सरकारों को जनता का वोट चाहिए, जिसके लिए सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दलों को बाहुबलियों और माफियाओं से भी परहेज नहीं होता है। सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के इशारे या गंठजोड़ से पुलिस संगठित अपराधों की अनदेखी शुरू कर देती है। जब कानून लागू करने वाली पुलिस ही संगठित अपराधों की अनदेखी करेगी और अपराधी को बचाने के लिए साक्ष्य पेश नहीं करेगी, तब कानून अपराधी को सबूत के अभाव में सजा नहीं दे सकता। ऐसे में संभावना है कि नए कानून भी पुरानी व्यवस्था की तरह अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित होंगे। सेना की बात करें तो सैन्य कानून की धारा 34 के तहत सेना की सफलता और उसके उद्देश्यों में बाधा आने पर जिम्मेदार सैनिकों के लिए मृत्युदंड तक का प्रावधान है। पर पुलिस को अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। बिहार-झारखंड,मुंबई या यूपी-पंजाब सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में कुछ बाहुबली अगर बड़े माफिया बन पाए, तो वह पुलिस के संरक्षण और परोक्ष सहयोग के कारण ही । पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता से बेदखल होने के डर से आपातकाल लगाकर पुलिस से पूरे देश में विपक्षी नेताओं को बिना किसी अपराध के और न्यायालय के आदेश के बिना जेल में बंद करा दिया था । तब आपातकाल हटने के बाद जनता पार्टी की सरकार ने पुलिस व्यवस्था में सुधार करने और उसे जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए पुलिस सुधार आयोग का गठन किया। पर कुछ समय बाद जनता पार्टी सत्ता से बाहर हो गई और सत्ता में आई कांग्रेस ने पुलिस सुधार आयोग की सिफारिशों को नकारते हुए एक और पुलिस आयोग का गठन किया। इस प्रकार वर्ष 1996 तक कई पुलिस आयोग गठित किए गए और उनकी रिपोर्टों में यही कहा गया था कि राज्य पुलिस को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाना चाहिए, जिससे राजनेता और नौकरशाह अपने प्रभाव से उसकी कार्यप्रणाली को प्रभावित न कर सकें पर 1996 तक केंद्र सरकार ने भी पुलिस आयोग की यह रिपोर्ट लागू करने की तरफ कोई कदम नहीं उठाया। असम और यूपी के डीजीपी रहे प्रकाश सिंह ने पुलिस आयोग की रिपोर्ट लागू करवाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उस पर 2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने सात सूत्रीय पुलिस सुधारों का आदेश दिया और केंद्र व राज्य सरकारों को इन सुधारों को लागू करने के लिए जनवरी, 2007 की समय सीमा तय की। पर अब तक इन सुधारों की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, क्योंकि कोई भी राज्य सरकार पुलिस पर अपना नियंत्रण गंवाना नहीं चाहती थी ।झारखंड के नए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी कम करने का प्रयास शुरू किया है जिससे उम्मीद जगी है ।



## मुस्लिम संगठनों ने वक्फ बिल का किया विरोध, विपक्षी सांसदों ने पूछे तीखे सवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** 'वक्फ (संशोधन) कानून' पर विचार करने के लिए बनाई गई जेपीसी की चौथी बैठक में भी जोरदार हंगामा हुआ। बैठक में आए मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधियों ने जहां बिल की आवश्यकता और इसके प्रावधानों पर सवाल उठाते हुए इसका विरोध किया, वहीं, विपक्षी सांसदों ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा बैठक में दिए गए प्रजेंटेशन को ही गलत बताते हुए हंगामा कर दिया। शुक्रवार की बैठक में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच जोरदार बहस देखने को मिली। संसद भवन परिसर में हुई जेपीसी की चौथी बैठक में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों ने प्रजेंटेशन पेश किया। हालांकि, विपक्षी दलों के सांसदों ने उनके द्वारा पेश किए गए आंकड़ों को ही गलत बताते हुए हंगामा कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, एएसआई के अधिकारियों ने बैठक में यह बताया कि वक्फ बोर्ड के साथ देशभर में 132 संपत्तियों को लेकर उनका विवाद है। शेष पेज 09 पर

# भारतीय सेना का शौर्य, पराक्रम और अनुशासन अद्वितीय: राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

- राज्यपाल ने सशक्त सेना-समृद्ध भारत प्रदर्शनी का मोरहाबादी में किया उद्घाटन
- प्रदर्शनी से लोगों को नवीनतम सैन्य उपकरण, हथियारों की जानकारी मिलेगी
- भारतीय सेना की बढ़ती ताकत को करीब से जान सकेंगे युवा और आम लोग

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य, पराक्रम और अनुशासन अद्वितीय है। उन्होंने पूर्वी कमान को इसके आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल हमारी सेना के अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन है, बल्कि युवाओं के लिए अनुशासन और प्रेरणा का भी महत्वपूर्ण स्रोत है। राज्यपाल शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय सशक्त सेना-समृद्ध भारत प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी में भारतीय सेना के तीनों अंग थल सेना, वायु सेना और नौसेना का सहभागिता करना सराहनीय है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को नवीनतम सैन्य उपकरण, हथियार और भारतीय सेना की बढ़ती ताकत को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। यह 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत हो रहे रक्षा क्षेत्र में देश की प्रगति का भी प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आज हथियार के मामले में आत्मनिर्भर है। हमारे देश द्वारा अत्याधुनिक हथियार और उपकरणों का निर्माण किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि हम चैन की नींद इसलिए सो पाते हैं क्योंकि, हमारे वीर जवान दिन-रात सरहदों की रक्षा करते हैं।



## सैनिक परिवारों का त्याग और समर्पण अनुकरणीय

राज्यपाल ने सेना के जवानों, अधिकारियों और उनके परिवारों के त्याग और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका अनुकरणीय योगदान देश को सशक्त और सुरक्षित बनाए रखता है। उन्होंने इस प्रदर्शनी को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी सेना में सेवा करने की भावना को जागृत करेगी और देशभक्ति तथा अनुशासन की भावना को और मजबूत करेगी। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों और आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कई सेना द्वारा प्रदर्शित साहसिक गतिविधियां और मोटर साइकिल डेयर डेविल्स शो ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, लेफ्टिनेंट जनरल राम चन्द्र तिवारी, जीओसी-इन-सी, ईस्टर्न कमांड, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव पुरी, जीओसी, ब्रह्मास्त्र कोर, मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, जीओसी, कॉकरेल डिवीजन सहित सेना के कई वरीय पदाधिकारी एवं सैन्य कर्मी तथा उनके परिवार के सदस्य, गणमान्य अतिथि एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### प्रदर्शनी में दर्शाये गए हैं अलग-अलग हथियार

प्रदर्शनी में सिग सॉयर और एके 203 राइफलें, नेगेव लाइट मशीन गन, इन्फैंट्री मोर्टार, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल और लोइटर म्यूनिशन सिस्टम को दिखाया गया हैं। लंबी दूरी की आर्टिलरी गन, बोफोर्स और अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर, एंटी एयरक्राफ्ट गन और एयर डिफेंस रडार भी प्रदर्शनी में लगाये गये हैं। प्रदर्शनी में दर्शकों को बेहद सक्षम आधुनिक सैन्य वाहनों को देखने का अवसर मिल रहा है। इसमें ऑल टेरेन व्हीकल, हाई मोबिलिटी टोही वाहन, स्पेशलिस्ट मोबिलिटी व्हीकल और रफ टेरेन लॉजिस्टिक व्हीकल शामिल हैं।

## गणेश चतुर्थी पर्व आज

# गणेशोत्सव पौराणिक कथाओं व आध्यात्मिकता से भरपूर : संजय

नवीन मेल संवाददाता। रांची

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि गणेश चतुर्थी पर्व 7 सितंबर दिन शनिवार को मनाया जाएगा। भाद्रपद पक्ष मे शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणपति बप्पा का अवतरण हुआ था। इसलिए हर वर्ष इसी तिथि पर गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाता है। यह उत्सव 10 दिनों तक यानी अनंत चतुर्दशी तक चलता है अनंत चतुर्दशी के दिन पवित्र नदी या घर में ही पानी के टब में गणपति बप्पा का विसर्जन किया जाता है। भाद्रपद माह की चतुर्थी तिथि की शुरूआत 6 सितंबर को दोपहर 3 बजकर 1 मिनट पर होगी, तथा इस तिथि का समापन 7 सितंबर को शाम 5 बजकर 37 मिनट पर होगा। ऐसे मे गणेश चतुर्थी का पर्व 7 सितंबर को मनाया जाएगा। गणेश चतुर्थी भारत में सबसे व्यापक रूप में मनाया जाने वाला त्यौहारों मे से एक है। जिसे 10 दिनों तक चलने वाले विस्तृत अनुष्ठानों और भव्य उत्सव द्वारा चिन्हित किया जाता है ज्ञान और समृद्धि के हाथी के सिर वाले देवता भगवान गणेश को समर्पित यह वार्षिक हिंदू त्योंहार गहरा सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व रखता है 10 दिवसीय उत्सव जिसे विनायक चतुर्थी एवं गणेशोत्सव के रूप में भी जाना जाता है।



# श्री श्याम मंदिर में श्री गणेश चतुर्थी उत्सव आज

**रांची।** हरमू रोड श्री श्याम मंदिर में शनिवार को श्री गणेश चतुर्थी उत्सव मनाया जाएगा। मंदिर में विराजमान सभी देवी देवता विशेष कर मंगल मूर्ति श्री गणेश जी महाराज की दिव्य भव्य श्रृंगार किया जाएगा। शनिवार को ही 127 वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन संध्या 5:00 बजे से होगा। देव अलंकार ज्वेलर के रूपेश, ज्योति, रवि, मनीष, अमरप्रेम, बबली, संयुक्ता, अनिका बर्मन ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भंडारे की सेवा अर्पित करेंगे। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि गणेश चतुर्थी उत्सव का श्रृंगार लड्डू प्रसाद की सेवा एक श्याम भक्त द्वारा अर्पित की जाएगी। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरोगी की निगरानी में श्री गणेश जी महाराज को चढ़ाने के लिए मंदिर में ही लड्डू का प्रसाद बनाया जा रहा है। यह प्रसाद संध्या 6 बजे से भक्तजनों को वितरित किया जाएगा। सोमवार को केसर तिलक श्रृंगारः श्री कृष्ण जन्माष्टमी अमावस्या से अब तक खाटूनरेश अपने श्यामल रूप में भक्तजनों को दर्शन दे रहे हैं। श्री श्याम मंदिर खाटूधाम की परंपरा के अनुसार हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भी सोमवार को खाटूनरेश को नवीन पोशाक पहनाकर केसर चंदन तिलक श्रृंगार फूलों का श्रृंगार करके पंचमेवा का भोग लगाया जाएगा।

## न्यूज // बॉक्स

### उत्पाद सिपाही बहाली केंद्र पर एम्बुलेंस रहेगा उपलब्ध

**रांची।** झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से रोक दिया गया था। इसमें 12 युवाओं की मौत और सैकड़ों बेहोश हो गये थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए अब प्रत्येक केंद्रों पर कम से कम तीन-तीन एंबुलेंस, प्रयाप्त मात्रा में ऑक्सीमीटर और बीपी मापने की मशीन उपलब्ध करायी जायेगी। इसके अलावा सभी केन्द्रों पर पानी और ओआरएस की व्यवस्था की जायेगी। यह दौड़ 10 सितंबर से शुरू होगी और 21 सितंबर तक चलेगी।

### घर में घुसकर बुजुर्ग महिला से चेन छीनकर स्नैचर हुआ फरार

**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र के पशु आहार दुकान में मौजूद एक बुजुर्ग महिला से अपराधियों ने सोने की चेन छीन कर फरार हो गए। घटना शुक्रवार की है। जानकारी के अनुसार महिला अपने घर के बाउंड्री वाल के अंदर स्थित पशु आहार दुकान में झाड़ू लगा रही थी। मंजू सिंह ने बताया कि दो की संख्या में आए बाइक सवार अपराधी पहुंचे। इसमें से एक उनके घर के अंदर आया और कैल्सियम की दवा मांग उन्हें अपनी बातों में फंसाया और मौका पाकर सोने की चेन छीन कर फरार हो गया। बुजुर्ग महिला मंजू सिंह बाहर आकर चिल्लाई लेकिन तब तक दोनों अपराधी मौके से फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही पंडरा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और और जांच पड़ताल की। पुलिस को घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज मिला है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है।

### आकाशवाणी के आवासीय परिसर में किया गया पौधरोपण



**रांची।** एक पेड़ मां के नाम के दूसरे चरण में रांची आकाशवाणी के आवासीय परिसर में फलदार, सजावटी और औषधीय पौधे लगाए गए। इस अवसर पर केन्द्राध्यक्ष डीसी हेम्ब्रम, उपनिदेशक (अभियंत्रण) सह अभियान के नोडल पदाधिकारी एपी सिंह, सहायक कार्यक्रम निदेशक गौरव शिखर राय, कार्यक्रम अधिशाशी पंकज मित्र, कार्यकमनधि-शाशी प्रभुभरण, कार्यक्रम अधिभागी संजीव कुमार लाल, सहायक अभियंता कोलहा कच्छप, कार्यक्रम अधिभाशी नूतन प्रसाद, सहायक अभियंता टीके मांझी, सहायक अभियंता राजीव कुमार झा, प्रशासनिक अधिकारी एसके सिंह, लेखापाल संदीप कुमार, अभियंता संतोष कुमार, यूडीसी संजय सोलंकी, खालिद अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जिले के पीवीटीजी बहुल क्षेत्रों में लोगों को किया जायेगा जागरुक

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर समाहरणलय परिसर से पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान) जागरुकता वाहन रवाना किया गया। अपर समाहर्त्ता, रामनारायण सिंह, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार भगत, जिला पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार द्वारा संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर जागरुकता वाहन को रवाना किया गया। जागरुकता रथ के माध्यम से रांची जिला में जनजातीय समुदायों को केंद्र और राज्य की योजनाओं और उनके तहत मिलने वाले लाभों के बारे में जागरूक किया जायेगा। अभियान का उद्देश्य पीवीटीजी परिवारों को प्रमुख व्यक्तिगत अधिकारों का लाभ प्रदान करना और पीवीटीजी बस्तियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए पीएम-जनमन हस्तक्षेपों के बारे में जानकारी प्रदान करना है, ताकि इन जनजातीय समुदायों को केंद्र और राज्य की योजनाओं और उनके तहत मिलने वाले लाभों के बारे में जागरूक किया जा सके।



### शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में फर्जी फोन कॉल मामले में प्राथमिक दर्ज करने का आदेश

**रांची।** रांची जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने शुक्रवार को बताया कि जिला रांची में चल रही शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में फर्जी फोन कॉल के जरिये अभ्यर्थियों से पैसा वसूली की सूचना लगातार मिल रही है। इस मामले में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने संज्ञान लेते हुए प्राथमिक दर्ज करने का आदेश दिया है। जिला शिक्षा अधीक्षक रांची ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है किसी भी संदेह की स्थिति में जिला शिक्षा अधीक्षक के मोबाईल नंबर 8409636008 या जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से सीधा संपर्क करें। उल्लेखनीय है कि विभिन्न सूत्रों और समाचार पत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार न्यायालय एवं विभागीय निदेशानुसार कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, रांची में चल रही शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के जरिये नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थियों से फर्जी फोन कॉल करके पैसे की मांग की बात पता चली है।

# छात्र की संख्या के अनुरुप शिक्षक बहाल करने की मांग



नवीन मेल संवाददाता। रांची

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट बीबीए, एमबीए में अनुबंध पर नियुक्ति के विसंगतियों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बीबीए और एमबीए विभाग में राज्य सरकार के गजट के अनुरूप छात्र की संख्या के अनुरूप जितनी टीचर की आवश्यकता है होती है उतनी नहीं निकली गई है। मात्र 14 पद के लिए नियुक्ति निकाली गई है। ऐसे में छात्रों के अनुपात में नियुक्तियां निकाली जाय।

आपके द्वारा निकाली गई शिक्षकों की नियुक्ति राज्य सरकार, यूजीसी, उच्च शिक्षा के द्वारा निधारित योग्यता के अनुरूप ली जाय । आपके द्वारा निकाली गई नियुक्ति में आरक्षण रोस्टर का सही तरीके से लागू नहीं किया गया है । तत्पश्चात कुलपति ने सभी विषयों पर संज्ञान लिया और फिर जल्द ही इस विसंगति को दूर करने की बात कही। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, असोतोष सिन्हा, जय यादव ,आनंद यादव,राजेश सिंह,बबलू मंडल,अंजू कुमारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### नेताजी नगर दुर्गा पूजा कमेटी ईको फ्रेंडली पंडाल का कर रहा निर्माण

**रांची।** रांची के कांटाटोली स्थित नेताजी नगर दुर्गा पूजा कमेटी इस वर्ष ईको फ्रेंडली पंडाल का निर्माण कर रही है। पंडाल के मुख्य द्वार पर मां के भक्तों का स्वागत घोड़े और ड्रैगन करेंगे। मुख्य द्वार पर मां का एक विशाल चेहरा बनाया जा रहा है, जहां से भक्त पंडाल में प्रवेश करेंगे। समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार ने शुक्रवार को बताया कि समिति पूजा का आयोजन 68 साल से कर रही है। इस वर्ष के पंडाल में कई चीजें होंगी, जो रांची वासियों को पहली बार देखने को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि पंडाल के अंदर में ड्रैगन दिखेंगे, जो गौतम बुद्ध की प्रतिमा की रक्षा करेंगे। पंडाल की ऊंचाई 70 फीट, लंबाई 190 फीट और 60 फीट चौड़ी है। आसनसोल के 17 कारीगर दिन-रात पंडाल निर्माण में जुटे हैं। 12 फीट की माता पंडाल में विराजेंगी। आयोजन में लगभग 20 लाख के खर्च का अनुमान है। इसमें 1.90 लाख रुपए की प्रतिमा है। षष्ठी के दिन पंडाल का पट खोला जाएगा।

# राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा में 12 नेत्रदाताओं के परिवारों को किया गया सम्मानित




नवीन मेल संवाददाता। रांची

39वीं राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत क्षेत्रीय नेत्र संस्थान रिम्स में नेत्रदाता परिवार सम्मान समारोह का न्यू ट्रामा सेंटर में शुक्रवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाएं के निदेशक प्रमुख डॉ चन्द्र किशोर शाही विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम में 12 नेत्रदाताओं के परिवारों को सम्मानित किया गया, जिनमें अदम्य साहस दिखाते हुए अपने प्रियजनों के नेत्र दान कर के किसी के जीवन को रौशन किया है। साथ ही नेत्रदान जैसे महादान में कई लोग अहम भूमिका निभाते हैं। जैसे पुलिस, ग्रीफ काउंसलर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, लैब तकनीशियन, वार्ड बॉय, ट्रॉलीमैन, उन सभी को इस नेक कार्य में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ शाही ने कहा कि अक्सर लोग जरूरत पड़ने पर दूसरों के द्वारा दान किये गए रक्त को स्वीकार कर लेते हैं लेकिन देते वक़्त हिचक होती है। इसे समझने की आवश्यकता है। नेत्रदान और अंगदान जैसे नेक अभियान के लिए जमीन स्तर से जागरुकता की जरुरत है और इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस दौरान रिम्स के नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार ने बताया कि अभी भी भ्रांतियों की वजह से लोग नेत्रदान करने से हिचकिचाते हैं। अंधापन दूर करने के लिए नेत्र प्रत्यारोपण की मांग अधिक है जबकि नेत्रदान कम होते हैं, जिसकी वजह से हमेशा बैकलॉग रहता है। सभा को उन्होंने रिम्स नेत्र अधिकोष बैंक के सफर के विषय में जानकारी दी और कहा कि जल्द ही यह एल वी प्रसाद नेत्र संस्थान के सहयोग से एक विश्व स्तरीय नेत्र बैंक के रूप में तब्दील होने जा रहा है इसके लिए एमओयू हो चुका है।

# डीजीपी के निर्देश पर आमलोगों की शिकायतों को सुनेंगे डीएसपी, आदेश जारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची। आम लोगों के शिकायतों का त्वरित और प्रभावकारी तरीके से समाधान के लिए सभी जिला में जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित करने के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने निर्देश दिया है। डीजीपी के निर्देश के बाद रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर सभी डीएसपी के बीच थाने का बंटवारा किया है। संबंधित थाना क्षेत्र के लोग डीएसपी के पास पहुंच कर अपनी शिकायत बतायेंगे, जिस पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही एसएसपी ने शिकायत दर्ज कराने के लिए फोन नंबर, वाट्सएप नंबर और ई-मेल एड्रेस भी जारी की है। लोग अपनी शिकायत 8987790619 नंबर पर कॉल करके या वाट्सएप पर मैसेज भेजकर अपनी बात रख सकते हैं। इसके अलावा ई-मेल के जरिये भी शिकायत कर सकते हैं। जन शिकायत कार्यक्रम 10 सितंबर को दिन के 11 बजे से 12 सितम्बर तक होगा।

## इन डीएसपी के पास होगी शिकायत दर्ज

- सिटी डीएसपी लालपुर थाने में लालपुर, लोअर बाजार, चुटिया के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- कोतवाली डीएसपी सुखदेवनगर थाना में सुखदेवनगर, कोतवाली, हिंदपीढ़ी, डेलीमार्केट एवं पंडरा ओपी के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- सदर डीएसपी खेलगांव परिसर मेंखेलगांव, सदर, बीआईटी मेसर एवं गोंदा के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- सिल्ली डीएसपीअनगड़ा के प्रखंड कार्यालय में ओरमांझी, अनगड़ा एवं सिकीदरी के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- सिल्ली डीएसपीसिल्ली के प्रखंड कार्यालय में सिल्ली एवं मुरी ओपी के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- खलारी डीएसपी खलारी प्रखंड कार्यालय में खलारी, मैकलुस्कीगंज एवं बुढ़मू थाना के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- खलारी डीएसपीमांडर थानामें मांडर, चान्हो एवं टाकुरगांव थाना के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- बेड़ो डीएसपी बेड़ो थाना में बेड़ो एवं नरकोपी थाना के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- बेड़ो डीएसपी लापुंग थाना मेंलापुंग थाना के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- हटिया डीएसपी डोरंडा थाना में डोरंडा और अरगोड़ा थाना के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- हटिया डीएसपी जगन्नाथपुर थाना में जगन्नाथपुर, धुर्वा एवं तुपुदाना ओपी के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- डीएसपी-वन नामकुम थाना में नामकुम, टाटीसिल्वे एवं खरसीदाग ओपी के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- डीएसपी-वन कांके थाना में कांके थाना के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- डीएसपी-वन पिठोरिया थाना में पिठोरिया थाना के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- डीएसपी-टू रातु थाना में रातु थाना के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- डीएसपी-टू नगड़ी प्रखंड कार्यालय में नगड़ी थाना के लोगों की सुनेंगे शिकायत।
- एसडीपीओ बुंडू अनुमंडल कार्यालय में बुंडू, तमाड़, दशमफॉल और राहे थाना के लोगों की सुनेंगे शिकायत।

## एसएसपी ने जारी किया फोन नंबर व ईमेल आईडी


राष्ट्रीय नवीन मेल ने की राज्य के पुलिस महानिदेशक से विशेष बातचीत

हर महिला अपने को सुरक्षित समझे, पुलिस सुनिश्चित करेगी : डीजी

राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार के इंटरव्यू का असर

**रांची।** आम लोगों को पुलिस से हमेशा कुछ न कुछ शिकायत रहती है। शिकायत यह भी रहती है कि उनकी बातों को सुना नहीं जाता है। अगर थाना स्तर पर कार्रवाई नहीं होती है, तो किससे शिकायत करें। इन दिक्कतों को दूर करने के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जन शिकायत कार्यक्रम की शुरूआत करने का फैसला लिया है। डीजीपी की इस पहल के बाद रांची के सीनियर एसपी ने एक आदेश जारी कर सभी डीएसपी के बीच थाने का बंटवारा किया है। संबंधित थाना क्षेत्र के लोग डीएसपी के पास पहुंच कर अपनी शिकायत बतायेंगे, जिस पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही एसएसपी ने शिकायत दर्ज कराने के लिए फोन नंबर, वाट्सएप नंबर और ई-मेल एड्रेस भी जारी की है। लोग अपनी शिकायत 8987790619 नंबर पर कॉल करके या वाट्सएप पर मैसेज भेजकर अपनी बात रख सकते हैं। इसके अलावा ई-मेल के जरिये भी शिकायत कर सकते हैं। जन शिकायत कार्यक्रम 10 सितंबर को दिन के 11 बजे से होगा। बता दें कि कार्यकारी संपादक सुनील बादल ने डीजीपी अनुराग गुप्ता से प्रश्न किया था कि किसी को कोई सूचना देनी हो तो इसके लिए कोई नंबर या ईमेल आईडी है तो उन्होंने उसे अच्छा सुझाव बताया था।

# राज्य के 90 संबद्ध कॉलेजों में से 81 में नहीं है स्थायी प्रिंसिपल

रजनीश

**रांची।** राज्य में कुल आठ विश्वविद्यालय हैं। इसमें से 6 विश्वविद्यालय कॉलेजों को एफिलिएशन देता है। इन 6 विश्वविद्यालयों के अंतरगर्त 90 संबंद्ध कॉलेज आते हैं। इन 90 संबंद्ध कॉलेजों में 9 में ही स्थायी प्रिंसिपल हैं। बाकी के 81 कॉलेज प्रोफेसर इंचार्च के भरोसे चल रहा है। इन 81 कॉलेजों के प्रोफेसर इंचार्ज की नियुक्ति संबंधित विश्वविद्यालय के कुलपति करते है और इन्हें वित्तिय पावर देते हैं। स्थाई कॉलेजों में प्रिंसिपल की नियुक्ति झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) करती है। झारखंड के विश्वविद्यालयों में भवन निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन शिक्षा संबंधित कार्य गर्त में जा रहा है। कई और नए विश्वविद्यालय भी बनाए जा रहे है, लेकिन जो पुराने विश्वविद्यालय है उसके कमियों को दूर नहीं किया जा रहा है।

झारखंड बनने के बाद 2017 में पहली बार जेपीएससी ने स्थाई प्रिंसिपल की बहाली की थी। स्थाई प्रिंसिपल नहीं रहने के कारण कॉलेजों में काम देर से होता है। इससे पहले संयुक्त बिहार के समय 1994 में बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग ने प्रिंसिपल की बहाली की थी। अब वे सारे प्रिंसिपल सेवानिवृत हो गए है।

| संबद्ध कॉलेज | स्थायी प्रिंसिपल |
|---|---|
| रांची विश्वविद्यालय-18 | रांची विश्वविद्यालय-3 |
| बीबीएमकेयू-13 | बीबीएमकेयू-1 |
| कोल्हान विश्वविद्यालय -20 | कोल्हान विश्वविद्यालय-1 |
| विनोबा भावे विश्वविद्यालय-12 | विनोबा भावे विश्वविद्यालय-1 |
| नीलाम्बर पितांबर विश्वविद्यालय-7 | नीलाम्बर पितांबर विश्वविद्यालय-1 |
| सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय-20 | सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय-2 |

### मुख्यमंत्री का किया गया स्वागत

**रांची।** जश्न, उमंग और उत्साह। झारखंड मंत्रालय में शुक्रवार की शाम कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा था। एक तरफ सैकड़ो अधिवक्ता राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए पेंशन की राशि में वृद्धि, स्वास्थ्य बीमा का लाभ, अधिवक्ता के निधन के बाद उनके आश्रितों को सहायता राशि प्रदान करने तथा नए निबंधित अधिवक्ताओं के स्टाइपेंड राशि में बढ़ोतरी करने समेत लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताने के लिए मौजूद थे तो दूसरी तरफ जेएसएलपीएस के कंप्यूटर ऑपरेटर्स और परियोजना कर्मी मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि तथा समायोजन करने के लिए गए निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बधाई दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया । उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य की जनता के प्रति समर्पित है।

# फेमिना मिस इंडिया झारखंड बनी रिया नंदनी, हुई सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता। रांची

रिलेशंस कि ओर से बरियातू रोड स्थित हिल टॉप पब्लिक स्कूल में 'जीना इसी का नाम है' कार्यक्रम के तहत फेमिना मिस इंडिया झारखंड रिया नंदनी को सम्मानित किया गया। पिछले दिनों कोलकाता में आयोजित इवेंट में रिया को मिस इंडिया झारखंड चुना गया था। अब वह मुंबई में होने वाले डायमंड जुबली एडिशन के ग्रैंड फिनाले में हिस्सा लेंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिल टॉप पब्लिक स्कूल के निदेशक राजेश गुप्ता, प्राचार्य संगीता राज, उप प्राचार्य सुनीता श्रीवास्तव, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, वामस के निदेशक वाशिम आलम ने फेमिना मिस इंडिया झारखंड चुने जाने पर रिया नंदनी को सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव की बात है कि रिया नंदनी ने यह मुकाम हासिल किया है। अपनी मेहनत और लगन से इन्होने झारखंड राज्य का नाम पूरे देश में रौशन किया है। इस अवसर पर स्कूली बच्चे भी रिया को अपने समक्ष पाकर काफी खुश दिखे। बच्चों ने रिया से उनके इस सफल जीवन के संबंधित कई प्रश्न पूछे, जिसे रिया ने सरलता से जवाब दिया।रिया स्टार प्लस और कलर्स में भी कई सीरियल में भी कार्य कर चुकी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सचिन कुमार,आईएस जाकी, सीमा लाला, पुरोबी राय, सिबानी, मोशमी भट्टाचार्य, शंकर, स्नेहा, गार्गी, सूर्यकांत, साधना, प्रियंका, सिमकी, सरिता, निकिता, सविता आदि कई शिक्षक शिक्षिकाए एव सैकड़ों विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## एक नजर

### फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन आज

**रांची।** डॉ करमा उरांव स्मृति अंतर आदिवासी छात्रावास फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन कुल 10 मैच पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग का खेला गया। फुटबॉल मैदान में अतिथि के रूप में डॉ प्रकाश चंद्र उरांव व डॉ हरि उरांव उपस्थित थे। साथ ही डॉ ज्योति टोप्पो, डॉ मीणा तिर्की, डॉ मृदुला खेस, शिक्षक मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जॉन मिंज, राम उरांव, सुभाष उरांव आदि कई कमेटी के मेंबर्स का भरपूर योगदान था। पूरे मैदान में दर्शकों की अच्छी खासी संख्या थी। फाइनल मैच शनिवार को दिन के 3:00 बजे होगी। साथ ही समापन समारोह भी किया जाएगा, जिसमें मुख्य संरक्षक बंधु तिर्की उपस्थित रहेंगे।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 11 को

**सिल्ली।** रांची पुलिस की ओर से आगामी 11 सितंबर बुधवार को प्रखंड कार्यालय सिल्ली में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। झारखंड पुलिस की पहल पर मुरी ओपी एवं सिल्ली थाना के सहयोग से नागरिकों की शिकायत के त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु कैंप का आयोजन किया जाएगा। रांची पुलिस ने सभी लोगों से अपील किया है कि कार्यक्रम में पहुंचकर शिकायत के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण का लाभ अवश्य उठाएं।

### चेहल्लुम मेला का आयोजन 12 को

**मांडर।** गुरुवार को दुमदुममिया टोंगरी मे चेहल्लुम मेला को लेकर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी मलती ने एक जरूरी मीटिंग रखी गई। जिसमे कमेटी के लोग एंव जिम्मेदार लोग और कई गांवो के लोग शामिल हुए। इस मीटिंग की अध्यक्षता जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अन्सारी ने की। इस मेले मे अखाड़ाधारीयो को कुछ पुरस्कृत भी किया जाएगा। मौके पर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी मलती के अध्यक्ष जुम्माउद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष साबिर अन्सारी, पंचायत समिति प्रतिनिधि मासूक अली, पंचायत समिति प्रतिनिधि सफीक अन्सारी, पंचायत समिति सदस्य यूनुस अन्सारी, मुस्लिम अन्सारी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### भाकपा माले ने ग्रामसभा का किया आयोजन

**गावां गिरिडीह।** भाकपा माले द्वारा गावां प्रखंड के महुअरी, सिरी, महेशपुर व पत्थरडीहा में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। ग्राम सभा में आगामी 9 सितंबर को धनबाद में होने वाले रैली की सफलता पर चर्चा की गई। राजकुमार यादव ने कहा कि गावां प्रखंड से हजारों लोग उक्त रैली में भाग लेने जाएंगे। प्रखंड के कई गांव काफी पिछड़े है और सुधि लेने वाला कोई नही है।सुदूर गांव में उच्च शिक्षा की व्यवस्था नही होने से बच्चियां उच्च शिक्षा से वंचित हो जा रही है।

# महादानी मैदान में 19 सितंबर को दहाड़ेंगे टाईगर जयराम महतो



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के सुप्रिमो टाइगर जयराम महतो पहली बार 19 सितंबर को पेड़ों के ऐतिहासिक महारानी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के मांडर विधानसभा प्रभारी गुना भगत एवं सुखदेव उरांव ने संयुक्त रूप से दी है। मांडल विधानसभा के कार्यकर्ता झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के सुप्रिमो टाइगर जयराम महतो के स्वागत एवं उनकी पहली जनसभा को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सुखदेव उरांव ने बताया कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के कार्यकर्ता टाइगर जयराम महतो की प्रेरणा से ओतप्रोत होकर पूरे मांडव विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में दौरा कर रहे हैं और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि टाइगर जयराम महतो के साथ-साथ केंद्रीय महासचिव दीपक महतो, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के महामंत्री पंचम एक्का, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रिजवान सहित दर्जनों केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारी पहुंच रहे हैं। 19 सितंबर का दिन पार्टी के लिए पहला बड़ा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को लेकर पार्टी के कार्यकताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया । प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि बेड़ो पुलिस प्रशासन एवं अंचलाधिकारी को कार्यक्रम की जानकारी दे दी गई है। इस मौके पर मांडर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी गुना भगत, सुखदेव उरांव, अरूण महतो, संजु उरांव, चारो उरांव, विनय उरांव, विशाल उरांव, मनोज उरांव, मंगरा उरांव, सुभाष उरांव, विलियम उरांव, सोहन उरांव, गौतम कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

## संत जॉन मेरी स्कूल में चला ड्रग्स जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चान्हो स्थित संत जॉन मेरी वियनेय हाईस्कूल में ड्रग्स को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। डेड़ घंटे चले अभियान में डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी झारखंड, सीआईडी झारखंड और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों ने लगभग 250 विद्यार्थियों को ड्रग्स के नाशक परिणाम के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसमें विद्यालय के प्रांगण में ब्लाइंड स्कूल के बच्चे और नर्सिंग स्कूल की विद्यार्थी भी मौजूद रहे। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारी राकेश भारती गोस्वामी ने विस्तर से विद्यार्थियों को ड्रग्स के दुष्परिणाम के बारे में बताया कि कैसे वो शारीरिक और मानसिक रूप से शरीर दिमाग और पूरे परिवार की अर्थव्यवस्था को कमजोर करता हैं। सीआईडी से रिजवान अंसारी, शैलेंद्र कुमार सिंह व प्रवेश कुमार ने ड्रग्स को बेचने वालों से निपटने के लिए और उन पर कैसे और किस तरह झारखंड पुलिस कार्रवाई कर रही है। इस पर विस्तार से बताया। उन्होंने अपना और तीन और डीएसपी रैंक अधिकारियों का मोबाइल नंबर बच्चों को दिया जिसे किसी भी वक्त बच्चे और स्कूल प्रशासन नशे को लेकर किसी भी परेशानी के संबंध में संपर्क कर सकते हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### खद्दी उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में शामिल हुए डा. परमेश्वर भगत



**इटकी।** स्व. खद्दी उरांव मेमोरियल पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट कुर्गी द्वारा आयोजित फुटबॉल मैच में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। डॉ. परमेश्वर भगत ने खिलाड़ियों से परिचय करते हुए कहा इस तरह के आयोजन से हमारे क्षेत्र में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा जिससे खिलाड़ी अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना करियर बना सकते हैं। साथ ही अंत में डॉ भगत ने फुटबॉल टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच के तौर पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर आयोजक अमर ज्योति क्लब कुर्गी अध्यक्ष मुकेश उरांव, सचिव अनुज कुजूर सहित अनिष कुजूर,फिरोज आलम, रोहित कुजूर, सुनील कुजूर, इरफान आलम, इरशाद आलम अन्य उपस्थित रहे।

### गांडेय प्रखंड के बरमसिया और फूलची पंचायत में आयोजित की गई सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**गांडेय / गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड के दो पंचायत क्रमशः बरमसिया टू और फूलची पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम को लेकर पंचायत भवन में सभी विभाग के स्टॉल लगाए गए थे ।सभी स्टॉल में बैठकर कर्मी लाभुकों का आवेदन ले रहे थे ।कार्यक्रम में लाभुकों की भीड़ लगी हुई थी। लाभुक अबुआ आवास, मईया सम्मान योजना, आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल में पहुंचकर अपना आवेदन दे रहे थे। बरमसिया टू पंचायत में उपमुखिया मुकेश मंडल ने लाभुको से आवेदन प्राप्त कर जांच कर आगे विभाग अनुसार ऑनलाइन के लिए प्रखंड से आए हुए कर्मी को दे रहे थे ताकि आवेदन साथ ही साथ आगे की प्रक्रिया में बढ़ सके इधर फुलची पंचायत भवन परिसर में पंचायत के उप मुखिया काजल देवी लगातार ग्रामीणों के आवेदन भरने में मदद करते नजर आए । कार्यक्रम में समाजसेवी हीरालाल मुर्मू ,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी, सुकदेव मंडल, नवीन वर्मा, विपुल चौधरी, पशु चिकित्सा प्रभारी सुनील तिवारी,मो आबिद ,प्रखंड नाजिर अनिल कुमार मुर्मू सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

### अस्पताल से निकाले गये कर्मियों को फिर से वापस बुलाया गया



**अड़की।** कल्याण अस्पताल संचालक दीपक फाउंडेशन के द्वारा गुरुवार को अस्पताल में काम कर रहे तीन कर्मियों को छोड़ अन्य सभी कर्मियों को मौखिक आदेश पर निकाले जाने के विरोध में अस्पताल परिसर के बाहर शुक्रवार सुबह धरने पर बैठे। कर्मियों को निकाले जाने की सूचना पर सांसद कालीचरण मुंडा एवं विधायक विकास कुमार मुंडा के पहल एवं विभागीय दबाव और कर्मियों के आक्रोश को भांपते हुए दीपक फाउंडेशन के गुजरात हेड ऑफिस ने तुगलकी फरमान वापस लेते हुए पूर्व की तरह सभी कर्मियों को फिर से वापस काम में लेने का आदेश दिया। इस मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष भोलानाथ लाल एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता साधन दत्त के उपस्थिति में सभी अस्पताल कर्मियों को योगदान कराया गया। और बताया गया कि अस्पताल में सिर्फ ओपीडी सेवा 9:00 बजे से 5:00 तक चलेगी। आईपीडी सेवा अगले आदेश तक बंद रहेगा।

### बेड़ो में गणपति महोत्सव पर लगेगा मेला

**बेड़ो।** विनय बगीचा स्थित द्वारशिनी गणेश मंदिर में शनिवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर सुबह 10 बजे गणेश पूजा के आयोजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। विनय बगीचा स्थित द्वारशिनी गणेश मंदिर में आयोजक कैलाश कुमार एवं पूर्व विधायक गंगा टाना भगत ने सभी श्रद्धालुओं को पूजा के लिए आमंत्रित किया है। वहीं गणपति बप्पा के महोत्सव के दौरान बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में पहली बार भव्य मेला का आयोजन किया गया है मेला में बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ महिलाओं के लिए भी मीना बाजार का आयोजन किया गया है। मेला में झूले और खेल तमाशे की भी चल रही है तैयारियां। पंडाल निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। गणपति बप्पा महोत्सव को सफल बनाने को लेकर अंकित सोनी, अविनाश कश्यप, अमन गुप्ता शिवेंद्र सौरभ, रविंद्र बडाईक, उत्तम सोनी,अभिनव गुप्ता, राजन दुबे, गौतम गोप,गोलू रवि,तुषार,दीपक, सहित सभी सदस्य लगे हुए हैं।

### रांची रेलवे स्टेशन के यात्री प्रतीक्षालय में भी भेदभाव

# द्वितीय श्रेणी के यात्री प्रतीक्षालय में एलसीडी रहता है बंद, उच्च में रहता है चालू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची रेलवे स्टेशन में अमीर और गरीब के फासले स्पष्ट नजर आते हैं। यूं तो अब हम आजाद देश के नागरिक है लेकिन अफसरसाही आज भी अंगेजों वाली कहीं -कहीं देखने को मिलती है। मनोरंजन जैसी मामूली सी सुविधा को देने से भी रांची रेलवे स्टेशन कतरा रहा है। द्वितीय श्रेणी के यात्री प्रतीक्षालय और उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय में यात्रियों के साथ दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। द्वितीय श्रेणी के यात्री प्रतीक्षालय और उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय में मनोरंजन के लिए एलसीडी लगाया गया है। अंतर यह है कि द्वितीय श्रेणी के यात्री प्रतीक्षालय में एलसीडी हमेशा बंद रहता है,जबकि उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय में एलसीडी हमेशा चालू रहता है। द्वितीय श्रेणी के यात्री प्रतीक्षालय में अगर कभी चालू होता है वो भी न के बराबर। तब उसमें केवल आस्था चैलन देखने को मिलता है जबकि द्वितीय श्रेणी के यात्री प्रतीक्षालय के एलसीडी में अनेक चैनल मनोरंजन के लिए उपलब्ध है। रांची रेलवे स्टेशन मास्टर से पूछने पर कहते हैं जवाब देने के लिए आथोराइज्ड नहीं हूं और पीआरओ से मिलना तो मुशकिल है ही, फोन भी नहीं उठाते हैं।

### जेसीआई वीक की शुरूआत 9 से कई सामाजिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन



**रांची।** सोमवार 9 सितंबर से जेसीआई वीक की शुरूआत हो रही है। जेसीआई रांची यूथ द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 15 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जायेगा। प्रत्येक दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जेसीआई रांची यूथ द्वारा इस दौरान अपने चार्टर प्रेसिडेंट, चार्टर सदस्यों का सम्मान करते हुए उनका आभार व्यक्त किया जायेगा। उक्त जानकारी जेसीआई रांची यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने देते हुए कहा कि जेसीआई वीक के पहले दिन वृद्धाश्रम का दौरा, अपने चार्टर प्रेसिडेंट और सदस्यों का सम्मान, दूसरे दिन शाल्बी डिवाइन अस्पताल के सहयोग से कैंसर जागरूकता चिकित्सा शिविर का आयोजन तथा तीसरे दिन पहाड़ी मंदिर में पौधरोपण के साथ ही एमवीएस किड्स स्कूल के परिसर में कक्षा 4 से 8 तक के छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### श्री श्याम मण्डल के 57 वें वार्षिक महोत्सव का दूसरा दिन

## श्री श्याम प्रभु की भव्य शोभा यात्रा निकली, भक्त हुए आनंदित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मण्डल के 57 वें वार्षिक महोत्सव का शुक्रवार को दूसरा दिन था। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर से श्री श्याम प्रभु की भव्य शोभा - यात्रा प्रारम्भ हुई। शोभा यात्रा में आगे आगे विभिन्न देवताओं के जयकारे के बैनर लेकर भक्तगण चल रहे थे। वहीं पारंपरिक वाद्ययंत्रों एवं बैंड बाजे की धुन से वातावरण भक्तिमय था। साथ ही श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियां आकर्षण का केंद्र थी। शोभा यात्रा में मण्डल के सदस्य पूरे मार्ग में झूमते नाचते भजनों की अमृत वर्षा कर शोभा यात्रा में चल रहे थे। इतनी कृपा सांवरे बनाए रखना..., बड़ी दूर से चलकर आया हूं..., श्याम तेरे ही भरोसे मेरा परिवार.. इत्यादि भजनों की लय पर भक्त झूमते नाचते श्री श्याम प्रभु का आशीष प्राप्त कर रहे थे। साथ ही श्री श्याम प्रभु दिव्य रथ पर विराजमान होकर नगर वासियों को आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। साथ ही नगर के विभिन्न सामाजिक संस्था व बड़ी संख्या में जन मानस अपने घर और प्रतिष्ठान के सामने गुजर रहे दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु की आरती कर रहे थे। साथ ही सम्पूर्ण मार्ग में मण्डल के सदस्यों ने प्रसाद का वितरण किया।

### पूर्व विधायक अमित महतो ने किया डायरिया प्रभावित गांवों का दौरा

**सिल्ली।** सोनाहातू प्रखंड के तिलाईपीढ़ी गांव में डायरिया बीमारी फैल गया था जिसमें15 से अधिक लोग बीमारी से ग्रसित हुए थे इसकी सूचना मिलते ही शाम को सिल्ली के पूर्व विधायक सह खतियानी झारखंडी पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री अमित कुमार महतो ने गांव जाकर स्थिति का जायजा लिया और बीमारी से ग्रसित लोगों के घर में जाकर हाल-चाल पूछा।इलाज से संबंधित सारी जानकारी लिया। वही ग्रामीण को गांव में साफ सफाई पर ध्यान और गर्म पानी पीने को कहा और सावधानी बरतने के बारे में बताया। पूरी जानकारी हासिल कर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जयराम शर्मा को डायरिया से पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी ग्रामीण को डायरिया से बचने का उपाय बताया गया। मौके पर बुद्धिजीवी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर महतो, खतियानी झारखंडी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राजू मुंडा, दिनेश महतो, संतोष महतो, मुकेश महतो आदि मौजूद थे।

### तसरी में गणेश महोत्सव की तैयारी पूरी

## आज से 8 दिवसीय गणेश महोत्सव प्रारंभ



**तिसरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखण्ड मुख्यालय में आयोजित 8 दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में बंगाल के कारीगरों द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। वहीं पंडाल के साथ-साथ पूरे मैदान में आकर्षक साजो-सज्जा की गई है। शनिवार की सुबह इस भव्य पंडाल में गणपती विराजेंगे, सुबह 10 बजे से पंडितों द्वारा पूरे विधि-विधान से विघनहर्ता श्री गणेश की पूजा-अर्चना की जाएगी। जिसके पश्चात प्रसाद का वितरण और संध्या बेला में महाआरती होगी। वहीं रविवार को संगीत कार्यक्रम,सोमवार को बच्चों के लिए डांस कंपीटीशन,मंगलवार को पुरस्कार वितरण,बुधवार को सुप्रषिद्ध कलाकार राजू हलचल का जागरण और भव्य झांकी का आयोजन किया जा रहा है इसके साथ ही गुरुवार की संध्या भंडारा और शुक्रवार को जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच सामग्री वितरण किया जाएगा। जिसके पश्चात शनिवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ ही इस महोत्सव का समापन हो जाएगा।

# गणपति स्थापना की तैयारी पूरी, गणेश उत्सव आज से शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
शनिवार को गणेश चतुर्थी है। गणपति स्थापना को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। इस साल 7 सितंबर से गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। खलारी जेहलीटांड़ के मूर्तिकार प्रमोद प्रजापति गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। खलारी पिपरवार कोयलांचल के सभी गणेश पूजा आयोजक प्रमोद प्रजापति से ही गणेश प्रतिमाएं खरीद ले जाते हैं। प्रमोद ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने छोटी बड़ी एक दर्जन गणेश प्रतिमा बनाया है। कई आयोजकों को प्रतिमा के लिए रांची जाना पड़ा। पूरे कोयलांचल में 15 जगहों पर गणेश पूजा उत्सव मनाया जा रहा है। प्रतिमाओं की कीमत 5 हजार से लेकर 20 हजार रूपए हैं। पिछले एक महीने से प्रमोद व उनका पूरा परिवार प्रतिमाओं को बनाने में जुटा रहा। भगवान की मूर्तियां बनाने में नेम निष्ठा का भी ख्याल रखा जाता है। वे बताते हैं कि प्रतिमाओं के लिए रंग, वस्त्र व सज्जा श्रृंगार के सामान कोलकता से लाए गए हैं। इधर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का निर्माण भी तेजी से चल रहा है। बताते हैं कि पहले खलारी में कई ट्रांस्पोटिंग कंपनियां थी, गैराज थे, जहां भगवान विश्वकर्मा की पूजा होती थी। उनदिनों काफी प्रतिमा बिकती थी। अब केवल सीसीएल परियोजनाओं सहित कुछ जगहों पर विश्वकर्मा पूजा होता है। प्रमोद ने बताया कि वे पिछले 35 साल से मूर्तियां बना रहे हैं इससे पूर्व उनके पिता मूर्ति बनाते थे। यह कला उन्हें विरासत में मिली है। अपने लगन व मेहनत से उन्होंने इस कला में और निखार लाया है।

# समाज को गढ़ने में शिक्षकों की भूमिका अहम : सुदेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शिक्षक हमारे भाग्यविधाता हैं। इस समाज को किसी एक व्यक्ति, एक नेतृत्व से नहीं गढ़ा जा सकता है। समाज, राज्य और राष्ट्र को गढ़ने के लिए शिक्षकों की भूमिका अहम है। हमें बच्चों की तार्किक क्षमता को बढ़ाने के लिए काम करना है। तर्क से नए विचारों का सृजन होगा। सिर्फ सरकारी घोषण मात्र से शिक्षा व्यवस्था को सुधारा नहीं जा सकता है। इसके लिए विद्यालय व बच्चों को नजदीक से देखना होगा, गांव-परिवार के हालात को समझना पड़ेगा। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली स्थित अंबेडकर पार्क के समीप आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में कही। इस दौरान उन्होंने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों शिक्षकों को सम्मानित किया। शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस सुधार के लिए हमारे द्वारा लगातार काम किए जा रहे हैं। क्षेत्र के विद्यालयों को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को सभी सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयासरत हैं।

# वर्तमान स्थानीय जनप्रतिनिधि विकास के मामलों में फेल : डॉ. परमेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
शुक्रवार को समाजसेवी शमीम अख़्तर आजाद की अध्यक्षता में सुरसा और बरगडी पंचायत अन्तर्गत आने वाले सभी गांवो के महिला समूहों के साथ एक अहम बैठक आहूत की गई जिसमे मुख्य रूप से पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। बैठक में महिलाओ ने एक सुर में कहा की आज तक हमे विकास के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिला है, चाहे अंचल कार्यालय का काम हो या प्रखंड का काम हो, हम तक सीधे तौर पर नहीं मिल पाती है। बीच में ही बिचोलियों का सामना करना पड़ता हैं। आगे ग्रामीणों ने अवगत कराया की कई जगहों पर चलने लायक रास्ता नहीं हैं, गांव गांव में ट्रांसफार्मर जला हुआ है रोशनी के अभाव में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। नल जल योजना बेकार हो चुके लगभग सभी जलमिनार हाथी के दांत साबित हो चुका हैं। अबुआ आवास सक्षम लोगों को मिला, गरीब लोग ब्लॉक का चक्कर काट रहे हैं और बिचौलियों की चांदी है। लाल कार्ड, पीला कार्ड से गरीबों को सत प्रतिशत अनाज नहीं मिल रहा है 2 महीना में एक बार राशन वितरण करता है। बहुत सारे ग्रामीणों का राशन कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है। कुल मिलाकर मांडर के जनप्रतिनिधि विकास के मामले में फेल साबित हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों के लोग इस प्रकार के दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। जनता पिछले कई वर्षों से शोषित हो रही है, इसका पूरा श्रेय वर्तमान जनप्रतिनिधि को जाता है। आगे इन्होंने कहा कि आप हमें एक बार प्रतिनिधित्व का मौका दें मांडर विधानसभा क्षेत्र की विकास के मामले में तकदीर बदल देंगे। 20 साल बनाम 5 साल भारी रहेगा। मौके पर बरला देवी, सनी उरांव, सुनीता देवी, सूरजमनी कुजूर, ब्रिजमणी टोप्पो, नेसी कुजूर, गूंजा मिंज, किरण देवी, मीरा कुमारी, सुमंती उरांव, नेहा उरांव, अनीता देवी, राजिना लकड़ा, तर्रन्नुम निशा, सुनीता उरांव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# यूपीएस प्रतिवाद दिवस पर राष्ट्रपति व पीएम के नाम एसडीओ को ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता




**बरही।** यूपीएस प्रतिवाद विवाद दिवस के अवसर पर ओल्ड पेंशन सिस्टम लागू करने को लेकर झारखंड राज्य पेंशनर समाज की बरही अनुमंडल इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीओ जोहन टुडू से मुलाकात किया। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ को 2025 से लागू होने वाले यूपीएस सिस्टम के कमियों को बताया। साथ ही एसडीओ को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देते हुए ओल्ड पेंशन सिस्टम को ही जारी रखने की मांग किया। ज्ञापन में लिखा गया है कि संविधान की धारा अनुच्छेद 366 (17) के तहत सेवानिवृत कर्मियो को पेंशन मिलना उनका अधिकार है। बाबजूद नई यूपीएस सिस्टम के तहत इसे बंद करने की सोच समझ से परे है, जो न्यायोचित नहीं है। विडंबना यह है कि जनप्रतिनिधियों के लिए संविधान में पेंशन का कोई अनुच्छेद नही है, बाबजूद मात्र 5 वर्षों की सेवा में कई माननीय दो या तीन पेंशन ले रहे है। दुनिया के अन्य देशों में सेवानिवृति के पश्चात पेशन 64 से 100 फीसदी तक दो जा रही है। जबकि भारत में मात्र 50 फीसदी ही दिए जाते है।

## विधायक अमित यादव ने चेक डैम का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेड़ोकला क्षेत्र में विधायक अमित कुमार यादव ने विकास योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। इस क्रम में उन्होंने बेडोकला अंतर्गत तरियानाला उसके बाद देवनियादाह नाला में चेक डैम का शिलान्यास किया। शिलान्यास के क्रम में उन्होंने कहा कि चेक डैम बनने से आसपास के किसानों को खेती करने मैं सहूलियत होगी। वहीं संवेदक अनिल मंडल ने बताया कि दोनों चेक डैम जल संसाधन विभाग राज्य संपोषित योजना के मद से करीब 65 लाख की लागत से निर्माण की जाएगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय, संवेदक अनिल मंडल, मेवालाल मंडल, महेश साव, रितलाल प्रसाद, सरयू यादव, जयदीप साव, रामेश्वर साव, सुरेंद्र मिर्धा, कामेश्वर साव समेत दर्जनों लोग शामिल थे।



## इनरव्हील क्लब ऑफ जिमखाना क्लब में टीचर्स डे बनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**सीनियर टीचर बी राहा को किया गया सम्मानित**

**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा जिमखाना क्लब में टीचर्स डे मनाया गया । इस मौके पर सीनियर टीचर बी राहा को क्लब द्वारा सम्मानित किया गया । मौके पर वक्ताओं ने कहा की
टीचर्स डे का दिन हर बच्चे के लिए खास होता है। क्योंकि इस दिन उन्हें अपने शिक्षकों को आभार व्यक्त करने और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का अहसास करवाने का मौका मिलता है। यही कारण है कि टीचर्स डे शिक्षकों और छात्रों के बीच एक मजबूत संबंध का प्रतीक माना जाता है। इस दिन को सेलिब्रेट करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर अपने टीचर्स के प्रति प्रेम और आदर सम्मान का भाव लाना है। इसके माध्यम से हम उनके इस योगदान की सराहना करते हैं और उनके समर्पण को प्रेरित करते हैं।
जीवन की राह की मुश्किलों को आसान बनाना हर गुरु का परम उद्देश्य होता है। गुरु ही हमें जीवन की राह पर चलना सिखाता है और जीवन में अच्छे-बुरे की पहचान करवाता है। यही वजह है कि गुरुओं का दर्जा काफी ऊंचा होता है और उनके सम्मान में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप से सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिन सभी बच्चों के पास एक मौका होता है कि वह अपने टीचर का एक बार फिर से दिल जीतें और उनका शुक्रिया अदा करें।
मौके पर क्लब अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ,सचिव नवलजीत कौर,अनुराधा श्रॉफ,रंजू अरोड़ा,मधु बेरालिया,ममता अग्रवाल, जसप्रीत कौर ,निधि बुधियाआदि लोग उपस्थित थे ।

# युवा आजसू का नवनिर्माण महासभा रांची में कल



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** आगामी 8 सितंबर को रांची के प्रभात तारा मैदान में आजसू पार्टी के युवा नवनिर्माण सभा को सफल बनाने को लेकर रामगढ़ जिला कार्यालय में आजसू युवा मोर्चा के प्रदेश संयोजक सह रामगढ़ जिला प्रभारी राजेश कुमार महतो के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस क आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राजेश कुमार महतो ने कहा कि युवा नवनिर्माण सभा के माध्यम से आजसू पार्टी राज्य के शिक्षित बेरोजगारों का बायोडाटा झारखंड के मुख्यमंत्री को सौंपेंगी। कहा की सभा केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो संबंधित करेंगे और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जवाबदेही सौंपेंगे। राजेश महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर रामगढ़ जिला से युवा मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता नवनिर्माण सभा में शामिल होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से जिला सह प्रभारी नीतीश निराला,सह प्रभारी अमित कुमार दास,रवि करमाली,उत्तम कुमार उपस्थित थे।

### संजय कुमार ने प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब के रूप में पदभार ग्रहण किया

**रामगढ़।** संजय कुमार न० 1 मेंबर सेक्रेटरी एससीएमएस कमेटी झारखण्ड उच्च न्यायालय राँची द्वारा नये प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रामगढ़ के रूप में पदभार ग्रहण किया गया। विदित हो कि पूर्व प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रामगढ़ लोलार्क दुबे की सेवानिवृति के उपरांत दिनांक 30।06।2024 से प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रामगढ़ का पद रिक्त था। अतः अब नये प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, रामगढ़ के पदस्थापन होने से कुटुम्ब न्यायालय रामगढ़ से संबंधित मामलों की सुनवाई नियमित से रूप की जाएगी। साथ ही दिनांक 09 सितम्बर से 13 सितम्बर 2024 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ द्वारा कुटुम्ब न्यायालय हेतु विशेष मध्यस्थता अभियान एवं सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में सुनिश्चित किया गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

नवीन मेल संवाददाता

**बिष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग बच्चियो के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है । आरोपियों के खिलाफ विष्णुगढ़ थाना में मुकदमा दर्ज कर बुधवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। संबंधित घटना ग्राम पंचायत नवादा की है । पीड़िताओं की उम्र 14 और 15 साल बताई गई है , थाने में दी गई आवेदन के आधार पर विगत रविवार को दोनों नाबालिग बकरियां चरा रही थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसी बीच नवादा गांव के दो युवक साथ में आए और बकरियां चरा रही बच्चियों के पास पहुंचे और उन्हें जबरन कुछ सुंघाया । जिससे बच्चियां अचेत हो गईं , अचेतावस्था में ही जिला गिरिडीह के डूमरी प्रखंड , किशोरियों को आरोपियों के द्वारा लाया गया । पीड़िता इस बात से अनजान थी । जब पीड़िता होश में आई तो खुद को एक कमरे में बंद पाई। और दोनों पीड़िता , आरोपियों की वजह से अपने-अपने को असहज रूप में पाई । बावजूद आरोपियों द्वारा जबरन दुष्कर्म करना नहीं छोड़ा गया । गिरिडीह जिलान्तर्गत डुमरी में पूरी रात रखने के बाद सोमवार दोपहर विष्णुगढ़ के जमुनिया डैम के पास आरोपी के द्वारा पीड़िता को बाइक से उतारकर आरोपी फरार हो गया । घर पहुंचकर नाबालिगों ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी । फिर आरोपियों को ग्रामीणों द्वारा पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया । थाना में कांड संख्या 150/24 अंकित कर पोक्सो एक्ट समेत अन्य सुसंगत धाराओं के तहत आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।

## भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से 9 को कर्जन स्टेडियम में करम महोत्सव




नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के नेतृत्व में सदर विधानसभा हजारीबाग में कर्मा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 9 सितम्बर, सोमवार को कर्जन ग्राउंड, हजारीबाग में आयोजित होगा, जहाँ सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा दिया जाएगा। इसका मुख्य आकर्षण सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 21,000, द्वितीय स्थान को 15,000, तृतीय स्थान को 11,000 और 10 समूहों को सांत्वना पुरस्कार 2,100 दिया जाएगा। वहीं सर्वश्रेष्ठ रील प्रतियोगिता के माध्यम से रील निर्माताओं को अपनी रचनात्मकता दिखाने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 3,100, 2,100, और 1,100 प्रदान किया जाएगा। साथ ही वादन प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली वादकों के लिए प्रथम पुरस्कार 3,100 एवं द्वितीय पुरस्कार 2,100 रखा गया है। इस आयोजन में निशुल्क पंजीकरण की सुविधा दी गई है। इसके लिए मोबाइल नंबर 8595235147 और 6205344210 जारी किया गया है ताकि इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सके। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सभी सदर विधानसभा के निवासियों को इस महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया है। कहा कि 9 सितम्बर की सुबह 11 बजे कर्जन ग्राउंड में इसका आयोजन किया जा रहा है।

### भारत जकात मांझी परगना महल के सदस्यों ने मंत्रियों को सौंपा ज्ञापन

**बरकट्ठा।** प्रखंड के भारत जकात मांझी परगना महल के सदस्यों ने ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी और कल्याण मंत्री दीपक बिरूवा से पीसीसी एंव काली करण सड़क कराने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष रामजी बेसरा और सचिव मनोज मुर्मू शामिल थे। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थान आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं। जहाँ के लोगों की विभिन्न समस्या हैं। वहीं ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ग्राम लगनवां क्षेत्र अंतर्गत झंड़वाटांड़, गोरहर के जवाड़ पहाड़पुर में पीसीसी, डूमरडीहा में पीसीसी पथ निर्माण समेत अन्य स्थानों पर पीसीसी और पंचरूखी तिलैया से सिजुआ तक काली करण सड़क निर्माण की मांग की है। मुलाकात के दौरान मंत्रियों ने आश्वाशन दिया कि चुनाव से पहले निश्चित रूप से इन कार्यों को करा दिया जाएगा ।

## केएफसी कोनहारा की टीम बनी फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियन,चक को किया पराजित




नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत बरकट्ठा अडवार स्थित स्टेडियम में स्वतंत्र नव युवक संघ बरकट्ठा के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता केएफसी कोनहारा कला की टीम बनी। रोमांच से भरपूर फाइनल मैच का निर्णय टॉस से किया गया जिसमें कोनहारा कला की टीम ने चक को पराजित किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा सांसद सह केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी,विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी,पंसस प्रीती गुप्ता, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता उपस्थित थे। लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है उसे निखारने की अवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि खेल कूद के माध्यम से भी अपना कैरियर बना सकते हैं। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल प्रतियोगिता का आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। वहीं अतिथियों ने विजेता टीम को हीरो स्पलेंडर और उप विजेता टीम को सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल देकर पुरस्कृत किया। मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि केदार साव, रघुवीर प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, प्रमेश्वर साव,पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, चेचकपी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव,टुकलाल नायक, महादेव यादव, के सभी सदस्य मौजूद थे।

# 7 से 9 तक पतरातु लेक रिजॉर्ट में होगा 'झारखंड एडवेंचर फेस्टिवल' का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**प्रवेश रहेगा निःशुल्क बेहद कम दरों पर पर्यटक उठा सकेंगे विभिन्न वाटर एवं लैंड बेस्ड एक्टिविटीज का लुफ्त**

**विभिन्न एक्टिविटीज के लिए 2 व्यक्तियों पर "कॉम्बो प्राइस" के तहत मिलेगी विशेष छूट**

**रामगढ़।** पर्यटन निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा 7 सितंबर से 9 सितंबर 2024 तक रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातु लेक रिजॉर्ट में झारखंड एडवेंचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित झारखंड एडवेंचर फेस्टिवल 2024 के दौरान पर्यटकों के लिए पतरातु लेक रिजॉर्ट परिसर में प्रवेश निशुल्क रहेगा वही तीन दिनों तक चलने वाले झारखंड एडवेंचर फेस्टिवल के दौरान पर्यटक बेहद कम दर पर विभिन्न वाटर एवं लैंड बेस्ड एक्टिविटीज का लुफ्त उठा सकेंगे। झारखंड एडवेंचर फेस्टिवल के दौरान बनाना राइड के लिए 100, वेक बोर्डिंग के लिए 300, रिंगो राइड के लिए 300, डिस्को राइड के लिए 100, कायक (सिंगल बोट) के लिए 70, वाटर रोलर के लिए 70, हाई स्पीड बोट के लिए 100, सेल बोट के लिए 70, माउंटेन बाइकिंग के लिए 30, जिप लाइनिंग के लिए 100 एवं डुओ साइकिलिंग के लिए 70 का भुगतान प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक राइड के लिए करना होगा। इस दौरान विभिन्न एक्टिविटीज के लिए दो व्यक्तियों को एक साथ टिकट खरीदने पर "कॉम्बो प्राइस" के तहत विशेष छूट दी जाएगी जिसमें हाई स्पीड बोट, बनाना राइड एवं कायक राइड के लिए 500, हाई स्पीड बोट, वेक बोर्डिंग, वाटर रोलर एवं नेवी सेल बोट के लिए 1000, हाई स्पीड बोट, रिंगो राइड, डिस्को राइट एवं नेवी सेल बोर्ड के लिए 1000 तथा माउंटेन बाइकिंग, जिप लाइनिंग एवं रिंगो राइड के लिए मात्र 840 रुपए देना होगा। इन सब के अलावा पर्यटक वाजिब दर पर विभिन्न व्यंजनों का भी लुप्त झारखंड एडवेंचर फेस्टिवल के दौरान उठा सकेंगे।

**आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार**

# जनता की सहभागिता से कार्यक्रम सफल की ओर अग्रसर : सुधीर मंगलेश

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के होन्हे पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ मदन महली, विशिष्ट अतिथि उप प्रमुख धर्मधीर महतो, मुखिया राजीव मेहता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने राज्य सरकार के इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की, जिसका उद्देश्य आम जनता को पंचायत स्तर पर योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीण जनता से अपील की कि वे इस कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाएं और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करें। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहाँ कर्मियों ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बाल विकास परियोजना द्वारा गोंद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, और लाभुकों को अबूआ आवास, मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, सावित्री किशोरी स्मृति योजना, और अन्य सामाजिक योजनाओं के लिए फार्म भी वितरित किए गए। व साइकिल वितरण किया गया। मौके पर बीस सूत्री सदस्य प्रकाश करमाली, परमानन्द सिंह,एनएम तन्नू कुमारी आदि उपस्थित थे ।

# न्यूज बॉक्स

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा।** बच्चों को संसद की संवैधानिक प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व एसएससी शिक्षक शंकर कुमार और पायल सिंह के अलावा विभाग के अन्य शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के डॉक्टर अजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बुके देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में स्पीकर के रूप में आनंदिता कुमारी, सेक्रेटरी के रूप में दिव्यानी कुमारी, प्रधानमंत्री के रूप में शिवम कुमार, गृह मंत्री के रूप में अमित कुमार, शिक्षा मंत्री के रूप में सौरभ रंजन, अपोजिशन लीडर के रूप में ताईबा जबीन, अपोजिशन प्रतिनिधि के रूप में राजवीर मोदी, मोहित कुमार, परी कुमारी, प्राची कुमारी, कशिश कुमारी, दिव्यांशी कुमारी, सृष्टि कुमारी और सुहानी कुमारी रूलिंग पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में निखिल राज, फरहाद, अर्चि कुमारी, तनीषा शर्मा, सौम्या कुमारी, फॉरेन डेलिगेट्स के रूप में लूसी अंबेडकर, अभिराज कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बेस्ट स्पीकर का अवार्ड कशिश कुमारी, शैलवी सिंह और तनीषा शर्मा को मिला।

### जयनगर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध नकली शराब किया बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**कोडरमा।** जयनगर थाना अंतर्गत अवैध शराब का निर्माण एवं तस्करी किए जाने की सूचना पर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध नकली शराब बरामद किया। मौके से एक शराब तस्कर को किया गिरफ्तार किया गया है। एसपी अनुदीप सिंह ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि सूचना के आलोक में जयनगर थाना प्रभारी विकास पासवान के नेतृत्व में बीती रात थाना क्षेत्र के प्रतापपुर स्थित गोविन्द रजक 28 वर्ष, पिता शिवकुमार के घर छापामारी की गई। इस दौरान मैकडोवेल्स लग्जरी स्टीकर लगा हुआ 18 पीस, मैकडोवेल्स लग्जरी नंबर 1 स्टीकर लगा हुआ 23 पीस, इंपीरियल ब्लू 24 पीस, इंपीरियल ब्लू व्हिस्की 21 पीस जब्त किया गया। वहीं 6 प्लास्टीक का बडा बोरा में शराब की खाली बोतल को भी जप्त किया गया। एसपी ने बताया कि छापेमारी में एक प्लास्टीक का बोरा में आरसी यूनाइटेड स्प्रिट्स लिमिटेड भदरकाली लिखा हुआ काला रंग का ढक्कन सील 155 पीस बरामद करने में पुलिस सफल रही। गिरफ्तार अभियुक्त गोविन्द रजक ने बताया गया कि घर में ही स्प्रीट एवं केमीकल मिक्स कर नकली अंग्रेजी शराब का निर्माण कर बिहार भेजा जाता था। इस संबंध में जयनगर थाना काण्ड संख्या 168/24 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीज के मस्तिष्क का हुआ सफल सर्जरी



**रांची। हजारीबाग।** मिशन रोड रविन्द्र पथ पर अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीज के मस्तिष्क का सफल सर्जरी हुआ। विगत सप्ताह विष्णुगढ़ निवासी तुलसी प्रसाद का सड़क दुर्घटना में मस्तिष्क की हड्डी टूट करब्रेन के अंदर चली गईथी। जिसके कारण मस्तिष्क में काफी रक्त का स्राव हो रहा था। आनन- फानन में मरीज को बेहोशी की हालात में संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल भर्ती कराया गया। न्यूरोसर्जन डॉ विराट हर्ष, क्रेनियोफेशियल सर्जन डॉ रंजीत एवं एनीस्थिटिस्ट डॉ सुप्रभात के नेतृत्व में मस्तिष्क का सफल सर्जरी किया गया। डॉक्टर्स एवं ओटी असिस्टेंट की टीम ने मरीज का मस्तिष्क की खोपड़ी खोलकर इकट्ठा रक्त को हटाया जिससे ब्रेन में पल्सेशन वापस आया और ऑक्सिजनेशन पूरा हो गया। खुली खोपडी को वापस टाइटेनियम के मेस प्लेट और स्क्रू के सहायता से फिक्स कर दिया गया। इस प्रकार शतप्रतिशत फंक्शनल और एसथेटिक रिकवरी हुई। मस्तिष्क के सफल सर्जरी से मरीज के संबंधियों में खुशी की लहर दौड़ पडी एवं जीवनदाता के रूप में अस्पताल एवं डॉक्टर्स की टीम का आभार व साधुवाद जताया।

### जीएम डायग्नोस्टिक्स और पॉलीक्लिनिक सेंटर में एक दिवसीय मुफ्त इलाज की व्यवस्था कल

**हजारीबाग।** हड्डियों और जोड़ो के दर्द से परेशान लोगों के लिए 8 सितम्बर को डॉ एम ए अफ़ज़ल से मुफ्त परामर्श दिया जा रहा है। 8 सितम्बर 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ एमए अफ़ज़ल, मुफ्त परामर्श देंगे। डॉक्टर अफ़ज़ल अपनी एमबीबीएस और ऑर्थो की डिग्री के साथ हड्डियों और जोड़ो की समस्याओं पर व्यापक अनुभव रखते हैं। नवाबगंज, हज़ारीबाग के लक्ष्मी पेट्रोल पंप के सामने जीएम डायग्नोसिस सेंटर में आयोजित कमर दर्द, घुटने के दर्द, हड्डियों का फ्रैक्चर और सर्दी,खासी,जुखाम, इत्यादि से पीड़ित लोग भी अपना मुक्त इलाज करवा सकते हैं। ऑर्थोपेडिक समस्याओं से जूझ रहे मरीज डॉक्टर से मुफ्त में सलाह ले सकते हैं। डॉ। एम ए।अफ़ज़ल ने हड्डियों की समस्याओं और उनसे जुड़े दर्द के इलाज में कई सालों का अनुभव हासिल किया है,और उनकी विशेषज्ञता से आप अपने दर्द और परेशानियों का सही समाधान प्राप्त कर सकते हैं। यह सुनहरा मौका उन लोगों के लिए बेहद खास है, जो लंबे समय से हड्डियों और जोड़ो की समस्याओं से पीड़ित हैं, विशेषज्ञ से सलाह नहीं ले पाए हैं उनके लिए यह सुनहरा अवसर है। डॉ।अफ़ज़ल इस एक दिवसीय मुफ्त परामर्श सत्र में अपने अनुभव और ज्ञान के साथ मरीजों की समस्याओं का निदान करेंगे और उन्हें उचित सलाह देंगे। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए मरीजों को समय पर पहुंचने की सलाह दी गई है। चूंकि यह सेवा केवल एक दिन के लिए ही है, इसलिए समय रहते अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का निदान करवाने का यह सुनहरा मौका न चूकें।हड्डियों और जोड़ो की समस्याओं का सही इलाज पाकर एक स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं, और इस मुफ्त परामर्श सत्र का लाभ जरूर उठाएं।

### क्षेत्र की समृद्धि की कामना के साथ भाजपा नेता टोनी जैन ने सपरिवार मनाया तीज का पर्व



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने शुक्रवार को अपने पूरे परिवार के साथ धूमधाम से हरितालिका तीज का पर्व अपने निवास पर मनाया। इस पावन अवसर पर परिवार द्वारा विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। टोनी जैन ने भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की आराधना करते हुए हजारीबाग के समस्त भक्तों की खुशहाली, सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। उन्होंने यह भी कहा कि सभी सनातनी भाई-बहनों का जीवन सुखी और समृद्ध रहे।जैन रीति-रिवाजों के अनुसार, इस दिन घर की महिलाएं शुद्धता का विशेष ध्यान रखते हुए एक अनाज से बने व्यंजन ही ग्रहण करती हैं। इसे जैन परंपरा में "रोट तीज" के नाम से जाना जाता है। रोट तीज से जुड़ी भी एक पौराणिक कथा है, जिसमें तीज के नियमों का पालन न करने पर परिवार को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हरितालिका तीज का व्रत माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए किया था,इस व्रत का पालन आज भी अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जाता है।

## एक नजर

### सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

**जलडेगा।** गुरुवार को जलडेगा के स्थानीय सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में धूमधाम के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं मैनेजमेंट टीम द्वारा बहुत ही आकर्षक ढंग से सेंटर को सजाया गया था। सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं ने सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर आलोक कुमार को फूल का गुलदस्ता एवं उपहार भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने केक काटकर छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक दिवस मनाया। मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डायरेक्टर आलोक कुमार ने डॉ एस० राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों व आदर्शों पर चलने की प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में सत्त प्रत्यनशील है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही संस्थान का मुख्य उद्देश्य है वर्तमान परिदृश्य में कंप्यूटर का ज्ञान अति आवश्यक है।

### पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में भाजपा नेता श्रद्धानंद के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मिले ग्रामीण

**सिमडेगा।** सिमडेगा के सायपुर में बीती रविवार को अवैध शराब बंदी को लेकर छापेमारी अभियान में पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में भाजपा नेता पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा के नेतृत्व में सायपुर के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक से मिल कर अपना दुखड़ा सुनाया। मौके पर भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि बीती रविवार को शराबबंदी की आड़ में पुलिस द्वारा जबरन दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया और एक व्यक्ति का 70000 रुपया भी गोदरेज तोड़ कर ले लिया गया,साथ ही कुछ गहने भी गायब हैं जो सरासर गलत है पुलिस आम लोगों की रक्षक है उनका इस तरह का व्यवहार किसी भी तरह से मान्य नहीं है हम लोगों ने पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है के मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और गरीब लोगों का पैसा लौटाया जाए।

### पुलिस व नागरिकों के बीच सौहार्द बढ़ाने के लिए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता, गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, और चलकुशा थाना प्रभारी चितरंजन कुमार के उपस्थिति में नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण ,साथ ही पुलिस एवं नागरिकों के बीच आपसी सौहार्द एवं विश्वास को बढ़ाने के उदेश्य से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बरकट्ठा, गोरहर एवं चलकुशा थाना क्षेत्र के आम जनता अपनी-अपनी शिकायतों को लिखित एवं मौखिक रूप से रखे।

इस दौरान बरकट्ठा थाना से 15 (पंद्रह), गोरहर थाना से 01 (एक) एवं चलकुशा थाना से 02 (दो), कुल-18 (अठारह) शिकायत प्राप्त हुआ।

धनबाद में बीसीसीएल के दफ्तर में चल रही थी अवैध मिनी शराब फैक्ट्री

# पुलिस ने 3 को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** जिला पुलिस ने नकली शराब निर्माण की मिनी फैक्ट्री का खुलासा किया है, जहां से भारी मात्रा में शराब व निर्माण की जाने वाली सामग्री भी पुलिस ने जब्त की है. जिसमें विभिन्न ब्रांड के स्टीकर के साथ दो वाहन और तीन मोबाइल भी जब्त की गयी है. तीन अवैध धंधेबाजों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता हाथ लगी है. मुनीडीह थाना में डीएसपी दीपक कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि एसएसपी के निर्देश पर कार्रवाई की गई है. जिसमें छापेमारी के दौरान मिनी अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है. पुलिस ने मुनीडीह ओपी क्षेत्र के डीएम कॉलोनी में छापेमारी की. छापेमारी के दौरान एक आवास में नकली अंग्रेजी शराब निर्माण का कार्य चल रहा था. पुलिस द्वारा भारी मात्रा में शराब निर्माण की सामग्री बरामद की गई है. जिसमें 130 पेटी निर्मित शराब है. विभिन्न ब्रांड के स्टीकर के साथ ही बोतल की रीफिलिंग मशीन भी बरामद हुई है. छापेमारी के दौरान तीन धंधेबाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. घटनास्थल से मुख्य धंधेबाज मौके पर फरार होने में कामयाब रहा. मुख्य धंधेबाज का नाम शिव कुमार यादव है जो झरिया का रहने वाला है. डीएसपी ने बताया कि मनोज कुमार नाम के सख्स ने उसे बीसीसीएल आवास में मिनी शराब फैक्ट्री के लिए संरक्षण दिया था. पुलिस की पकड़ से वह भी अभी तक बहार है. इस मौके पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है. कतरास मोड़ के रहने वाले बिट्टू कुमार मंडल, फतेहपुर बस्ती के राकेश कुमार, झरिया के सुमित कुमार गुप्ता, शिवजी यादव मुनिडीह के मनोज कुमार सिंह और पुटकी के धीरू राय को नामजद अभियुक्त बनाया गया है. फरार अभियुक्तों की तालाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

### बरकट्ठा थाने में लगा जन शिकायत समाधान शिविर बरही थाने में आज लगेगा

**बरही** । निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बरकट्ठा थाना में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया. शिविर एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार की निगरानी में आयोजित की गई थी. जिसमे बरकट्ठा, चलकुसा और गोरहर थाना के थाना प्रभारी मौजूद थे. शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लिखित व मौखिक रूप से रखा. जिस पर गंभीरता पूर्वक विचार कर उचित कारवाई की गई. शुक्रवार के इस शिविर में बरकट्ठा थाना के सर्वाधिक 15, गोरहर थाना के 02 और चलकुसा थाना के 01 मामले आए. जिसमे बरकट्ठा थाना के 02 मामले को ऑन द स्पॉट त्वरित निष्पादित किया गया. शेष मामले त्वरित निष्पादन हेतु प्रक्रियाधीन हैं. बरही थाना में आज शनिवार को पूर्वाहन 11 बजे से शिविर लगाया जायेगा. एसडीपीओ ने बताया कि यह झारखंड पुलिस की एक महत्वाकांक्षी पहल है।

# बड़कीबिउरा पंचायत में लगा 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** प्रखंड के बड़कीबिउरा पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 1518 आवेदन प्राप्त किये गये जिसमें से 445 आवेदनो का मौके पर निष्पादन किया गया। सबसे अधिक अबुआ आवास के लिए 407 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं दस 10 जाति प्रमाण पत्र एवं 4 साइकिल स्कूली बच्चों के बीच वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने शिविर में अव्यवस्था देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायत स्तर का यह कार्यक्रम है लेकिन पंचायत के मुखिया,पंचायत सचिव,रोजगारसेवक ही शिविर में उपस्थित नहीं हैं।यह कार्यक्रम का आयोजन किसके जिम्मे है वह भी किसी को पता नहीं है। सब अव्यवस्थित है। जनता इधर उधर भटक रही है लागों को समझ नहीं आ रहा है , आवेदन को कहाँ जमा करना है इस शिविर में जनता जिस उम्मीद से आइ है कि मेरा समस्या हल होगा लेकिन अव्यवस्था देखने से लगता है उनका समस्या का समाधान मुश्किल है उन्होंने उपस्थित कर्मियों से कहा कि जो आवेदन जमा हो रहें हैं उनका निष्पादन किया जाए जनता बड़ी उम्मीद से शिविर में आवेदन जमा किये हैं बाद में मैं देखूंगी कि आज के शिविर में जमा हुए कितने आवेदन का निष्पादन किया गया । राज्य सरकार बिना तैयारी के इस तरह के कार्यक्रम चला रही है। यह केवल ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है।

मौके पर जिला नोडल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी,सीओ किरण डांग आदि उपस्थित थे।

धनबाद स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही

# पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में मिलीं एक्सपायर्ड दवाएं और जांच किट






**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** जिले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है. धनबाद के टुंडी प्रखंड की रामपुर पंचायत के चुरूरिलिटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र में बड़े पैमाने पर एक्सपायरी दवाएं, ओआरएस और जांच किट पाए गए हैं. सभी दवाइयां करीब एक साल पहले एक्सपायर हो चुकी हैं. ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं. दरअसल, टुंडी प्रखंड के खेसमी और चुरुरिलिया स्वास्थ्य केंद्र की जांच के लिए जिला मुख्यालय से स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची थी. सूत्रों की मानें तो इन स्वास्थ्य केंद्रों में एक्सपायरी दवाइयां रखी थी. इस दौरान जैसे ही स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम पहुंचने की जानकारी मिली सभी एक्सपायरी दवाइयां, ओआरएस और जांच किट को चुरूरिलिया के आंगनबाड़ी केंद्र में रखवा दिया गया था।

#### मामले की जांच कराई जाएगी : बीडीओ

वहीं आंगनबाड़ी केंद्र में एक्सपायरी दवाइयों के बारे में पूर्वी टुंडी बीडीओ अमृता सिंह ने कहा कि मीडिया के माध्यम से ही मामला संज्ञान में आया है. मामले की जांच करायी जाएगी. इस दौरान उन्होंने बताया कि चुरुरिलिया में दो तीन परिवार डायरिया से ग्रसित हैं. उनमें जागरुकता का अभाव है. चुआं का पानी पीने के कारण तीन परिवार के लोग डायरिया से ग्रसित हुए हैं. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुएं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करा दिया है. साथ ही पीड़ित परिवारों को ओआरएस भी दिया गया है. साथ ही पानी उबालकर पीने की सलाह लोगों को दी गई है.

#### दोषी के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई : सीएस

वहीं इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. चंद्रभानु प्रतापन ने कहा कि एक्सपायरी दवाओं के संबंध में जानकारी मिली है. मामले की जांच के बाद दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

# धनबाद में सितंबर में ही बारिश का लक्ष्य पूरा

**धनबाद।** अगस्त महीने में हुई रिकार्ड बारिश ने धनबाद में बारिश का आंकड़ा पूरा कर लिया है। धनबाद में हर साल औसतन 1000-1100 मिलीमीटर तक बारिश को बेहतर माना जाता है। सितंबर में ही धनबाद में बारिश का आंकड़ा 1000 मिलीमीटर को पार कर लिया है। दिसंबर तक यह आंकड़ा 1100 मिलीमीटर को भी पार कर जाएगा। पिछले तीन वर्षों से धनबाद में हो रही कम बारिश की वजह से नदी-तालाब सूख गए थे। खेतों में फसल नहीं लगाई जा रही थी। लेकिन इस बार मॉनसून की अच्छी बारिश ने सभी पुराने रिकार्ड को ध्वस्त कर दिए। अच्छी बारिश की वजह से ही धनबाद में 72 प्रतिशत धान की रोपनी हो पाई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांकः– दिनांक–

अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–15/2024-25/RWD /EE/RANCHI

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेषन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राषि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि / अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 45/2024-25 | रातू | रामकृष्णा पुरम रिंग रोड (सिमलिया दुल्हन बैंक्वेट हॉल) से रिंग रोड के पश्चिम की ओर में राकेश कुमार सिंह, हरिशंकर चौबे, विनोद गोप के घर तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–1.030 कि0मी0) | 94,44,100.00 | चौरानबे लाख चौवालीस हजार एक सौ रूपये मात्र। | 6 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–09.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–18.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–20.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 334880 Police(24-25)D


ठेठईटांगर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने पिंटू कुमार

**ठेठईटांगर।** मुख्यालय शिव मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा समिति की बैठक पुरोहित सूर्यकांत झा की अध्यक्षता में हुई जिसमें सर्वसम्मति से पिंटू कुमार को दूसरी बार समिति का अध्यक्ष चुना गया।उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता संतोष सिन्हा मिथिलेश पांडे परमानंद दास मुकेश केसरी को चुना गया। सचिव संजय प्रसाद उपसचिव विक्रम ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार उपकोषाध्यक्ष अरुण कुमार को बनाया गया। संरक्षक बंसी प्रसाद मथुरा प्रसाद प्रसन्न कुमार सिंह पिंटू राजेंद्र बडाईक विजय ठाकुर वेद प्रकाश प्रधान राजू सिंह नरेंद्र बडाईक को चुना गया एवं संयोजक आदित्य प्रसाद एवं अनिल लाल को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य हिंदू जागृति संघ के सभी लड़के को चुना गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा धूमधाम से किया जाएगा एवं सप्तमी अष्टमी नवमी को रात्रि जागरण कई तरह का प्रोग्राम किया जाएगा. दुर्गा पूजा की अगली बैठक 11सितंबर दिन बुधवार को शाम 7:30 बजे से होगा।

# अखंड सुहाग की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने किया हरतालिका तीज व्रत



**नवीन मेल संवाददपाता। सिमडेगा** अखंड सुहाग की कामना को लेकर शुक्रवार को सुहागन महिलाओं ने हरितालिका तीज व्रत किया । वहीं अचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा अर्चना कराई। महिलाओं ने भी सोलह श्रृंगार से युक्त होकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। साथ ही अखंड सौभाग्य की कामना की।इधर थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर समेत अन्य धार्मिक स्थलों एवं घरों में भी तीज पर्व का आयोजन किया गया। इधर तीज को लेकर घरों में उत्साह का माहौल बना रहा। लोग पर्व की तैयारी व पूजन आदि में जुटे रहे। इधर हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से तीज पर्व पर पूजा-अर्चन की। शिव-पार्वती की प्रतिमा स्थापित कर बड़ी श्रद्धा एवं उल्सास के साथ पूजा-अर्चना की गई। वहीं आचार्य के द्वारा हरितालिका तीज व्रत की कथा भी सुनाई गई। साथ ही इस व्रत करने के विधान व लाभ के बारे में भी जानकारी दिया। सिमडेगा थाना मंदिर के पुजारी सोमनाथ मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाएं सोलह सिंगार कर अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर यह व्रत करती हैं।

### गणेश चतुर्थी व करमा पूजा को लेकर बानो थाने में शांति समिति की हुई बैठक

**बानो।** बानो थाना के प्रांगण में गणेश चतुर्थी व करमा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा गणेश पूजा व करमा पूजा शांति पूर्वक मनाएं ।करमा पूजा झारखण्ड के हर गाँव में मनाई जाती है।इसमें गाँव के पहान द्वारा पूजा अर्चना के बाद कुँवारी कन्याओं द्वारा पूजन किया जाता है।बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक ने करमा पूजा के बारे मैं जानकारी देते हुए कहा कि कमरा पूजा दो भाइयों के बीच हुई लड़ाई में कर्म को ही जीत बताया।आज के समय में कर्म की ही महत्वपूर्ण है।थाना प्रभारी विकास कुमार ने कहा गाँव में शांति व्यवस्था बनाए रखें।। गाँव में किसी तरह की घटना हो तो इसकी जानकारी समय पर दे।बैठक गणेश पूजा के कार्यक्रम के बारे जानकारी ली गई तथा विसर्जन पर चर्चा की गई। मौके पर एस आई ललन कुमार ,गंगा सिंह ,दीपक साहू,सावित्री देवी, अरुणा कुमारी, बिकास मघइया, विशम्भर सिंह आदि लोग उपस्थित थे।


**ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार**
**विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉंची**

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/54/2024-25 दिनांक– 05/09/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | नवनिर्मित झारखण्ड विधान सभा, धुर्वा रॉंची के सभी विद्युतीय उपकरण, एवं पैनल, 2 अदद् 2000 के0वी0ए0 एवं 1 अदद् 500 के0वी0ए0 जनित्र का वार्षिक सम्पोषण एवं 22 अदद् लिफ्ट के संचालन का कार्य। | 1,49,94,558=00 | 10,000=00 | 3,00,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.09.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 13.09.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 19.09.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 20.09.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | मुख्य विद्युत अभियन्ता, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated-03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 335016 Energy(24-25)#D


केरसई राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय नशेड़ियों व असामाजिक तत्वों का बन रहा अड्डा

# छुट्टी के दिनों में रहती है नशेड़ियों की चांदी




**नवीन मेल संवाददाता। केरसई/सिमडेगा**

विद्यालय को विद्या का मंदिर कहा जाता है पर प्रखण्ड अंतर्गत केरसई राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय परिसर चोरों,नशेड़ियों,जुआरियों का अड्डा बनता जा रहा है। नशापान करने वाले विद्यालय मैदान में ही बैठकर गांजा भांग आदि का नशा करते हैं, तो वही ताश खेलने वाले हजारों रुपए की जुआ खेलते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय का खेल मैदान नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। हर दिन खेल मैदान में शराब की खाली बोतलें, प्लास्टिक के गिलास, गुटखा के पैकेट, फूंकी हुई सिगरेट, नमकीन की प्लास्टिकें मिलती रहती हैं। मैदान के किनारे निर्मित बैठकों में गुटखा खाकर थूका भी गया है। खासकर रविवार या छुट्टी के दिन चोरों व नशेड़ियों को खुली छूट रहती है। हालातों से जाहिर होता है कि शाम होते ही विद्यालय के खेल मैदान व पीछे आसपास की झाड़ियों पर नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है। नशेड़ी नशा करने के बाद नशापान की सारी विकृत साम्रगी मैदान में ही छोड़ जाते हैं।इन सभी दैनिक घटनाओं से विद्यार्थियों का शैक्षणिक माहौल खराब होता जा रहा है। विद्यालय परिसर में इस प्रकार के घटना पर अंकुश नहीं लगायी गई तो आगामी दिनों में बड़ी घटना घटित होने की आंशका बनी रहेगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि विद्यालय परिसर में आये दिन असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी की घटना को भी अंजाम दिया गया है। कई बार विद्यालय से चोरों द्वारा सामग्री एवं विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण में उपयोग की गई लोहा जाली की भी चोरी की गई है। हाल ही में विद्यालय के समीप दुकान में चोरों ने ताला तोड़कर खाद्य सामानों की चोरी की थी।


Annexure1
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 08/2024-25
Date :-06/09/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Laying of Paver blocks in Campus of Durga Mandir Patratu at Patratu Betulkala, Block- Gola, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 4.671 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 6 Months |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 09/09/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 16/09/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 16/09/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 18/09/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 335071 Minor Irrigation(24-25)#D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 176/PR/JUSNL/ 2024-25 | Repair & Maintenance, painting (inside and outside area), sanitary work & other misc. work of Staff Quarter (F – Type) at 132/33 kV, GSS, Daltonganj. | 03 Months | 1476/- | 12,600.00 | 6,25,721.00 |
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | | | 06.09.2024 at 12:00 PM | | | |
| Start Date & Time of upload of BID | | | 06.09.2024 at 12:00 PM | | | |
| End date and time of upload of BID | | | 26.09.2024 Up to 05:00 PM | | | |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | | | 27.09.2024 at 12:30 PM | | | |
| BID Opening date for Price Part | | | Will be communicated later on | | | |
| Tender Inviting Authority and address for communication | | | General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand | | | |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 334859 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (24-25)_D

संपादकीय

# श्रेष्ठता के लिए गुरु का महत्व बना रहे

हम आज जो कुछ भी है या हमने जो कुछ भी सिखा या जाना है उसके पीछे किसी न किसी का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहयोग व उसे सिखाने की भूमिका रही है। इसलिए आज का दिन प्रत्येक उस व्यक्तित्व के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का व उन सीखे हुए मूल्यों के आधार पर खुशहाल समाज निर्माण में अपनी भूमिका तय करने का दिन भी है। शिक्षक यानि गुरु शब्द का तो अर्थ ही अंधकार (अज्ञान) से प्रकाश (ज्ञान) की ओर ले जाने वाला है। भारत में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का श्री गणेश भी हो चुका है। पूरी शिक्षा नीति को देखने पर ध्यान आता है कि उसके क्रियान्वयन व सफल तरीके से उसे मूर्त रुप देने का अगर सीधा-सीधा किसी का नैतिक दायित्व बनता है तो वह शिक्षक का ही है। वर्तमान के आधार को मजबूत करते हुए, भविष्य के आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को चरितार्थ करने व भारत को आगे बढ़ाने के सपनों को अपनी आँखों में भर कर निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा व भाव जागरण का आधार भी शिक्षक है। शिक्षक जो जीवन के व्यावहारिक विषयों को बोल कर नहीं बल्कि स्वयं के उदाहरण से वैसा करके सिखाता है। शिक्षक जो बनना नहीं गढ़ना सिखाता है। शिक्षक जो केवल शिक्षा नहीं बल्कि विद्या सिखाता है। शिक्षक केवल सफल होना नहीं, असफलता से भी रास्ता निकाल लेना सिखाता है। शिक्षक जो तर्क व कुतर्क के अंतर को समझाता है। शिक्षक जो केवल चलना नहीं, गिरकर उठना भी सिखाता है। शिक्षक जो भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होना सिखाता है। शिक्षक जिसे समाज संस्कार, नम्रता, सहानुभूति व सहानुभूति की चलती फिरती पाठशाला मानता है। कहा जाता है कि एक शिक्षक का दिमाग देश में सबसे बेहतर होता है। एक बार सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कुछ छात्रों और दोस्तों ने उनका जन्मदिवस मनाने की इच्छा जाहिर कि, इसके जवाब में डॉक्टर राधाकृष्णन ने कहा कि मेरा जन्मदिन अलग से मनाने की बजाय इसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो मुझे बहुत गर्व होगा। इसके बाद से ही पूरे भारत में 5 सितंबर का दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन इस महान शिक्षाविद को हम सब याद करते हैं।डॉ. राधाकृष्णन अक्सर कहा करते थे, शिक्षा का मतलब सिर्फ जानकारी देना ही नहीं है। जानकारी का अपना महत्व है लेकिन बौद्धिक झुकाव और लोकतांत्रिक भावना का भी महत्व है, क्योंकि इन भावनाओं के साथ छात्र उत्तरदायी नागरिक बनते हैं। वे मानते थे कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा, तब तक शिक्षा को मिशन का रूप नहीं मिल पाएगा। आज शिक्षा को मिशन बनाना होगा। शिक्षा की पहुँच इस देश के अंतिम घर के अंतिम व्यक्ति तक होनी चाहिए। इसके लिए केवल शिक्षकों को ही नहीं समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। प्रत्येक वो व्यक्ति जो अपने आपको शिक्षा देने में सक्षम समझता है उसे आगे आना होगा। अपने यहाँ अधिक से अधिक मोहल्ले एवं ग्रामीण शिक्षा केंद्र संचालित करने की चुनौती को उसे स्वीकार करना होगा। ताकि समाज का कोई भी वर्ग या स्थान शिक्षा से वंचित न रहे।

> व्यावहारिक विषयों को बोल कर नहीं, बल्कि स्वयं के उदाहरण से वैसा करके सिखाता है। शिक्षक बनना नहीं गढ़ना सिखाता है। शिक्षक केवल शिक्षा नहीं देता, बल्कि विद्या सिखाता है।

# क्या दिल्ली जा रहा है?



आज की बात



रमेश जोशी

जैसे प्रचंड साहसी और समर्पित श्रद्धालु किसी अन्य धर्म के पूजा स्थल के सामने माइक लगाकर जोर जोर से संगीत बजाकर अपने संकट में आ चुके अपने धर्म को बचाने का पुण्य काम करते हैं, उसी श्रद्धा, समर्पण और नियमितता से गली का एक मरियल सा कुत्ता सुबह चार बजे सड़क पर जोर जोर से भूंकता है तो हमारी नींद खराब होती है। कुछ दिनों पहले तो हम जैसे अस्सी पार के पेंशनयाफ़्ता अति वरिष्ठ नागरिकों को यू ट्यूब पर वीडियो बनाने का धंधा करने वाले आयकर के विशेषज्ञों ने तरह तरह की छूटों और एरियरों का अनुमान बता बताकर रोमांचित कर रखा था । बल्ले बल्ले होने वाली है जैसे जुमले फेंक फेंककर इतना उत्साहित कर दिया था कि जब भी रात में नींद खुलती तो एरियर का हिसाब लगाने लगते थे । वास्तव में हिसाब लगाना तो जब नौकरी में थे तब भी नहीं आया । जो पेंशन स्लिप में थोड़ी सी वृद्धि दिखाई दे जाती उसी से खुश हो लिया करते थे । अंततः अब इंतजार कराते कराते सरकार ने वृद्ध जन अपना अंतिम कल्याणकारी निर्णय सुना ही दिया है कि 18 महिने का एरियर नहीं मिलेगा । आयकर में कोई विशेष छूट नहीं दी जाएगी, गैस में कोई सबसीडी भी नहीं, इलाज या मेडिकल भत्ते में कोई वृद्धि नहीं । जिओ तो जिओ; मरो तो और भी अच्छा । जिओ के अलावा कोई और जीकर करेगा भी क्या ? बूढ़े कौन से इलेक्ट्रॉल बॉण्ड खरीदते हैं । सरकार के इस निर्णय से भले ही निराशा हुई लेकिन ह्यतार टूटा और राग पूरा की शैली में एक प्रकार की शांति हुई । तो हम बात उस कुत्ते ( और अमृतकाल की भाषा के अनुसार दिव्याग की तरह कहें तो श्वान) की कर रहे थे जो सुबह चार बजे अपने कुत्तत्व की रक्षा के लिए गली में आकर भूँकता है । उसकी भाषा हम नहीं जानते । हम तो उस वस्त्र विन्यास को भी अच्छी तरह से नहीं समझते जिससे देशद्रोहियों का निर्धारण होता है तो उस निर्वस्त्र श्वान को कैसे पहचानते कि वह किस धर्म का है । वैसे कुत्तों का कोई धर्म या किसी धर्म की शाखा होती भी नहीं । उनका धर्म तो रोटी डालने वाले के सामने पूंछ हिलाना और उसके इशारे पर किसी पर भी भूँकना होता है । उसके गले में काँवड़ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले एक खास धर्म के फल और होटल वालों की तरह कोई नामपट्टिका लगी होती तो भी पहचान लेते । इतना तय है कि उसके भूँकने से हमारा पालतू श्वान भी भूँकने लगता है जिससे हमारी नींद और राष्ट्र के सुशासन में बाधा पड़ती है । इसीलिए बेमन से ही सही उसे भगाने के लिए हम जैसे ही सड़क पर आए तो देखा कि तोताराम जयपुर रोड़ की तरफ चला जा रहा है। हमने छेड़ा- इतनी सुबह-सुबह ! प्रातः-भ्रमण या देव-दर्शन ?

बोला- इनमें से एक भी नहीं । आज तो दिल्ली के लिए निकला हूँ । हमने कहा- आज तो भारत बंद है।

बोला- याद रख, 2014 के बाद भारत न कभी बंद होता है, न उसका विकास मंद पड़ता है । वह निरंतर आगे बढ़ रहा है । और अब तो मोदी जी लाल किले से बता दिया है कि एक एक सीढ़ी चढ़ते हुए इंक्रीमेंटल वृद्धि नहीं, छलांग लगाने का ह्यअमृतकाल चल रहा है । हमने कहा- तुझे पता होना चाहिए एक एक सीढ़ी की बजाय दो दो सीढ़ी छोड़कर चढ़ने से निक्कर भी फट सकता है । बोला- मेरे पास तेरी तरह फालतू समय नहीं है । ज्यादा देर हुई तो दिल्ली वाली ट्रेन निकल जाएगी ।

हमने कहा- अगर एक दिन पहले निकल लेता तो मोदी जी के साथ फ्री में पॉलैंड की यात्रा ही कर आता । ।अब तो वे निकल लिए । दो चार दिन बाद चले जाना, ऐसी क्या जल्दी है । बिना बात रास्ते में पुलिस धर लेगी तो मुश्किल हो जाएगी । बोला- मैंने थैले में एक छोटी काँवड़ रख रखी है । पुलिस दिखाई देते ही इसे थैले से निकालकर कंधे पर रख लूँगा । कह दूंगा, काँवड़ लेने जा रहा हूँ । थोड़ा लेट हो गया । फिर तो पुलिस वाले मेरे पैर दबाएंगे, खाना खिलाएंगे, पुष्प वर्षा करेंगे । हिन्दू राष्ट्र और हिन्दू सरकार होने का कुछ तो लाभ मिलेगा । सुना है मोदी जी ने देश को शीघ्र विकसित करने के लिए काबिल लोगों की सेवा का लाभ लेने के लिए लेटरल एंट्री नाम की कोई योजना निकाली है । हमने पूछा- यह लेटरल एंट्री क्या होती है ?

बोला- इसके तहत सरकार अपनी मर्जी से किसी को भी सीनियर आई ए एस की तरह भारत सरकार में सचिव, उप सचिव जैसा कोई महत्वपूर्ण पद दे सकती है। हमने कहा- लेकिन वह योजना तो प्रतिपक्ष के विरोध के कारण वापिस ले ली गई । बोला- यह सब तो दिखाने के लिए किया गया है । इसे शुद्ध हिन्दी में ह्यपिछवाड़ा-प्रवेश-पद्धतिह्ल कहते हैं । आगे से नहीं तो पीछे से घुसवा देना । जैसे अपने किसी प्रिय कर्मचारी को उसके वांच्छित स्थान पर पद खाली न होने पर डेपुटेशन के बहाने सेट करवा देना । वैसे ही जैसे लोकसभा चुनाव हार जाने के बाद बारहवीं पास स्मृति ईरानी को राज्य सभा नामक पिछवाड़े से घुसाकर शिक्षामंत्री बना देना । या अमृतसर से लाखों वोटों से हार जाने वाले जेटली को वित्तमंत्री बना देना । और फिर इसमें बुराई क्या है ? कांग्रेस ने भी तो मनमोहन सिंह, मोंटेक सिंह, रघुरामन, निलेकणी, पित्रोदा आदि को पिछवाड़े से ही तो घुसाया था । हमने कहा- इसका मतलब मनमोहन सिंह और स्मृति दोनों एक समान हो गए । मनमोहन जी ने कठिन समय में अपनी प्रतिभा और ईमानदारी का लोहा देश-दुनिया से मनवाया है । और ये महिला और बालकल्याण मंत्री होकर भी मणिपुर, हाथरस, उन्नाव, कठुआ और महिला पहलवानों पर चुप रहीं ।

तूने अनीता फिल्म का वह गाना नहीं सुना- कैसे करूँ प्रेम की मैं बात , पिछवाड़े बुड्ढा खाँसता । कोई तो बोलेगा । बोला- कोई नहीं बोलेगा । सबको अपना अपना मंत्री पद प्यारा है । बोलेगा तो आडवाणी जी की तरह बरामदे में बैठा दिया जाएगा । और आडवाणी जी भी किस मुँह से बोलेंगे । उन्होंने तो खुद मोदी जी को अनेक लोगों के प्रतिरोध के बावजूद मोदी जी को इसी ह्यपिछवाड़ा प्रवेश पद्धतिह्ल से पहले गुजरात का मुख्यमंत्री और फिर 2014 में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनवाया था । इतने दिन राष्ट्र और संस्कृति की सेवा की है । न सही किसी मंत्रालय में सचिव या राज्यसभा का सदस्य । अपनी तो किसी अकादमी के अध्यक्ष पद में ही बल्ले बल्ले हो जाएगी । फिर तेरे लिया इस बार का अकादमी अवॉर्ड पक्का । हमें कहा- लेकिन तोताराम, पिछवाड़े से घुसने में गंदगी में सन जाने का खतरा तो रहेगा । उस स्थिति में तेरा ब्राह्मण जन्म तो भ्रष्ट हो जाएगा । बोला- ऐसी कोई बात नहीं है । वहाँ एक बड़ी वाशिंग मशीन लगी हुई है उसमें गंगा-स्नान से भी न धुल सकने वाली अपवित्रता और गंदगी धुल जाती है ।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

आप की बात

# झपियां पाकर, गले लगाकर जियो जिंदगी



सुंदर चंद ठाकुर

मेरी उम्र 56 साल है। मेरी एक बेटी है, जो अब 22 साल की हो गई है। मैंने उसे बेहिसाब बार गले लगाया हुआ है। जब भी वह परेशान हुई। उसे रोना आया, तो मैंने उसे गले लगाया। कहा- चिंता मत कर बेटी। मैं हूं न। सब ठीक हो जाएगा। जब वह पैदा हुई तो पहले कुछ साल तक मैं उसे गोद में लिए रहता था। उसे अक्सर अपने कंधे में बैठाकर बाजार घुमाने ले जाता था। उसे मैं अपने सीने से चिपकाकर सुलाता था। उसे आज तक नहीं भूला कि जब वह तीन-चार साल की थी, तो मैं कैसे उसे लकड़ी की काठी गाने को लोरी की तरह सुनाकर सुलाया करता था। उसे तुरंत नींद भी आ जाती थी। वह जब बड़ी हुई तो मैंने उसे गले लगाना शुरू किया। उसकी हर तकलीफ को, उसकी उदासी, डर, घबराहट को मैं अपने सीने में उसके लिए उमड़ते प्रेम के जादुई स्पर्श से भगा देना चाहता था। और सचमुच वे भाग जाते थे। आज भी मुझे जब मौका मिलता है, मैं उसे अपने सीने से लगाने का मौका नहीं छोड़ता क्योंकि इस तरह मैं जानता हूं मैं उसे पिता की वह सुरक्षा दे रहा हूं, जो उसे अपने अकेले में लड़ने में मदद करेगी।

लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि उसे देने से ज्यादा मैं खुद पा रहा होता हूं। उसे सीने से लगाते ही प्रेम का सघन अहसास और घनीभूत होकर मेरे भीतर उतर जाता है और यह मेरी भी रक्षा करता है। यह मुझे दूसरों की बेटियों, उनकी मांओं, समाज की स्त्रियों के प्रति भी प्रेम से भरता है। यह मेरे अपने भीतर से असुरक्षा की भावना को दूर करता है, प्रेम विहीन होने से पैदा होने वाली बंजरता के प्रकोप से बचाता है, मुझमें क्रूरता नहीं आने देता और जीवन के प्रति गहरा लगाव बनाकर रखता है। अब मैं जब अपने पिता के बारे में सोचता हूं और अपने बचपन के बारे में सोचता हूं, तो एक अलग ही मंजर आंखों में चला आता है। पिता ने मुझे कभी गले नहीं लगाया। पिता ने कभी अपना प्रेम नहीं दिखाया। निम्न मध्यवर्गीय और मध्यवर्गीय परिवारों में पुरानी पीढ़ियों से चली आ रही यह प्रेम को उजागर न करने की प्रथा हमारी पीढ़ी तक बनी हुई थी। तब पिताओं के मन में बच्चों के लिए प्रेम की कोई कमी थी ऐसा नहीं, पर वे उस प्रेम को उजागर नहीं करते थे। और ऐसा करके न सिर्फ वे बच्चों के मन में एक अतिरिक्त सुरक्षा की भावना को जन्म होने देने से रोकते थे बल्कि खुद अपने हृदय को भी बंजर बने रहने देते थे। पिता बुरी आदतों का शिकार हो गए और लगभग एकाकी जीवन जीते हुए महज 52 की उम्र में चले गए। मैं आज के माता-पिताओं को बताना चाहता हूं कि बच्चों को आपसे मार्गदर्शन चाहिए, आपका सपोर्ट चाहिए, लेकिन उनकी सबसे बड़ी जरूरत आपका प्यार है। उन्हें अगर आप रोज गले लगाकर अपने प्रेम की गरमाई देंगे, तो वे कभी एंजाइटी और डिप्रेशन का शिकार नहीं होंगे, जो कि आज हर दूसरे बच्चे को पकड़े हुए हैं।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

अलग बात

# पहाड़ों पर चढ़ाई को कैसे बनाया जाए सुरक्षित

**व्योमेश चन्द्र जुगरान,** लेखक

पहाड़ों में अगस्त और सितंबर ट्रेकिंग के लिए सबसे लुभावने महीने हैं, क्योंकि बर्फ पिघली होती है और मौसम बेहतर। लेकिन, क्या यह सब पहले जितना ही सहज रह गया है? जलवायु और मौसम संबंधी बदलावों ने उच्च हिमालय में पैदल यात्राओं को कहीं अधिक जोखिम भरा बना दिया है। जोखिम तब और बढ़ जाता है, जब ट्रेक पर जाने वाले ग्रुप ट्रेकिंग एजेंसियों के लुभावने विज्ञापनों और इंटरनेट के सूचना संसार के भरोसे प?लानिंग करते हैं। उनके पिट्ठुओं में यात्रा का हर जरूरी सामान तो भरा होता है, लेकिन जोखिमों के प्रति तैयारी अधिकतर आधी-अधूरी रहती है। यही कारण है कि कोई हादसा होने पर सरकारी विभाग सारा दोष ट्रेकर्स और उन्हें भेजने वाली कंपनियों पर थोप देना चाहते हैं। लेकिन, सवाल यह भी है कि पहाड़ों में साहसिक यात्राओं के लिए तयशुदा मानकों वाली सुरक्षा प्रणाली (एसओपी) लागू करने में सरकार फिसड्डी क्यों है? पारंपरिक ज्ञानः आज से कुछ साल पहले इन साहसिक यात्राओं को स?थानीयता का कवच हासिल रहता था। निकटतम गांवों से अनुभवी गाइड और पोर्टर की सेवाएं, सटीक भौगोलिक और मौसमी जानकारियां, संकट के समय बचाव की तजुबेर्कारी और पारंपरिक ज्ञान की गठरीबड़े काम की हुआ करती थी। नेहरू पर्वतारोहण संस?थान के पूर्व प्रिंसिपल और जाने-माने पर्वतारोही कर्नल अजय कोठियाल बताते हैं कि 2013 की आपदा से तबाह केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण तभी हो सका, जब स्थानीय चौमासी गांव के छह लोगों ने एक वैकल्पिक रास्ता बताया। स?थानीय लोगों के अनुभव और जानकारियां किसी महामंत्र से कम नहीं होतीं। खासकर ऊपरी हिमालय में मौसम संबंधी सूचनाओं और ह्यये करें-ये न करेंह्ल जैसी हिदायतों का बड़ा महत्व है। लेकिन, ट्रेकिंग एजेंसियों और एजेंटों को ऐसे महामंत्रों से कोई लेना-देना नहीं होता। हादसे दर हादसेः उत्तराखंड के विभिन्न ट्रेकिंग रूटों पर पिछले 6 साल में पांच दर्जन से अधिक ट्रेकर्स अपनी जान गंवा चुके हैं। इसी 29 मई को उत्तरकाशी से सहस्त्रताल की ट्रेकिंग पर निकले नौ लोग घने कोहरे और बर्फबारी के कारण रास्ता भटक कर मौत के शिकार हो गए। मई 2022 में रुद्रप्रयाग जिले के मदमहेश्वर-पांडवसेरा ट्रेक पर फंसे सात ट्रेकर्स को भारी मशक्कत के बाद बचाया जा सका। 2022 में ही 4 अक्टूबर को द्रौपदी का डांडा-2 के अभियान पर निकले नेहरू पर्वतारोहण संस?थान, उत्तरकाशी के 29 प्रशिक्षु मौत के मुंह में समा गए। जानकार लोग आज भी इन मौतों को एवलॉन्च से कहीं अधिक मानवीय भूल का नतीजा मानते हैं। नियम क्यों नहींः उत्तराखंड में 100 से अधिक ट्रेक हैं। राज्य सरकार ने ट्रेकिंग रूटों पर सुविधाओं के विकास को प्राथमिकताओं में जरूर रखा है, लेकिन ट्रेकर्स और ट्रेकिंग एजेंसियों के लिए सख्त कायदे-कानून बनाने में नाकाम रही है।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

> ध्वनि की अनंत क्षमताएं सृजनात्मक शब्द, ओम् से उद्भूत होती हैं, जो सब अणुशक्तियों के मूल में स्थित ब्रह्मांडीय स्पंदनशक्ति है। स्पष्ट अनुभूति और गहरी एकाग्रता के साथ उच्चारित किसी भी शब्द में मूर्त रूप लेने की शक्ति होती है।

# प्रतिज्ञापन और प्रार्थना की शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

तब इच्छित वस्तु मूर्तरूप में प्राप्त होगी। परमहंस योगानन्दजी ने सिखाया थाः ''प्रार्थना का अभिप्राय प्रायः भिक्षावृति की चेतना से होता है। हम परमात्मा की सन्तान हैं, भिखारी नहीं, और इस प्रकार अपनी दिव्य विरासत के अधिकारी हैं। जब हम अपनी आत्मा और परमात्मा में प्रेम का सम्बन्ध स्थापित कर लेते हैं, तो हमें अपनी न्यायोचित प्रार्थना की पूर्णता को मांगने का अधिकार होता है। परमात्मका से अपने जन्मसिद्ध अधिकार को मांगने का यह सिद्धान्त प्रतिज्ञापन में प्रोत्सासहित करने वाली शक्ति है। दुःखो से ऊपर उठना।

प्रतिज्ञापन की प्रविधि

ध्वनि की अनन्त क्षमताएं सृजनात्मक शब्द, ओम् से उद्भूत होती हैं, जो सब अणुशक्तियों के मूल में स्थित ब्रह्माण्डीय स्पन्दनशक्ति है। स्पष्ट अनुभूति और गहरी एकाग्रता के साथ उच्चारित किसी भी शब्द में मूर्त रूप लेने की शक्ति होती है। सच्चई, दृढ़ धारणा, विश्वास और अन्तर्ज्ञान से सन्तृप्त शब्द अत्यधिक विस्फोट स्पन्दनिक बम की तरह हैं, जिनको जब विस्फोटित किया जाता है, तो वे कठिनाई की चट्टानों को नष्ट कर देते हैं और इच्छित परिवर्तन का सजृन करते हैं। रोग या स्वास्थ्य की अवचेतन विचारधारा की आदत प्रबल प्रभाव डालती है।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से


Surendra Kishore
3h ·
पत्नी-- आपके लिए मैं निर्जला उपवास कर रही हूं।
पति-- इसमें मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूं ?
पत्नी--कल से आप भूख से थोड़ा कम ही खाया कीजिए। उससे भी आपकी आयु बढ़ेगी।
पति--सोचूंगा।
---------------
139
14 comments
Like Comment Send Share
Surendra Kishore
मेरा अनुमान है कि इस देश में जितने लोग भूख और कुपोषण से मरते हैं,उससे कहीं अधि... See More
Like Reply 27
View 2 previous replies...
डॉ उज्ज्वल कुमार
Surendra Kishore बिल्कुल सही कहा है सर आपने।
Like Reply 2
View 1 more reply...

X से


Hemant Soren @HemantSorenJ... · 5h
.@LateharDistrict ये स्वीकार्य नहीं है।
दोषी कर्मियों पर उचित कार्रवाई करते हुए सूचना दें।
Jharkhand Janadhikar Mahasa... · 6h
लातेहार के बिश्रामपुर के 4-5 आदिवासी परिवारों द्वारा 15 एकड़ वन भूमि पर लगाये गए लहलहाते मकई को वन कर्मियों ने बिना नोटिस रौंद दिया और पिटाई की. सालों से यहां खेती हो रही है. ग्रामीणों के अनुसार वन प्रभारी ने इसके एवज़ में 25-30 हज़ार रु भी लिए थे. 1/n @HemantSorenJMM
34 133 443 8.9K

अपनी बात

# युद्ध और सियासत के खेल में मौत का खिलौना बनते बच्चे



अखिलेश श्रीवास्तव

युद्ध में भले ही कोई पक्ष खुद के जीतने का दावा करे, लेकिन अंतिम परिणाम केवल हार है। जमीन के कुछ टुकड़ों के लिए होने वाली जंग में असंख्य सैनिकों की जानें तो जाती ही हैं, बहुत से निर्दोष नागरिक भी इसका शिकार बनते हैं। सबसे ज्यादा दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं मासूम बच्चों को। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा ने इस सबसे बड़ी त्रासदी की तरफ एक बार फिर दुनिया का ध्यान खींचा है।

**भयावह आंकड़े :** रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद, 24 फरवरी 2022 से 31 जुलाई 2024 तक के जो आंकड़े ऑफिस ऑफ द हाई कमिश्नर ऑफ ह्यूमन राइट्स (डब्लूएचओ) ने जारी किए हैं, वे मासूमों पर जुल्म की दास्तां बताते हैं। इनके मुताबिक, 35160 लोग या तो मारे गए या घायल हुए। इस दौरान 11520 मारे गए लोगों में 633 बच्चे थे, जबकि 23640 घायल आम नागरिकों में बच्चों की संख्या 1551 थी।

**बच्चे बने शिकार :** डब्लूएचओ ने यह भी कहा कि असल संख्या कहीं अधिक हो सकती है। सबसे ज्यादा 3900 कैजुअलटी मार्च 2022 में देखी गई। यूनिसेफ की 26 अप्रैल 2024 को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूक्रेन में पिछले साल की तुलना में इस साल 40% अधिक बच्चे मारे गए। 1 जनवरी से लेकर 31 मार्च 2024 तक, तीन महीनों के दौरान करीब 25 बच्चों ने जान गंवाई। अप्रैल के तीन हफ्तों में ही 9 बच्चे मारे गए।

**अंधकारमय भविष्य :** युद्धरत क्षेत्रों में बच्चों की जान तो जाती ही है, जो घायल या सुरक्षित बच जाते हैं उनका भविष्य भी अंधकार में डूब जाता है। बच्चे न तो स्कूल में सुरक्षित रह पाते हैं, न अस्पताल और न ही घरों में। पहले कोविड की महामारी और उसके बाद जारी जंग की वजह से यूक्रेन में करीब पांच शिक्षा सत्र बर्बाद हो चुके हैं। स्कूलों पर हमले और असुरक्षा की वजह से 10 लाख से ज्यादा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है।

**जीवन पर असर :** यूनिसेफ के आंकड़ों के मुताबिक, यूक्रेन में 2024 के पहले तीन महीनों में हजारों घर, 140 शैक्षिक संस्थान और 36 स्वास्थ्य केंद्रों को तहस-नहस कर दिया गया। इन हमलों से बिजली और पानी की आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित होती है, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य हमेशा जोखिम में बना रहता है। ऐसे बच्चों की क्वॉलिटी ऑफ लाइफ पर बहुत बुरा असर पड़ता है। उनके मन-मस्तिष्क में दहशत घर कर जाती है। अपने पैरेंट्स से बिछड़ चुके बच्चों की जिंदगी को पटरी पर वापस लाना बहुत कठिन हो जाता है।

**स्याह अतीत :** केवल यूक्रेन-रूस ही नहीं, इतिहास के किसी भी युद्ध में मासूम बच्चों की बलि सबसे पहले चढ़ती है। हाल के इस्राइल-हमास संघर्ष में बच्चों पर कैसी गुजरी है, वह पूरी दुनिया ने देखा है। सीरिया के गृह युद्ध में मासूमों के साथ भयावहता के दृश्य आज भी आंखों से ओझल नहीं हो पाते। इस तरह के युद्धों से एक पूरी की पूरी पीढ़ी प्रभावित होती है। जो बच्चे बच जाते हैं, उनमें से कइयों के सिर से मां-बाप का साया छिन जाता है, पढ़ाई में बाधा आती है, कुपोषण के शिकार होकर तमाम बीमारियों से घिर जाते हैं, कई विस्थापित होकर दर-दर की ठोकरें खाते हैं।

**बातचीत ही रास्ता :** गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी के देश के तौर पर भारत हमेशा शांति और अहिंसा का पक्षधर रहा है। गांधी और बुद्ध हमें सतत याद दिलाते रहते हैं कि संघर्ष और हिंसा के बजाय अहिंसा और बातचीत के रास्ते से ही हम शांति की मंजिल पा सकते हैं। कीव में पीएम मोदी ने भी यूक्रेन और रूस से गांधी जी और गौतम बुद्ध की राह अपनाने की अपील की। वह युद्ध के दौरान मारे गए बच्चों की याद में बनाए गए मेमोरियल भी गए थे और वहां जाकर भावुक हो गए। पीएम मोदी ने मासूमों की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि सभ्य समाज में जहां लोग मानवता पर विश्वास करते हैं, निर्दोष बच्चों की मौतें अस्वीकार्य हैं। मोदी ने कहा कि वह बच्चों के खिलाफ हिंसा से बहुत दुखी हैं और भारत इस क्षेत्र में शांति कायम करने के लिए अपने प्रयास करता रहेगा। उन्होंने शांति के लिए एक दोस्त के तौर पर व्यक्तिगत रूप से अपना योगदान करने का आश्वासन दिया।

**भारत से उम्मीद :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूक्रेन दौरे को पूरी दुनिया उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से पीएम मोदी की घनिष्ठता जग जाहिर है और अगर वह अपने दोस्त को युद्धविराम के लिए सहमत करने में कामयाब हो सके तो इतिहास में अमर हो जाएंगे। पीएम मोदी ही नहीं, समूची दुनिया इस इलाके में जल्द से जल्द शांति का सूरज उगते हुए देखना चाहती है।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**ॐ एकदंताय विद्महे वक्रतुंडाय धीमही तन्नो दंति: प्रचोदयात।।**

*भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि को गणेशोत्सव मनाया जाता है। भगवान गणेश के अवतरण की तिथि शिवपुराण और गणेशपुराण में अलग-अलग बताई गई है। शिवपुराण में विघ्नहर्ता गणेश भगवान की अवतरण की तिथि भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की चतुर्थी बताई गई है। वहीं, गणेशपुराण के अनुसार, गणाधिपति गणेश का अवतरण भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी तिथि को हुआ था। गणेशोत्सव भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि का प्रारंभ होता है और भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तक चलता है। मंगलमूर्ति गणेश की पूजा का यह उत्सव दस दिनों तक चलता है। गणेशोत्सव पूरे भारत में मनाया जाता है। पर, महाराष्ट्र और कर्नाटक में गणेशोत्सव का आयोजन विशेष रूप से होता है। महाराष्ट्र का गणेश उत्सव पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है।*

*भगवान गणेश की प्रतिष्ठा संपूर्ण सनाातन धर्मालंबियों में एक समान है। महाराष्ट्र में इन्हें मंगलमूर्ति के रूप में पूजा जाता है। दक्षिण भारत में श्री गणेश कला शिरोमणि के रूप में प्रसिद्ध हैं। मैसूर और तंजोर में भगवान गणेश की नृत्य मुद्रा में प्रतिमाएं भी हैं। उत्तर भारत में श्रीगणेश की विशेष रूप से विघ्नहर्ता के रूप में पूजा होती है।*

**वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।**
**निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।**

*हे विशालकाय शरीर और घुमावदार सूंड वाले भगवान गणेश, आपकी प्रभा करोड़ों सूर्य के समान है। प्रभु, मेरे सभी कार्य को बिना विघ्न के पूरा करें।*






# अनादि और अनंत हैं गणों के ईश गणेश

गणेश का अर्थ होता है गणों का ईश। इसी तरह गणपति का अर्थ होता है गणों का स्वामी। संस्कृत में गण शब्द का अर्थ है - झुंड, सेना, भीड़, संख्या। सनातन या हिंदू धर्म में गण भगवान शिव के सेवक हैं। वे भगवान शंकर के साथ कैलाश पर्वत पर ही रहते हैं। जब श्री गणेश को हाथी का सिर लगाकर नया जीवन प्रदान किया गया था, उस समय शिव ने उन्हें अपने गणों का नेता चुना था। इस कारण वे गणेश या गणपति कहलाए। गणेश अनादि और अनंत हैं। वेदों में उनका जिक्र गणेश के रूप में न होकर गणपति या ब्रह्मणस्पति के रूप में है।

भगवान गणेश के जन्म के संबंध में कई कथाएं हैं। शिवपुराण के रुद्रसंहिता के चतुर्थ खंड में जो कथा वर्णित है, वह सबसे लोकप्रिय और मान्य है। उसके अनुसार, भगवान शिव की अर्द्धांगिनी माता पार्वती ने स्नान से पहले शरीर पर लगे हल्दी के उबटन को उतारकर उससे एक बालक का पुतला बनाया। फिर उस पुतले में प्राण डाल दिए। इस तरह भगवान गणेश की उत्पत्ति हुई। इसके बाद उन्होंने बाल गणेश को अंदर किसी को प्रवेश नहीं करने देने का आदेश देकर स्नान करने चली गईं। जब भगवान शिव भवन के अंदर प्रवेश करने लगे, तो बालक गणेश ने उन्हें रोक दिया। इससे शिव क्राधित हो गए। शिव गणों ने जब गणेश को हटाना चाहा, बाल गणेश से उनका संग्राम हुआ और कोई उन्हें हटा नहीं पाया। इससे शंकर भगवान का गुस्सा बढ़ गया और अपने त्रिशूल से बाल गणेश का सिर काट दिया। जब माता पार्वती बाहर आईं, तो यह देखकर क्रोधित हो गईं। सभी देवता डर गए और स्तुति कर उन्हें शांत किया। इसके बाद भगवान शिव के निर्देश पर सबसे पहले मिले जीव के बच्चे (हाथी) का सिर काटकर लाया गया। इसके बाद शिव ने हाथी के बच्चे का सिर बाल गणेश के शरीर पर रखकर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया और अपने गणों का अधिपति बना दिया। साथ ही, गणेश भगवान को वरदान भी दिया कि कहीं भी, कोई भी पूजा होगी, उसमें गणेशजी की पूजा सबसे पहले होगी।

## ऋद्धि और सिद्धि हैं भगवान गणेश की पत्नियां

भगवान गणेश की दो पत्नियां हैं। एक का नाम ऋद्धि और दूसरे का नाम सिद्धि है। दोनों जुड़वां बहनें हैं। ऋद्धि शब्द का अर्थ है 'बुद्धि' और सिद्धि का अर्थ होता है 'आध्यात्मिक शक्ति' की पूर्णता। वहीं, सनातन धर्म के महत्वपूर्ण चिह्न स्वास्तिक की दोनों अलग-अलग रेखाएं भगवान गणेश की पत्नी रिद्धि-सिद्धि को दर्शाती हैं। एक कथा के अनुसार, ऋद्धि और सिद्धि प्रजापति विश्वकर्मा की पुत्रियां हैं, जबकि दूसरे के अनुसार ब्रह्मा जी बेटियां हैं। देवी ऋद्धि से 'लाभ' नाम के पुत्र का जन्म हुआ, जबकि सिद्धि ने 'क्षेम' नाम के पुत्र का जन्म दिया।

## सनातन धर्म के पांच प्रमुख पंथों में शामिल है गाणपत्य

**सनातन धर्म** में बहुत से पंथ या संप्रदाय थे। वे अपने भगवान की शक्ति को लेकर आपस में लड़ते-झगड़ते भी रहते थे। आदि शंकराचार्य ने अद्वैतवाद को मानते हुए सभी पंथ को एक बताया। धीरे-धीरे पंथ या संप्रदाय सिमटते चले गए, लेकिन अब भी पांच महत्वपूर्ण पंथ हैं। ये हैं - वैष्णव, शैव, शाक्त, गाणपत्य और सौर। वैष्णव पंथ में भगवान विष्णु और उनके अवतार प्रमुख हैं। वैष्णव मानते हैं कि महाविष्णु ने ही सृष्टि की रचना की है और वे ही इसका संचालन करते हैं। जबकि, शैव में भगवान शिव और उनके अवतार प्रमुख हैं। शैव मानते हैं कि भगवान शिव से ही सृष्टि संचालित होता है। वे ही सृजन और संहार करते हैं। शाक्त पंथ में देवी (शक्ति) की पूजा होती है। शाक्त मानते हैं कि आदिशक्ति ने ही सृष्टि की रचना की है। सबकुछ उन्हीं से संचालित होता है। आदिशक्ति ही सृष्टि का अंत कर फिर से इसकी रचना करेंगी। गाणपत्य पंथ या संप्रदाय के मानने वाले भगवान गणेश की पूजा करते हैं। उनके अनुसार, भगवान गणेश ही आदिदेव हैं। इस सृष्टि के सृजन और अंत पर केवल उन्हीं का अधिकार हैं। सौर पंथ के मानने वाले भगवान सूर्य की पूजा करते हैं। वे मानते हैं कि सूर्य से ही सृष्टि संचालित है। सृष्टि और संहार सबकुछ भगवान सूर्य पर निर्भर है।

## गणेश पूजन से स्वतंत्रता आंदोलन को मिला बल

**लोकमान्य** बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में सार्वजनिक गणेश पूजन का आयोजन किया और इसके माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े लोगों को साझा मंच प्रदान किया। उन्होंने राजा-महाराजाओं के गणेशोत्सव को आम आदमी का उत्सव बना दिया। इसके साथ ही गणोत्सव राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन गया। तिलक ने सार्वजनिक गणेश पूजा को ऐसा स्वरूप दिया कि गणेशोत्सव ना केवल आजादी की लड़ाई के लिए लोगों को संगठित करने, बल्कि समाज में छुआछूत दूर करने का भी साधन बन गया। सार्वजनिक गणेशोत्सव ने आंदोलन का स्वरूप ले लिया और ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी। अंग्रेज भी इससे घबरा गए थे। रॉलेट कमेटी की रिपोर्ट में सर्वाजनिक गणेशोत्सव पर चिंता जताते हुए कहा गया है कि पूजा के दौरान अंग्रेजी शासन के विरुद्ध विद्रोह करने का आह्वान किया जाता है। गणेशोत्सव में भाग लेने और लोगों को जगाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय नेताओं में लोकमान्य तिलक, पंडित मदन मोहन मालवीय, वीर सावकर, दादासाहेब खापर्डे, सरोजनी नायडू, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आदि शामिल थे। गाणपत्य संप्रदाय के ग्रंथों के अनुसार श्री गणेश पूजन सतयुग के काल से ही हर घर में होता आ रहा है। यह पूजा 10 दिनों तक होता था। भाद्रपद मास की चतुर्थी को आमजन अपने हाथों से मिट्टी से श्री गणेश की मूर्ती बनाते थे और उसकी 10 दिनों तक पूजा करते थे। 10 दिनों बाद अनंत चतुर्दशी के दिन मूर्ति को बहते जल में विसर्जित कर देते थे। भारत पर अलग-अलग कालखंड में शासन करने वाले कई राजवंश गणेश चतुर्थी का पर्व मनाते थे। दक्षिण भारत में सातवाहन, राष्ट्रकूट और चालुक्य वंश के शासकों के दौर में गणेशोत्सव मनाया जाता था। मौर्य वंश के बाद देश में सातवाहन साम्राज्य का दय हुआ था। 200 ईसा पूर्व से ईसा के बाद दूसरी सदी तक दक्षिण भारत में बड़े इलाकों पर सातवाहन साम्राज्य का शासन था। इसके बाद पेशवाओं का दौर आया, उन्होंने गणेशोत्सव को बढ़ावा दिया। पुणे में गणपति की स्थापना शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई ने की थी।

# राज्यों से

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामला

# संदीप के घर और ससुराल में ईडी का छापा

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितता के मामले में पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के कोलकाता के बेलियाघाटा स्थित घर पर शुक्रवार सुबह छापा मारा। इसके बाद ईडी ने हुगली जिले के चंदननगर के मेरिमठ के पास स्थित एक घर पर छापा मारा। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस घर में संदीप घोष के ससुराल के लोग रहते हैं। सूत्रों ने बताया कि कोलकाता, हावड़ा या दक्षिण 24 परगना ही नहीं बल्कि शुक्रवार को हुगली के कई इलाकों में भी ईडी ने तलाशी अभियान चलाया। सुबह 07 बजे के करीब ईडी टीम पहले चंदननगर के पद्रिपारा स्थित इस घर पर पहुंची। हालांकि घर का मुख्य दरवाजा बंद था और ईडी ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई दरवाजा खोलने नहीं आया। इसके बाद ईडी ने चंदननगर से बैद्यबटी का रुख किया। वहां कुनाल राय नाम के व्यक्ति के घर पर भी ईडी की टीम पहुंची और वहां तलाशी अभियान चलाया।

सूत्रों के मुताबिक संदीप घोष के ससुर का नाम रामकृष्ण दास है लेकिन वह और उनके परिवार के सदस्य इस चंदननगर स्थित घर में बहुत कम आते हैं। घर के दरवाजे पर जंग लगा हुआ था और अंदर के आंगन में काई जमी हुई थी। रामकृष्ण का परिवार फिलहाल कोलकाता में रहता है। संदीप के ससुराल के घर के बाहर कुछ देर इंतजार करने के बाद ईडी टीम बैद्यबटी पहुंची। सुबह 09 बजे ईडी के अधिकारी बैद्यबटी के नर्सरी रोड इलाके में कुनाल राय के घर पहुंचे। काफी देर दरवाजा खटखटाने के बाद खुद कुनाल ने दरवाजा खोला। इसके बाद करीब दो घंटे से अधिक समय तक ईडी की टीम उनके घर की तलाशी लेती रही।





## कॉल रिकॉर्ड की हो जांच : संबित



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना की पीड़िता के पिता के आरोपों का हवाला देते हुए ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद के 72 घंटों के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कोलकाता के कमिश्नर विनीत गोयल के बीच हुई बातचीत के कॉल रिकॉर्ड की जांच करवाने की भी मांग की ताकि यह पता लगे कि इस दौरान कितनी बार बात हुई है और क्या-क्या निर्देश दिए गए।

## निजी सहायक ईडी की हिरासत में

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से जुड़े एक डाटा एंट्री ऑपरेटर (डीईओ) को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार दोपहर हिरासत में ले लिया। वह संस्थान के पूर्व और विवादास्पद प्रिंसिपल संदीप घोष के निजी सहायक के तौर पर भी काम कर रहा था। ईडी अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह संस्थान से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कई स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया, जिसमें पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के सुभाष ग्राम में डीईओ प्रसून चट्टोपाध्याय का आवास भी शामिल था। चार घंटे की छापेमारी और तलाशी अभियान के बाद ईडी अधिकारियों ने चट्टोपाध्याय को हिरासत में ले लिया।

## गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने दी शुभकामनाएं



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर मैं भारत और विदेशों में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि हर्ष और उल्लास से मनाया जाने वाला यह त्योहार सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। विद्या, ज्ञान और समृद्धि के दाता भगवान गणेश का यह पर्व हमें विनम्र और कर्तव्यनिष्ठ रहने की शिक्षा देता है। यह पर्व सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देता है। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर देशवासियों से एकजुट होकर एक शांतिपूर्ण और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## 1990 से लेकर अब तक के शासन में काफी फर्क : नड्डा

एजेंसी



**पटना।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पटना के आईजीआईएमएस में आंख अस्पताल के उद्घाटन मौके पर शुक्रवार को कहा कि 1990 से 2005 और 2005 से अब तक की यात्रा कैसी रही? आपको अमावस्या और पूर्णिमा का फर्क पता चल रहा होगा। जेपी नड्डा ने कहा कि पीएमसीएच की कहानी आपको मालूम होगी। वर्ष 1980 और 1990 के दशक में पीएमसीएच की क्या हालत थी, यह आप जानते हैं। जब नीतीश कुमार आए तो पीएमसीएच की हालत सुधारी। आज पीएमसीएच 5462 बेड के साथ दुनिया का दूसरा बड़ा अस्पताल बन रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि वर्ष 2005 तक आईजीआईएमएस का क्या हाल था और 2005 के बाद अब तक इस अस्पताल ने विकास की कैसी छलांग लगाई है। आप जब इसके विकास पर ध्यान देंगे तो राजग सरकार के मील का पत्थर देंगे। पहले स्वास्थ्य का मतलब होता था कि मरीज बीमार हो तो उसका इलाज करो। अब स्वास्थ्य का मतलब है कि मरीज को बीमार ही नहीं होने देना। स्वास्थ्य विभाग जन्म से लेकर 16 साल तक आपको 26 इंजेक्शन लगाता है, ताकि आप स्वस्थ रह सकें।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि प्रिवेंटिव मेडिसीन से प्रोमोटिव हेल्थकेयर पर केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार लगातार काम कर रही है। आईजीआईएमएस बिहार की ही नहीं, बल्कि ओडिशा, बंगाल और नेपाल की सेवा कर रहा है। इस इंस्टीट्यूट में 11 मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर बना है। वर्ल्ड क्लास इलाज की सुविधा इस नेत्र अस्पताल में है। जेपी नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने दरभंगा एम्स के लिए जमीन उपलब्ध करवाई। कल मैं उस जमीन को देखने जाऊंगा। उन्होंने कहा कि दरभंगा की जमीन थोड़ी नीची है और बिहार सरकार ने इसकी भराई की जिम्मेदारी भी उठाई है।

## इंडिगो का एसी फेल, 3 महिलाओं की तबीयत बिगड़ी, यात्रियों ने मचाया हंगामा



**नई दिल्ली।** बजट एयरलाइंस इंडिगो में एयर कंडीशनर (एसी) फेल होने से तीन महिला यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई। एक महिला यात्री बेहोश भी हो गई। इंडिगो की यह फ्लाइट दिल्ली से वाराणसी जा रही थी। इसी दौरान एसी फेल होने से यात्रियों को करीब एक घंटे 5 मिनट तक गर्मी में सफर करना पड़ा। इस दौरान यात्रियों जमकर हंगाम मचाया। इंडिगो की इस फ्लाइट में सफर करने वाले एक यात्री ने एक्स पोस्ट पर दी जानकारी में बताया कि यात्रियों ने विमान के क्रू मेंबर्स से एसी ठीक कराने को कहा लेकिन उन्होंने सिर्फ जल्द ठीक होने का आश्वासन दिया लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विमान उसी तरह वाराणसी में लैंड किया। इससे फ्लाइट के अंदर मौजूद तीन महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई, जबकि एक महिला बेहोश हो गई।

## बकरी चोरी के आरोप में दो युवकों को पीटा एक की मौत

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में शुक्रवार को बकरी चोरी के आरोप में दो युवकों के हाथ-पैर बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, वीरपुर थाना क्षेत्र के भवानंदपुर में शुक्रवार सुबह दो लोग कथित तौर पर बकरी चोरी करने पहुंचे थे। जब दोनों युवक गांव से बकरी चुराने का प्रयास कर रहे थे, तभी ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। दोनों युवक बाइक पर सवार होकर भागने लगे।

## बालाघाट जिले में 14 लाख की इनामी महिला हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट में हॉक फोर्स को बड़ी सफलता मिली है। बैहर थाना क्षेत्र अंतर्गत कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के पास परसटोला चिचरंगपुर के जंगल क्षेत्र में हाक फोर्स के स्पेशल आपरेशन ग्रुप ने एक सर्चिंग के दौरान गुरुवार-शुक्रवार की रात हार्डकोर महिला नक्सली को गिरफ्तार किया है। तीन राज्यों की मोस्ट वांटेड 14 लाख की इनामी हार्डकोर नक्सली 32 वर्षीय एसीएम सांजती पत्नी गणेश को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। सांजली पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सरकार ने इनाम घोषित किया था। इस महिला नक्सली को छुड़वाने के लिए नक्सलियों के एक समूह ने पुलिस पार्टी पर हमला भी किया। महिला नक्सली पर मध्यप्रदेश में नक्सली गतिविधियों के दौरान हत्या, हत्या के प्रयास जैसे छह गंभीर मामले दर्ज हैं। हाक फोर्स ने उसके पास से एक पिस्तौल, मैगजीन, एक कुल्हाड़ी और अन्य सामान भी बरामद किया है।

## आप के विधायक राजेन्द्र कांग्रेस में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विवाविद नेता एवं सीमापुरी क्षेत्र के विधायक राजेन्द्र पाल गौतम ने शुक्रवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। वे दिल्ली के अम्बेडकर भवन में राम और कृष्ण की पूजा नहीं करने की शपथ दिलाने के कारण सुर्खियों में आए थे। इसके चलते उन्हें दिल्ली सरकार में मंत्रिपद भी गवाना पड़ा था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव और पार्टी नेता पवन खेड़ा की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## राज्यसभा से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए बीजद नेता सुजीत कुमार




**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजद) के सांसद सुजीत कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, ओडिशा भाजपा प्रभारी विजयपाल सिंह तोमर, भर्तृहरि महताब और अनिल बलूनी की मौजूदगी में बीजेडी नेता सुजीत कुमार ने भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# नीरज चोपड़ा ने ब्रुसेल्स डायमंड लीग फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शीर्ष छह में जगह बनाकर डायमंड लीग के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। यह प्रतिष्ठित दो दिवसीय प्रतियोगिता 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगी। स्वतः योग्यता प्राप्त करने वाले छह भाला फेंक खिलाड़ियों में पेरिस खेलों के कांस्य पदक विजेता एंडरसन पीटर्स, जूलियन वेबर, जैकब वडलेज, नीरज चोपड़ा, एंड्रियन माडार्रे और रोडरिक जेनकी डीन शामिल हैं। नीरज चोपड़ा, सात अंकों के साथ और लुसाने लेग में दूसरे स्थान पर रहे, अब डायमंड लीग स्टैंडिंग में वेबर के साथ तीसरे स्थान पर हैं, दोनों के 15 अंक हैं। पीटर्स 21 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जबकि चेक गणराज्य के जैकब वडलेज, जो 82.03 मीटर के थ्रो के साथ सातवें स्थान पर रहे, 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।



### प्रतिष्ठित दो दिवसीय प्रतियोगिता 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगी

**प्रतियोगिता में छह भाला फेंक खिलाड़ियों के नाम**



एंडरसन पीटर्स | जूलियन वेबर | जैकब वडलेज | एंड्रियन माडार | एंडरसन पीटर्स

# रोनाल्डो के 900 वें गोल से पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराया




**लिस्बन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 900वें गोल की मदद से पुर्तगाल ने गुरुवार को नेशंस लीग के अपने पहले मैच में क्रोएशिया पर 2-1 से जीत हासिल की। डिओगो डालोट ने सातवें मिनट में बेहतरीन गोल कर पुर्तगाल को बढ़त दिला दी। इसके बाद पुर्तगाल के पांच यूरो 2024 खेलों में गोल करने में विफल रहे रोनाल्डो ने नूनो मेंडेस के एक बेहतरीन क्रॉस पर गोल करके 34वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। यह उनके करियार का 900वां गोल था। क्रोएशिया को ब्रेक से चार मिनट पहले गिफ्ट के रूप में एक गोल मिला, जब डालोट ने सोसा के स्लाइडिंग प्रयास को अपने ही नेट में डिफ्लेक्ट कर दिया, लेकिन स्कोर रहित दूसरे हाफ ने पुर्तगाल को अपने अभियान की विजयी शुरूआत दी। गुरुवार को लीग ए ग्रुप 1 के दूसरे गेम में पोलैंड ने स्कॉटलैंड को 3-2 से हराया। रविवार को पुर्तगाली टीम स्कॉटलैंड की मेजबानी करेगी, जबकि क्रोएशिया का सामना पोलैंड से होगा।



# सिमरन 100 मीटर फाइनल में अंतिम स्थान पर रहीं

**एजेंसी। पेरिस**

भारतीय पैरा एथलीट सिमरन शर्मा और अशोक पोडियम पर अपनी जगह पक्की करने में विफल रहे और पेरिस पैरालिंपिक में उनका अभियान निराशाजनक तरीके से समाप्त हुआ। सिमरन ने बिना किसी परेशानी के महिलाओं की 100 मीटर टी12 स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। लेकिन वह 12.31 सेकंड के समय के साथ चार फाइनलिस्टों में से अंतिम स्थान पर रहीं। क्यूबा की ओमारा डूरंड एलियास, जो विश्व रिकॉर्ड धारक हैं, ने 11.81 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। यूक्रेन की ओक्साना बोटुर्चुक 12.17 सेकंड के समय के साथ एलियास से पीछे रहीं। जर्मनी की कैटरीन म्यूलर-रोटगार्ड ने 12.26 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता। इस बीच, पावरलिफ्टर अशोक, जो पुरुषों के 65 किग्रा फाइनल में भी पदक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, ने अपना अभियान छठे स्थान पर समाप्त किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 196 किग्रा वजन सफलतापूर्वक उठाकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। उन्होंने अपनी गति को बनाए रखते हुए 199 किग्रा वजन उठाया और पदक की उम्मीद जगाई। लेकिन तीसरे प्रयास में, उन्होंने तीसरे और अंतिम राउंड में 206 किग्रा उठाने की कोशिश की, लेकिन यह उनके लिए बहुत ज्यादा साबित हुआ और उन्होंने एक अमान्य प्रयास दर्ज किया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास दूसरे राउंड में 199 किग्रा रहा। चीन के यी जू ने 215 किग्रा का सफल भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। ग्रेट ब्रिटेन के मार्क स्वान ने 213 किग्रा का सफल भार उठाकर रजत पदक जीता। एलेगिरा के होसीन बेटिर ने 209 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक जीता। सिमरन और अशोक की कमी से पहले, भारत ने मिश्रित टीम रिकर्व ओपन में स्लोवेनिया के जीवा लावरिंक और देजान फैबिक के खिलाफ कांस्य पदक के मुकाबले में पैरा-तीरंदाजी जोड़ी हरविंदर सिंह और पूजा के हारने के बाद एक और पदक की उम्मीद खो दी। पैरालिंपिक में भारत के रिकॉर्ड-तोड़ पदक तालिका में एक और पदक जोड़ने में दोनों की असमर्थता के बावजूद, यह भारतीय पैरा-तीरंदाजों का एक ऐतिहासिक प्रदर्शन था। पैरालिंपिक के इतिहास में यह पहली बार था कि भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम ने इस मार्की इवेंट में दो पदक एक स्वर्ण और एक कांस्य जीते।

### अशोक ने भी किया निराश

# प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद टी64 में एशियाई रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण



**पेरिस।** भारत के प्रवीण कुमार ने यहां चल रहे पैरालंपिक खेलों में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 में शुक्रवार को 2.08 मीटर के एशियाई रिकॉर्ड प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की झोली में छठा स्वर्ण डालकर कुल पदक संख्या 26 पहुंचा दी, जिसमें नौ रजत और 11 कांस्य पदक शामिल हैं। तीन साल पहले टोक्यो में अपने पैरालंपिक डेब्यू में रजत पदक जीतने वाले प्रवीण ने न केवल लगातार दूसरा पदक जीता, बल्कि इस दौरान एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। यूएसए के डेरेक लोकिडेंट और उज्बेकिस्तान के टेमुरबेक जियाजोव ने क्रमशः 2.06 मीटर (पैरालंपिक रिकॉर्ड) और 2.03 मीटर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ) के प्रयासों के साथ कांस्य पदक जीता। प्रवीण ने क्रमशः 1.80 मीटर और 1.85 मीटर के पिछले प्रयासों को छोड़ने के बाद 1.89 मीटर के प्रयास के साथ फाइनल में अपना अभियान शुरू किया। भारतीय पैरा-एथलीट ने 2.08 मीटर तक अपने सभी प्रयासों को एक ही बार में पूरा कर लिया लेकिन तीन प्रयासों में 2.10 मीटर को पार करने में विफल रहा। हालाँकि, इससे उनके पदक के रंग में कोई बाधा नहीं आई क्योंकि वह शीर्ष पर रहे। उत्तर प्रदेश के गोविंदगढ़ (नोएडा) में जन्मे प्रवीण ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की, विशेष रूप से टोक्यो 2020 पैतालंपिक में पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के पैरा-एथलीट बन गए। वहां, उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी64 श्रेणी में 2.07 मीटर की प्रभावशाली छलांग के साथ रजत पदक हासिल किया, जो भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। प्रवीण का पैरा-एथलीट बनने का सफर चुनौतियों से भरा था। छोटे पैर के साथ जन्मे, वह शुरू में अपने साथियों की तुलना में हीनता की भावना से जूझते रहे।

# अपना सर्वश्रेष्ठ दें क्योंकि हर जीत मायने रखती है : यशस्वी जायसवाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के युवा बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का मानना है कि टीम अगले कुछ महीनों में जो दस टेस्ट मैच खेलेगी उनमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए हर जीत बहुत मायने रखती है। जायसवाल ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट डेब्यू में शानदार 171 रन बनाए थे और इस साल इंग्लैंड पर भारत की 4-1 की जीत में उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था, जिसमें विशाखापत्तनम और राजकोट में लगातार दो दोहरे शतक शामिल थे। वह सुनील गावस्कर के बाद द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला में 700 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए।

जायसवाल ने जियोसिनेमा से कहा, ह्वविश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कारण हर मैच महत्वपूर्ण है। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ दें क्योंकि हर जीत मायने रखती है। भारत के लिए खेलने का कोई भी अवसर अविश्वसनीय है, और देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है।

भारत अपने घरेलू सत्र की शुरूआत बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में दो मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगा। बांग्लादेश रावलपिंडी में पाकिस्तान पर 2-0 से ऐतिहासिक श्रृंखला जीत हासिल करने की लय को बरकरार रखने के इरादे से उतरेगा। जायसवाल ने कहा, ₹मुझे लगता है कि वे अच्छा खेल रहे हैं। उनके साथ मुकाबला करना मजेदार होगा, बिना किसी परवाह के टेस्ट मैच खेलना मजेदार है। मैं वास्तव में इसके लिए उत्सुक हूं।" गुरुवार को, जायसवाल ने बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैच में भारत बी के कुल 321 में से 30 रन बनाए। उन चीजों के बारे में पूछे जाने पर, जिनसे उन्हें घरेलू से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सहज बदलाव करने में मदद मिली।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# घर में बनी शाकाहारी और मांसाहारी थाली अगस्त माह में हुई सस्ती

### शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमत में 8 और 12 प्रतिशत की कमी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

टमाटर और चिकन की कीमतें कम होने के कारण घर में बनी शाकाहारी और मांसाहारी थाली के दाम अगस्त में कम हो गए हैं। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। रिसर्च फर्म क्रिसिल की ओर से खाने की थाली की लागत को लेकर हर महीने जारी की जाने वाली रिपोर्ट में कहा गया कि सालाना आधार पर अगस्त में शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमत में क्रमशः 8 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है। टमाटर जिसकी शाकाहारी थाली में हिस्सेदारी 14 प्रतिशत की है। अगस्त में इसकी कीमत में सालाना आधार पर 51 प्रतिशत की कमी आई है। अगस्त 2023 में टमाटर की कीमत 102 रुपये प्रति किलो थी, जो कि अगस्त 2024 में कम होकर 50 रुपये प्रति किलो रह गई है। टमाटर की कीमत में कमी आने की वजह दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों से नई फसल का आना है। अगस्त में तीन मुख्य सब्जियों की कीमत में अलग-अलग ट्रेंड देखने को मिला है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स में निदेशक (रिसर्च) पुशन शर्मा ने कहा, अगस्त में सालाना आधार पर प्याज की कीमत में 15 रुपये प्रति किलो या 51 प्रतिशत और आलू की कीमत में 13 रुपये प्रति किलो या 53 प्रतिशत की बढ़त हुई है। इसकी वजह नई फसल का बाजार में कम पहुंचना है। रिपोर्ट में बताया गया कि थाली की कीमत में कमी आने की वजह एलपीजी का 27 प्रतिशत सस्ता होना भी है। देश की राजधानी दिल्ली में 14.2 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत मार्च 2024 से 803 रुपये है, जो कि अगस्त 2023 में 1,103 रुपये थी। रिपोर्ट में कहा गया, मांसाहारी थाली की कीमत में कमी की बड़ी वजह चिकन की कीमतों में कमी आना है। अगस्त में श्रावण मास होने के कारण मांसाहार की खपत कम हो जाती है। शर्मा ने आगे कहा कि गुजरात, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में लेट ब्लाइट संक्रमण के कारण सालाना आधार पर कम उत्पादन के चलते आलू की कीमतें स्थिर रहने की संभावना है।

### टमाटर, चिकन व एलपीजी की कीमत में कमी आने से लोगों को मिली राहत

# अगस्त में 40 लाख से ज्यादा डीमैट खाते खुले

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार की तरफ लोगों का रुझान बढ़ने के कारण देश में डीमैट खातों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। अगस्त में देश में 40 लाख से ज्यादा नए डीमैट अकाउंट खुले हैं, जिसके कारण कुल डीमैट खातों की संख्या 17 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) में 31 अगस्त तक कुल डीमैट खातों की संख्या 17.1 करोड़ थी। 2024 की शुरूआत से अब तक हर महीने करीब 40 लाख नए डीमैट अकाउंट खुल रहे हैं। चालू वर्ष के शुरूआती आठ महीनों में करीब 3.2 करोड़ डीमैट अकाउंट खुल चुके हैं। बड़ी संख्या में डीमैट अकाउंट खुलने की वजह इस कैलेंडर वर्ष में नए आईपीओ का आना भी है। करीब 50 से अधिक कंपनियां 2024 की शुरूआत से 31 अगस्त तक आईपीओ के जरिए 53,419 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से की गई स्टडी में कहा गया था कि बड़ी संख्या में निवेशक केवल आईपीओ में हिस्सा लेने के लिए डीमैट खाते खोल रहे हैं। स्टडी में बताया गया था कि अप्रैल 2021 से लेकर दिसंबर 2023 तक आईपीओ के आवेदन के लिए उपयोग किए गए डीमैट में से करीब आधे महामारी के बाद खोले गए हैं। 2024 में शेयर बाजार ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। इस साल की शुरूआत से लेकर अब तक निफ्टी करीब 15 प्रतिशत और बीते एक साल में 27 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है।

# भारत अब विश्व का दूसरा सबसे बड़ा 5जी मोबाइल बाजार, अमेरिका को पीछे छोड़ा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी स्मार्टफोन का बाजार बन गया है, जबकि चीन अब भी पहले स्थान पर कायम है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 5जी स्मार्टफोन की शिपमेंट में यह उपलब्धि अमेरिका को पीछे छोड़कर हासिल किया है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक चीन के पास 5जी स्मार्टफोन बाजार का 32 हिस्सा है, जबकि भारत का हिस्सा अब 13 फीसदी है। वहीं, अमेरिका अब 10 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर आ गया है। हालांकि 5जी हैंडसेट शिपमेंट में एप्पल सबसे आगे रही, जिसकी हिस्सेदारी 25 फीसदी से अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने पहली बार अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी हैंडसेट का बाजार बन गया है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार 2024 की पहली छमाही में वैश्विक 5जी हैंडसेट शिपमेंट में 20 फीसदी (साल-दर-साल) की वृद्धि दर्ज हुई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर 5जी स्मार्टफोन बाजार की स्थिति का अंदाजा इस तरह लगाया जा सकता है। इसमें एप्पल वैश्विक 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट में 25 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है, जिसमें आईफोन-15 और आईफोन-14 सीरीज की बड़ी हिस्सेदारी है। सैमसंग 21 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर है, जिसमें गैलेक्सी-अ और र-4 सीरीज की अहम भूमिका रही है। श्याओमी ने भारत में ट्रिपल-डिजिट वृद्धि दर्ज की है, जबकि मध्य पूर्व, अफ्रीका, यूरोप और चीन में भी इसे अच्छी वृद्धि मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक श्याओमी और वीवो जैसी कंपनियों के लिए भारत सबसे बड़ा विकास चालक बनकर उभरा है। वीवो के लिए भी भारत, चीन और अन्य एशियाई देशों के साथ प्रमुख ग्रोथ एरिया रहा है। भारत में 5जी स्मार्टफोन की बढ़ती मांग इसे ग्लोबल लेवल पर एक अहम बाजार बना रही है।

# शेयर बाजार हुआ धड़ाम, सेंसेक्स 1,017 अंक फिसला

### कंपनियों का मार्केट कैप 5.3 लाख करोड़ रुपये कम हुआ

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को बड़ी गिरावट हुई। बाजार में मंदी की वजह अमेरिका में शुक्रवार रात आने वाली यूएस जॉब रिपोर्ट को माना जा रहा है। इस डेटा को ब्याज दर कटौती के लिए अहम आधार माना जाता है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,017 अंक या 1.24 प्रतिशत गिरकर 81,183 और निफ्टी 292 अंक या 1.17 प्रतिशत गिरकर 24,852 पर था। भारी गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 5.3 लाख करोड़ रुपये कम होकर 460.04 लाख करोड़ रुपये रह गया है। सेंसेक्स पैक में एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, एचसीएल टेक, रिलायंस, टाटा मोटर्स, आईटीसी, एक्सिस बैंक, इंफोसिस, एलएंडटी, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट और विप्रो टॉप लूजर्स थे। बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचयूएल टॉप गेनर्स थे। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 946 अंक या 1.59 प्रतिशत गिरकर 58,501 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 244 अंक या 1.25 प्रतिशत फिसलकर 19,275 पर बंद हुआ। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि उच्च स्तरों से बाजार में गिरावट देखने को मिली है। इसकी बड़ी वजह अमेरिका में शुक्रवार की रात आने वाले यूएस जॉब डेटा है। अगर यह कमजोर आता है तो विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मंदी की संभावनाएं बढ़ जाएगी।

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने की तीज व्रत

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए तीज का निर्जला व्रत किया। इस व्रत की कथा सभी मंदिरों सहित प्रमुख स्थानों पर किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र के जवाहिर गली में पंडित ब्रजकिशोर पांडेय, आईटीआई के पीछे अरबिंद पांडेय, महावीर मंदिर में गोपाल पाठक ने पूजा कराया। इस अवसर पर ब्रजकिशोर पांडेय ने कहा कि महिलाओं के लिये तीज सुहाग पर्व है। जिसमें शिव-पार्वती की पूजा होती है। पार्वती 12 वर्षो तक अखण्ड तपस्या कर शिव जी को पति के रूप में प्राप्त किया था। इसलिए यह व्रत सुहाग पर्व है। यह भाद्र शुक्ल पक्ष तीज तिथि को ही मनाया जाता है। मौके पर सुनीता ओझा, सीमा ओझा, रीमा ओझा, कुमुद गुप्ता, डिम्पल कुमारी, सुनीता कश्यप, सीमा कश्यप, नगीना कश्यप, रामकुमारी देवी, मंजू देवी, ममता कुमारी, शुरूति कुमारी, पूनम अग्रवाल, सोनाली, संजु देवी, अंशु देवी, अगिमा ओझा, रूपांजली देवी, संगीता देवी, मोहिनी आनन्द, पूनम देवी, सुनीता देवी, रिंकी कुमारी, प्रीति कुमारी, शिवकल्यानी कुमारी, सोनम कुमारी, लभली कुमारी, संध्या देवी, कस्तूरी कश्यप सहित नये शादी युक्त मीनाक्षी कश्यप व लक्की कुमारी सहित सभी सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका (तीज) का व्रत किया। सभी व्रतधारी महिलाएं 24 घंटों बाद शनिवार को अपना व्रत तोड़कर अन्न जल ग्रहण करेंगी।



## महिलाओं ने अखंड सुहाग के लिए रखा निर्जला व्रत

**सतबरवा।** प्रखंड व आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को हरतालिका तीज का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। हरतालिका तीज के दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए 24 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं। इस दिन शंकर भगवान बाबा भोलेनाथ और माता पार्वती की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। हरतालिका तीज को तीजा भी कहा जाता है। यह व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्यवती के लिए रखती हैं। मौके पर शकुंतला देवी, रूबी देवी रिंकी देवी, प्रीति गोस्वमी खुशबू देवी ने ब्राह्मणों को बास से बना पात्र में सोलह श्रृंगार दान की।



## पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं की हरतालिका तीज

**पांकी।** प्रखंड में सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए शुक्रवार को हरतालिका तीज का व्रत रखी। हरतालिका तीज हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मनाया जाता है। यह पर्व शिव-शक्ति को समर्पित है। इस शुभ तिथि पर भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त हरतालिका तीज का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को विवाहित महिलाएं रखती हैं। वर्तमान समय में अविवाहित लड़कियां भी शीघ्र विवाह के लिए हरतालिका तीज का व्रत रखती हैं। धार्मिक मत है कि हरतालिका तीज के दिन शिव परिवार की पूजा करने से व्रती की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसके अलावा, घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है। ज्योतिषियों की मानें तो दशकों बाद हरतालिका तीज पर एक साथ कई अद्भुत संयोग बन रहे हैं। इन योग में शिव परिवार की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी।



## छात्रों को औद्योगिक भ्रमण कराया गया

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय द्वारा संचालित वनांचल कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। फार्मेसी के छात्रों ने लेबोरेटरी नैनी प्रयागराज उत्तरप्रदेश में दवाइयों के बनाने की विधि, रख रखाव और क्वालिटी कंट्रोल से संबधित विभाग की जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य फार्मेसी के छात्रों को औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित जानकारी देना, सोशल मैनेजमेंट करना और दवाइयों के लिए उपयोगी पौधों को पहचानने की जानकारी दी गयी।

## दो पशु तस्कर गिरफ्तार

**हुसैनाबाद।** देवरी ओपी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्तों को झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 एवं 11 पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों में 30 वर्षीय अलाउद्दीन कुरैशी पिता नसरुद्दीन कुरैशी और 18 वर्षीय साजिद कुरैशी पिता गुलबहार कुरैशी बताया गया है। दोनों अभियुक्त हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चिकटोली मुहल्ला, जपला के निवासी हैं।

# श्री श्याम सेवा ट्रस्ट ने 250 छात्राओं को दिए बैग, छाता जूता व कॉपियां



### श्री शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला में 5 सितंबर 2024 को श्री श्याम मंडल के 57वें वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन श्री श्याम सेवा ट्रस्ट ने लगभग 250 छात्राओं को स्कूल बैग, छाता, जूता और कॉपियां दी। कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गायत्री कुमारी ने श्री श्याम मंडल के संरक्षक ओम प्रकाश जोशी, अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं उपस्थित सभी लोगों का अभिनंदन किया। छात्राओं ने स्वागत गान गाया एवं सबों को अभिनंदन कार्ड दिया। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव वेद प्रकाश बागला ने विद्यालय की विशेषता एवं परिचय बताया और श्री श्याम मंडल के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं मंत्री ने अपने संबोधन में छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्राओं से प्रश्न पूछे और उन्हें पुरस्कृत भी किया। इनके एवं विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा सभी शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अनीता प्रेमलता बघेल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विजय सरायका ने किया। श्री श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा विद्यालय के सचिव, सहसचिव, शिक्षा मार्गदर्शक प्रभाकर अग्रवाल, शरद मोदी एवं आलोक तुलस्यान को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्योति पोद्दार की भूमिका महत्वपूर्ण रही। श्री श्याम मंडल के मनोज सिंघानिया, विवेक, अनुराग पोद्दार, विनय जोशी, शशि बागला, पोद्दार, मंजू लोहिया, उषा सर्राफ समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इन्हें विद्यालय की ओर से मोमेंटो एवं स्मारिका देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, मीणा ओझा, रानी शांता कुमारी, पिंकी रानी, शुभम कुमारी, मीरा कुमारी, सुनीता ओझा, सीमा सिंह, ममता शर्मा, कामिनी कुमारी आदि ने कार्यक्रम को पूर्ण करने में अपना-अपना सहयोग दिया। समारोह राष्ट्र गान के साथ पूर्ण हुआ।

# एक दिन की प्राचार्या बनीं राजश्री उप प्राचार्य बने रवि राज

नवीन मेल संवाददाता। भूली (धनबाद)

सरस्वती विद्या मंदिर भूली में शुक्रवार को शैक्षिक सहित सभी व्यवस्थाओं की कमान छात्र-छात्राओं ने संभाली। विद्यार्थियों में व्यक्तित्व एवं नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए इस अभिनव प्रयोग में विद्यालय की कक्षा द्वादश की छात्रा राजश्री वर्मा एक दिन के लिए प्राचार्या बनीं, वहीं रवि राज गुप्ता उपप्राचार्य बने। कक्षा एकादश एवं द्वादश के अन्य विद्यार्थियों ने कक्षाएं लीं एवं अन्य व्यवस्थाओं को संभाला। सभी छात्र पूरी तन्मयता से अपने कार्य में लगे रहे। विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों के व्यक्तित्व एवं नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए अयोजित किया गया था। प्राचार्या बनी छात्रा राजश्री वर्मा ने बताया कि एक प्राचार्य का दायित्व कितना महत्वपूर्ण होता है, यह मुझे आज समझ में आया। आज मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला, जो मेरे आगे के जीवन एवं मेरे करियर में बहुत काम आएगा। कार्यक्रम का संयोजन शैक्षणिक प्रमुख सुबिमान दास ने किया। जिन छात्र-छात्राओं ने व्यवस्था की कमान संभालने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, उनमें शगुन, अंशु, श्रेया, अमन, सुमित, अंकित, अमनदीप, प्रिंस, रोशन, आशीष, सृष्टि, प्रियंका, नैंसी, रिचा, पूजा, नेहा, रिया, अक्षिता, आशु, श्वेता, खुशी, शैलजा, नंदिनी, स्नेहा, प्रिया, युवराज, तौसीफ, मुस्कान, सुमित आदि शामिल हैं।



# आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में 929 आवेदन पड़े, 115 निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** पंचायत के प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ नंदजी राम, सीओ आफताब आलम, उप प्रमुख पिंटू टोपनो, मुखिया बेबी, उप मुखिया समलेश राउत, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि, 15वें वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई श्रम पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। शिविर में 929आवेदन मिले एवं 115का निष्पादन किया गया। शिविर में अबुआ आवास योजना 548, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना 107, जाति प्रमाण पत्र 3, आय प्रमाण पत्र3, मईयां सम्मान योजना 48,पशु विकास योजना5, सर्वजन पेशन योजना 68, राशन कार्ड 29,श्रम विभाग 25, मनरेगा जॉब कार्ड 6 सहित कई विभाग के आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर कल्याण पदाधिकारी राजगीर राम, जेई विजय शंकर राय, बीटीएम राकेश कुमार, श्रम मित्र नंदू राम, कौशल कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार,अशोक कुमार, चंदन कुमार, पंकज कुमार, दयानन्द प्रजापति, मनोज बैठा सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## छात्रों को औद्योगिक भ्रमण कराया गया

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय द्वारा संचालित वनांचल कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। फार्मेसी के छात्रों ने लेबोरेटरी नैनी प्रयागराज उत्तरप्रदेश में दवाइयों के बनाने की विधि, रख रखाव और क्वालिटी कंट्रोल से संबधित विभाग की जानकारी प्राप्त की।

## हेमंत सरकार युवाओं को छलने का काम किया : अमित तिवारी

**नीलांबर पीतांबरपुर।** भाजपा मंडल नीलांबर पीतांबरपुर की कार्यसमिति की बैठक मंडल कार्यालय में आयोजित की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी,विधानसभा प्रभारी अशोक शर्मा,मंडल प्रभारी अजय तिवारी,जिला महामंत्री विजय ठाकुर,किसलय तिवारी सामूहिक रूप से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारता माता व दीनदयाल उपाध्याय की तस्वरी के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित उद्घाटन किया। बैठक में प्रत्येक बूथ अध्यक्ष शामिल हुए। अगामी कार्यक्रमों की चर्चा की गई। साथ ही 8 व 9 सितंबर को बूथ स्तर पर आयेजित बैठक भाग लेने का निर्देश दिया गया।

## समारोह पूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के लटपौरी पंचायत अंतर्गत माली स्थित न्यू ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। इसमें डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर का माल्यार्पण व उसके समक्ष केक काटकर खुशियां मनाई गई। शिक्षकों ने उनकी जीवनी, विचारधारा और उनके मार्गदर्शन के बारे में बच्चों को बताया गया। मौके पर नृत्य, भाषण तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार प्रजापति ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के मार्ग पर चलने तथा सदा गुरुओं का सम्मान करने की प्रेरणा दी। सुनील कुमार ने कहा कि एक शिक्षक शिष्यों को कभी भी गलत मार्ग पर चलने की अनुमति नहीं देता है। बल्कि अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। हमेशा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कामेश्वर सिंह ने कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति वही होता है।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में महिलाओं को मिले 21.5 लाख का चेक

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** केतार प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत सचिवालय प्रांगण शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया ललिता कुमारी, उप प्रमुख शम्भू सिंह, बीपीओ नीरज पाल, बीपीएम अरबिंद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। उक्त कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए संबंधित विभाग के लगे स्टॉल में आवेदन देने की अपील की। वहीं जेएसएलपीएस द्वारा महिलाओं को अपना रोजगार खोल कर आत्मनिर्भर बनने के लिए 8 महिला समूहों को 21.5 लाख रुपए ऋण चेक दिया गया। पांच बुर्जुगों को सर्वजन पेंशन योजना स्वीकृत कर आन द स्पॉट प्रमाण पत्र दिया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा उक्त कार्यक्रम में 6 महिलाओं का गोदभराई और एक बच्चा का अन्नप्राशन करवाया गया। बीडीओ विकास सिंह और उप अपर समाहर्ता शिलवंत भट्ट ने शिविर में लगे विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों का रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा की शिविर का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में सबसे ज्यादा अबुआ आवास के लिए 498 आवेदन, मनरेगा 8, राशन कार्ड 9, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना 51, पशुधन योजना 58, सर्वजन पेंशन 120,पीएम किसान 8 और फसल बीमा के लिए 17 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें इस 9 लोगों को आन द स्पॉट योजना का लाभ दिया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, छोटन सिंह, मनीष कुमार, रमेश राम, सीआई नागेंद्र पाठक, प्रकाश कुमार, जेई अमर भारती, छोटन कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर सिराज अंसारी, रघुनाथ पाल,दीपक कुमार, जयराथ अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### 816 आवेदन प्राप्त, 141 आवेदन का तत्काल निपटारा

खरौंधी करिवाडीह गांव में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीओ अंकित कुमार, मुखिया मनसा देवी, बीडीसी विकास कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दिया। विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें कुल 816 आवेदन प्राप्त हुए।

# मनरेगा वेंडर लाभुकों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा। (भवनाथपुर)** मनरेगा वेंडर द्वारा अधिकारियों को कमीशन देने के नाम पर योजना के लाभुकों से मोटी रकम की कटौती किये जाने के मामले में कारवाई नहीं होने से नाराज लाभुकों उपायुक्त को आवेदन सौंपकर कारवाई की गुहार लगाई है। इस संबंध में प्रखंड के मकरी पंचायत के कूप और गाय शेड निर्माण के लाभुकों ने उपायुक्त शेखर जमुआर को आवेदन सौंपकर मनरेगा वेंडर अंसारी ट्रेडर्स के संचालक द्वारा गलत तरीके से योजना की राशि की कटौती किए जाने का आरोप लगाया है। लाभुक बाला प्रसाद यादव,अनिता देवी,राम सरकार मिश्रा,संजय राम ने आवेदन में उल्लेख किया है कि वेंडर अंसारी ट्रेडर्स के संचालक अलियास अंसारी द्वारा लाभुकों को दुकान से किसी भी तरह का कोई भी सामग्री नहीं दिया जाता है। केवल लेटर पैड पर फर्जी तरीके से सामग्री के नाम दर्ज कर दिया जाता है। जबकि लाभुक बाला यादव के कूप निर्माण में वेंडर के खाता में 2 लाख 20 हजार पांच सौ रुपये आया था ,जिसके बाद वेंडर द्वारा एक माह तक पैसा के लिए घुमाया गया,जब इसकी कई लोगों से शिकायत करने के बाद मात्र एक लाख 89 हजार रुपये ही दिया गया,बाकि बचा हुआ 31 हजार 500 रुपये पदाधिकारियों के बतौर कमीशन देने के नाम पर हड़प लिया गया। इसी प्रकार से गाय शेड के लाभुक अनिता देवी पति रामेश्वर राम से 24 हजार,राम सरकार मिश्रा से 33 हजार, अजमेरी बीबी से 43 हजार 450 रुपये,संजय राम पिता कमता राम से 20 हजार रुपये कमीशन के रूप में हड़प लिया गया। जब भी हम सभी लाभुकों द्वारा बचे हुए राशि की मांग करते हैं तो वेंडर द्वारा बोला जाता है,आपलोग का कम पैसा काटा गया,अन्य लोगों से ज्यादा पैसे की कटौती किया गया है। दबाव बनाने पर कहा जाता है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा,क्योंकि हमें सरकार वेंडर पर मनोनीत किया है,सिर्फ कागज देते हैं और कमीशन लेकर बीडीओ सहित ऊपर तक पहुंचाने का काम करते हैं,जहां भी शिकायत करना है,जाकर कर सकते हो। लाभुकों ने आवेदन में जिक्र किया है कि हलांकि वेंडर पर कारवाई के लिए क्षेत्रीय विधायक सहित पदाधिकारियों से गुहार भी लगाई,लेकिन एक वर्ष बाद भी वेंडर के विरुद्ध कोई कारवाई नहीं की गई। लाभुकों ने वेंडर का लाइसेंस का रद्द कर किसी दूसरे व्यक्ति को देने की मांग की है,ताकि सुचारू तरीके से सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना संचालित हो सके।

## पेज एक का शेष

**एक ही परिवार...**

तब तक ग्रामीणों को मामले की जानकारी हो गई और पुलिस की मदद से एक बच्ची को सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जिन बच्चों की मौत हुई है उनमें पन्नालाल कोरवा 15 वर्ष पिता बंधु कोरवा, कंचन कुमारी 8 वर्ष पिता स्वर्गीय रामलाल कोरवा, दोनों चपकली के नवानगर निवासी हैं। बेबी कुमारी 9 वर्ष पिता सूरज देव कोरवा, परासपानी धुरकी थाना क्षेत्र के थी जो अपने नानी घर रह रही थी। घायल बच्ची राखी कुमारी पिता स्व. रामलाल कोरवा सदर अस्पताल में भर्ती है। मृत कंचन कुमारी के मां की भी मौत 20 दिन पूर्व स्कूल के छत से गिरने से हो गई थी। उसके पिता रामलाल कोरवा की मौत एक वर्ष पहले हो गई थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने...**

अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी नियुक्त कर दिया। अजय कुमार सिंह को हटाने में सुप्रीम कोर्ट के किसी दिशा-निर्देश का पालन नहीं किया गया। अब इस मामले को लेकर झारखंड सरकार को नोटिस जारी किया गया है।

**शहरी प्रधानमंत्री आवास...**

उन्होंने कहा कि प्रदर्शन में सुधार नहीं होने पर वित्त विभाग को सूचित किया जाएगा। नगरीय प्रशासन निदेशालय को बैंकों से समन्वय कर आवास मेला का आयोजन करने का भी निर्देश दिया गया। राज्य में दीनदयाल योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं पीएम स्वानिधि योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों एवं फुटपाथ विक्रेताओं को दिए जाने वाले लोन की भी समीक्षा की गई। सरकार के प्रधान सचिव ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंकों द्वारा 5,088 लाभार्थियों के स्वीकृत ऋण वितरित करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में विशेष रूप से नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक सत्येंद्र कुमार, जमशेदपुर अक्षेस, धनबाद नगर निगम, देवघर नगर निगम, मधुपुर नगर परिषद एवं सरायकेला नगर पंचायत के नगर प्रशासक सहित राज्य के सभी प्रमुख बैंकों के राज्य स्तरीय पदाधिकारी शामिल रहे।

**मुस्लिम संगठनों ने...**

लेकिन, आम आदमी पार्टी सांसद ने तुरंत इस आंकड़े को गलत बताते हुए कहा कि आप पूरे देश के लिए 132 का आंकड़ा बता रहे हैं, जबकि सिर्फ दिल्ली में ही एएसआई ने 172 वक्फ संपत्तियों पर कब्जा कर रखा है। इस मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच तीखी तकरार हुई। हालांकि, वक्फ बोर्ड के अधिकारों को लेकर जब एक अधिकारी ने अपनी बात कही तो, भाजपा के कई सांसदों ने भी उनका विरोध किया। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को हुई जेपीसी की बैठक में जकात फाउंडेशन ऑफ इंडिया और तेलंगाना वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधियों ने भी विस्तार से अपनी बात रखते हुए बिल का विरोध किया। मुस्लिम संगठनों ने वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिमों को शामिल करने, कलेक्टर को ज्यादा अधिकार देने, वक्फ बाई यूजर को हटाने, वक्फ को संपत्ति दान करने के लिए 5 साल का प्रैक्टिसिंग मुस्लिम होने की अनिवार्य शर्त जैसे कई प्रावधानों को पूरी तरह से गलत बताते हुए बिल की जरूरत और सरकार की मंशा पर भी सवाल उठाया।

### बीडीओ ने की दुकानदारों के साथ बैठक

# दैनिक बाजार क्षेत्र को स्वच्छ रखने की कवायद शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड प्रशासन ने स्थानीय दैनिक बाजार क्षेत्र को स्वच्छ रखने की कवायद शुरू की है। इसके तहत शुक्रवार को स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी की अध्यक्षता में दुकानदारों की बैठक हुई। जिसमें बाजार को गंदगी से निजात दिलाने के लिए साफ-सफाई पर चर्चा की गई। बीडीओ ने कूड़ा करकट की साफ सफाई के लिए वाहन उपलब्ध कराने की बात कही। दुकानदारों ने भारतीय स्टेट बैंक और विद्यालय के पास जलजमाव की समस्या के समाधान, हाईमास्ट लाइट को ठीक कराने, स्टेशन रोड से मछली बाजार को हटाने और बेतरतीब ढंग से ठेला लगाने से सड़क के अतिक्रमण की समस्या को दूर करने की मांग की। इस पर बीडीओ ने इन सभी मामले में पहल करने की बात कही। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, दुकानदार गंगा प्रसाद गुप्ता, पंकज कुमार,भरत मेहता, जितेंद्र मेहता, मुन्ना यादव, विजय कुमार पालो, चन्दन चौरसिया, त्रिदेव कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

# अंतिम पायदान पर खड़े लाभुक तक लाभ पहुंचाना शिविर का उद्देश्य : सीओ

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के कुराईनपतरा पंचायत में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह , बीएएचओ प्रमोद कुमार ,पंचायत के उप मुखिया अनुज कुमार, पंसस अंजना सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर अभियान की शुरूआत की। इसमें प्रखंड स्तर के विभागों के पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों वार्ड सदस्यो ने हिस्सा लिया।इस अवसर पर अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि इस विशेष अभियान का एक मात्र उद्देश्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने है। उन्होंने कहा इस अभियान के माध्यम से आपके अधिकारों को आपके घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। गांव में रह रहें लोगों को कई बार सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं की जानकारी नहीं होती है। इसलिए सरकार आपके द्वार तक पहुंच रही है।उन्होंने कहा कि सामान्यतःलोग अपने कार्य को लेकर प्रखंड कार्यालय या जिला पहुंचते है लेकिन आप लोगों को कहीं जाने की जरूरत नहीं,सभी पदाधिकारी पूरे कार्यालय के सेटअप के साथ आपके द्वार तक पहुंच रहें है। इस दौरान सोना-सोबरन योजना के तहत 40 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी व लुंगी, जेएसएलपीएस के तहत दीदीयों को 22 लाख रुपया का चेक, आई कार्ड एवं लखपति बहन सम्मान का प्रमाण पत्र,जल सहियाओं के बीच पोशाक का वितरण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, बाल विकास परियोजना, आपूर्ति विभाग,प्रज्ञा केंद्र, आधार केंद्र, कृषि विभाग, मनरेगा, जेएसएलपीएस, अबुआ आवास योजना, राजस्व विभाग, कल्याण विभाग सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य विभागों का स्टॉल लगा था। सभी स्टॉल पर संबंधित विभाग के कर्मी उपस्थित होकर लोगों का आवेदन प्राप्त करने के बाद उसका वेरिफिकेशन कर ऑनलाइन इंट्री करा रहे थे। मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम सत्य प्रिय तिवारी, सीआई रितेश रंजन तिवारी, हल्का कर्मचारी महेद्र राम, जनसेवक राजेश कुमार पाठक, एटीम प्रकाश रंजन, नागरिक सहायता केंद्र से शत्रुघ्न आजाद , सुजीत ठाकुर राजू सिंह सिसोदिया ओमप्रकाश प्रजापति , राजकिशोर, धनंजय ठाकुर सहित योजनाओं से संबंधित प्रखंड स्तरीय अधिकारी व कर्मी शिविर में उपस्थित थे।







## बांग्लादेश में ईश निंदा के आरोप में हिन्दू युवक को भीड़ ने अधमरा किया

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद हिन्दू समुदाय पर जुल्म-ओ-सितम का एक और दिल दहला देने वाला वाकया सामने आया है। देश के खुलना में पगलाई भीड़ ने ईश निंदा के आरोप में एक हिन्दू युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में मुल्क की अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में विफल है। भीड़ का शिकार बना 18 वर्षीय उत्शोब मंडल मेडिकल छात्र है। कथित तौर पर उसने फेसबुक पर पैगंबर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। यह घटना बुधवार रात करीब 11:45 बजे की है। इसके बाद मस्जिद के लाउडस्पीकर से उसकी मौत की घोषणा की गई। कुछ छात्र उसे पकड़ कर सोनाडांगा में पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) के कार्यालय ले गए।

## आंध्र-तेलंगाना में बाढ़ से नुकसान के आकलन को अंतर-मंत्रालयी टीम गठित

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) गठित की है। आईएमसीटी जल्द ही आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेगी। गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव संजीव जिंदल ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बाढ़ प्रभावित आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को राहत एवं बचाव कार्यों में सभी अपेक्षित और समय पर सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर विजयवाड़ा में बाढ़ प्रबंधन, जलाशय प्रबंधन, बांध सुरक्षा के मुद्दों तथा बाढ़ से तत्काल राहत के लिए सिफारिशें के लिए विशेषज्ञों की केंद्रीय टीम तैनात की गई है।

## युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी शिक्षकों की : पीएम

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से की मुलाकात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण सेवा प्रदान कर रहे हैं और आज के युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी उनके हाथों में है। वह शुक्रवार को सात, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 से सम्मानित शिक्षकों से बातचीत कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव पर चर्चा की और अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षक छात्रों को विभिन्न भाषाओं में स्थानीय लोककथाएं सिखा सकते हैं, ताकि छात्र कई भाषाएं सीख सकें और भारत की जीवंत संस्कृति से भी परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को भारत की विविधता को जानने के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर ले जा सकते हैं, जिससे उन्हें सीखने में मदद मिलेगी और उन्हें अपने देश के बारे में समग्र रूप से जानने में भी मदद मिलेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि पुरस्कार विजेता शिक्षकों को सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ना चाहिए और अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना चाहिए ताकि हर कोई ऐसी प्रथाओं से सीख सके, उन्हें अपना सके और उनसे लाभ उठा सके। इस दौरान पुरस्कार विजेताओं ने प्रधानमंत्री के साथ अपने शिक्षण अनुभव साझा किए। उन्होंने सीखने को और अधिक रोचक बनाने के लिए अपने द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली दिलचस्प तकनीकों के बारे में भी बात की। शिक्षकों ने अपने नियमित शिक्षण कार्य के साथ-साथ उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के उदाहरण भी साझा किए। वहीं प्रधानमंत्री ने शिक्षकों के साथ बातचीत करते हुए शिक्षण के प्रति शिक्षकों के समर्पण और पिछले कुछ वर्षों में उनके द्वारा दिखाए गए उल्लेखनीय उत्साह की सराहना की।



## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** बायोमेडिकल इंजीनियर दरअसल बायोमेडिकल इंजीनियर अस्पतालों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग के लिए या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की देखरेख करने व मानव शरीर का अध्यन करके उन पर रिसर्च करने का काम करते है।

## बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में बना सकते हैं करियर



### बायोमेडिकल इंजीनियर

**बायोमेडिकल इंजीनियर क्यों बना जाए या इसके लिए कोर्सेज़ क्यों किये जाए इसके बारे में निम्नलिखित बिंदुओं को पढ़कर आप जानकारी प्राप्त कर सकते हैं-**

- चिकित्सा क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जो भविष्य में कभी आपको निराश नहीं होने देगा।
- यदि आप चाहते है किसी ऐसे क्षेत्र में रोजगार पाना जहां आपको बेहतर अवसर प्रदान हो सके और आपके पास आपकी ग्रोथ क लिए बेहतर विकल्प हो, तो यह
- आपको इस कोर्स में सीखने को मिल सकता है। बायोमेडिकल इंजीनियर कोर्स आपकी स्किल्स का विस्तार करता है इत्यादि।

### भीरतीय संस्थान

- बीवीडीयू पुणे
- वीआईटी वेल्लोर
- कारुण्य इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज कोयंबटूर
- एनआईटी रोउरकेला
- एसआरएम इंजीनियरिंग कॉलेज कांचीपुरम
- एमआईटी उडुपी
- सत्यभामा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज, चेन्नई
- जेएनटीयू हैदराबाद
- एनआईटी रायपुर
- थापर इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पटियाला

### बायोमेडिकल इंजीनियर का काम

**बायोमेडिकल इंजीनियर की जिम्मेदारियां निम्नलिखित है जिसके बारे में जानकर आप बायोमेडिकल इंजीनियर क्षेत्र के बारे में गहनता से जान सकते हैं-**

- अस्पतालों में बीमारियों को डाइनोसिस करने के लिए अनेकों प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग किया जाता है, इन उपकरणों का प्रयोग करने का काम बायोमेडिकल इंजीनियर करते हैं।
- चिकित्सा में उपयोग होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का मानव शरीर पर कोई दुष्प्रभाव न हो इस बात का विशेष ध्यान रखना पड़ता है, यह काम भी बायोमेडिकल इंजीनियर ही करते हैं।
- रिसर्च के माध्यम से मेडिकल जगत को तकनीक का लाभ पहुंचना होता है, यह काम भी बायोमेडिकल इंजीनियर ही करते हैं।
- रोगियों के लिए हेल्पिंग हैंड का काम करना पड़ता है, यह काम भी बायोमेडिकल इंजीनियर ही करते हैं।
- क्लिनिक मैनेजमेंट का काम भी बायोमेडिकल इंजीनियर ही करते हैं।

### विदेशी संस्थान

- डार्ट माउथ कॉलेज
- फ्लाइंडर्स यूनिवर्सिटी
- ट्रॉय यूनिवर्सिटी
- द यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न
- द यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स
- ब्राउन यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ एबेरडीन
- टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ अल्बर्टा
- यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया
- कॉर्नेल यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ मैने
- वेस्टर्न यूनिवर्सिटी
- किंग्सटन यूनिवर्सिटी लंदन
- न्यूकैसल यूनिवर्सिटी


